@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

बुधवार 02 जुलाई 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 संपादक- गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 232 qaumipatrikahindi 011-41509689,23315814,9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रूपये ( हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला: सुप्रीम कोर्ट में पहली दफा एससी-एसटी आरक्षण नीति लागू

* कर्मचारियों को पदोन्नति और सीधी भर्ती में मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए कर्मचारियों की सीधी भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण की औपचारिक नीति लागू की जाती है। यह नीति 23 जून 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक प्रशासन में सामाजिक समावेश की दिशा में इस फैसले को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सामाजिक न्याय और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए अपने गैर-न्यायिक पदों पर प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण नीति लागू कर दी है। अभी तक के इतिहास में यह पहली दफा है जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने यहां ऐसी नीति को अपनाया है, जो अब तक कई हाईकोर्ट और अन्य सरकारी संस्थानों में लागू थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह आरक्षण नीति 23 जून से प्रभावी मानी जाएगी। 24 जून, 2025 को सभी कर्मचारियों को जारी सर्कुलर में सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 23 जून 2025 से यह नीति प्रभाव में आ गई है। इसके तहत 15 फीसदी पद एससी वर्ग के लिए आरक्षित होंगे। इसी प्रकार 7.5 फीसदी पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित होंगे। यह आरक्षण सिर्फ प्रशासनिक और सहायक पदों पर लागू होगा, जजों की नियुक्तियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट के जिन पदों पर यह आरक्षण नीति लागू होगी उनमें रजिस्ट्रार का पद से लेकर सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, जूनियर कोर्ट अटेंडेंट और चेंबर अटेंडेंट के साथ ही जूनियर प्रोग्रामर सहित अन्य तकनीकी व सहायक पद शामिल किए गए हैं।

सीजेआई गवई की अगुवाई में हुआ ऐतिहासिक फैसला

सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जस्टिस गवई ने इस ऐतिहासिक कदम को अंतिम रूप देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, कि अगर अन्य सरकारी संस्थानों और हाईकोर्ट में यह आरक्षण नीति पहले से लागू है, तो सुप्रीम कोर्ट इससे अछूता क्यों रहे? जब हमारे फैसले वर्षों से सामाजिक न्याय और आरक्षण का समर्थन करते आ रहे हैं, तो अब समय है कि हम अपनी प्रशासनिक व्यवस्था में भी इसे लागू करें।

### आरक्षण रोस्टर सुपनेट पोर्टल पर अपलोड

सर्कुलर के अनुसार, मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक डिजिटल पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, ताकि सभी कर्मचारी इसे देख सकें और पारदर्शिता बनी रहे। कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि यदि किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई दे, तो वे तत्काल रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचित करें।



## भाजपा ने 4 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष को चुना

-हेमंत खंडेलवाल मप्र भाजपा के नए अध्यक्ष

-राजीव बिंदल हिमाचल, महेंद्र भट्ट को उत्तराखंड की कमान, तेलंगाना में विरोध के बाद भी रामचंद्र राव प्रदेशाध्यक्ष बने



नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)। भाजपा ने मंगलवार को 9 राज्यों में से 4 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष को चुन लिया है। इसके अलावा, मप्र में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है। महाराष्ट्र में रवींद्र चाव्हाण के नाम का ऐलान होना बाकी है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50 प्रतिशत राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से अब तक 14 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। मंगलवार को 19 राज्यों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जुलाई में चुने जा सकते हैं।

## देश में कहीं पर भी दर्ज हो एफआईआर, 3 साल में मिलकर रहेगा न्याय...

### नए अपराधिक कानूनों पर बोले अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आने वाले दिनों में आपराधिक न्याय प्रणाली को बदल देंगे। आज इन तीन नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि इस प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन में अधिकतम तीन वर्ष लगेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी समस्या न्याय प्राप्त करने के लिए समयसीमा का अभाव है।

शाह ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बाद देश के किसी भी कोने में एफआईआर दर्ज करें, आपको 3 साल के भीतर न्याय मिलेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा। बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली। नए कानून 1 जुलाई, 2024 को लागू हुए। गृह मंत्री ने तीनों कानूनों को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा सुधार करार दिया और कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अपराधी अपराध करने के बाद सजा से बच नहीं पाएगा।




उन्होंने कहा कि न्याय निश्चित रूप से तय समय के भीतर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'नरेंद्र मोदी सरकार, आपकी चुनी हुई सरकार ने आपके लिए कानून बनाए हैं और यह आपके सभी अधिकारों की रक्षा करेगी।' 1 जुलाई, 2024 से, सभी नई एफआईआर बीएनएस के तहत दर्ज की गईं। हालांकि, पहले दर्ज किए गए मामलों को उनके अंतिम निपटारे तक पुराने कानूनों के तहत ही चलाया जाता रहा। नए कानून आधुनिक न्याय प्रणाली लेकर आए, जिसमें जीरो एफआईआर, ऑनलाइन पंजीकरण जैसे प्रावधान शामिल हैं।

## दलाई लामा 90वां जन्मदिन: तिब्बत नहीं भारत से होंगे नए दलाई लामा? चीन की बढ़ी टेंशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दूसरे देशों की जमीन पर चीन के कब्जा करने की आदत से पूरी दुनिया परेशान है। जब मन किया मैप निकाला और दुनिया के माथे पर थोंप दिया। ये चीन की फितरत है। वो ऐसे हथकंडे अपनाकर बस पड़ोसियों की बेचैनी बढ़ाता है। ऐसे में भारत समेत बाकी देशों को भी एग्रेसिव होकर चीन को इसका जवाब देना चाहिए। केवल जवाब ही नहीं बल्कि पहले से ही ऐसी जमीन तैयार करनी चाहिए जिसमें चीन घिर जाए। इसके लिए तिब्बत से बेहतर और कोई उपाय हो नहीं सकता। तिब्बत के जरिए चीन की दवाई करने का मन तो अब खुद तिब्बत ने बना लिया है। इंतजार तो बस ऐलान का है। वो ऐलान जिसमें अगले दलाई लामा का जिक्र हो। ये इंतजार ड्रैगन के माथे पर शिकन लाने के लिए काफी है। चीन को डर है कि तिब्बत के अगले दलाई लामा के नाम का ऐलान जल्द हो सकता है। इससे भी बड़ा डर ये है कि कहीं इस नाम की घोषणा बिना चीन की मर्जी से भारत से न हो जाए। जिसे लेकर चीन कई बार चेतावनी दे चुका है। दलाई लामा स्पष्ट कह चुके हैं कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा।

## आरसीबी ही जिम्मेदार, पुलिस नहीं है भगवान

- बेंगलुरु भगदड़ पर आ गई ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट
- कहा-पुलिस के पास अलादीन का चिराग नहीं

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ केस में ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को ज़िम्मेदार ठहराया गया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें एक 14 वर्षीय बच्ची भी शामिल थी। आदेश में साफ तौर पर कहा गया कि आरसीबी ने पुलिस से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली थी। अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, उनके पास अलादीन का चिराग थोड़े है। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आरसीबी ने सोशल मीडिया पर बिना पुलिस की अनुमति के विजय जुलूस का आमंत्रण पोस्ट कर दिया, जिससे भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस के पास सुरक्षा इंतजाम के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा। आदेश में साफ तौर पर लिखा गया,आरसीबी ने पुलिस से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और इसके चलते भीड़ जमा हो गई। महज 12 घंटे में पुलिस से पूरी व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती। ट्रिब्यूनल ने यह भी कहा, पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, न तो भगवान और न ही जादूगर। उनके पास अलादीन का चिराग नहीं है, जिससे वे एक झटके में सारी व्यवस्थाएं कर दें। इसी मामले में निलंबित किए गए आईपीएस अधिकारी विकास कुमार को बड़ी राहत मिली है। ट्रिब्यूनल ने उनके निलंबन को रद्द करते हुए कहा कि उनकी निलंबन अवधि को सेवा का हिस्सा माना जाए। विकास कुमार उस वक्त बेंगलुरु के वेस्ट जोन के एडीशनल कमिश्नर और चिन्नास्वामी स्टेडियम के प्रभारी थे। ट्रिब्यूनल ने कर्नाटक सरकार को एक सुझाव भी दिया है।



## गोली और बम रोकने से रहे, आतंकियों से डरते नहीं

- अमरनाथ तीर्थयात्रियों का दम चुन लिया पहलगाम मार्ग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भयावह आतंकवादी हमले का असर इस साल अमरनाथ यात्रा पर पड़ने की आशंका थी। हालांकि, इसे दरकिनार करते हुए देश के विभिन्न भागों से सैकड़ों तीर्थयात्री पहले दिन पंजीकरण केंद्र पर कतारों में खड़े दिखाई दिए। 11वीं बार बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जा रहे मुंबई निवासी दिवाकर कदम ने कहा, गोली और बम हमें बाबा बर्फानी के दर्शन करने से नहीं रोक सकते। जम्मू रेलवे स्टेशन के निकट सरस्वती धाम पंजीकरण केंद्र पर रजिस्ट्रेशन के पहले दिन लोगों की भीड़ देखी गई। वहां उपस्थित कई लोगों ने बढ़ती भीड़ को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को करारा जवाब बताया। आतंकियों ने 22 अप्रैल को किए गए हमले में विशेष धर्म के लोगों की पहचान करके पहलगाम में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

## कृषि उत्पादों पर अमरीका के आगे नहीं झुकेगा भारत

- राष्ट्रपति ट्रंप को आईना दिखाने की तैयारी, 8 दिन बचे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत फिलहाल गतिरोध की स्थिति में पहुंच गई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निर्धारित 8 जुलाई की समय सीमा भी तेजी से नजदीक आ रही है। यदि दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो पाता है तो इस तारीख के बाद अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 26 फीसदी जवाबी टैरिफ लागू करने की संभावना है। भारत के मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों के साथ चर्चा के लिए रुका हुआ है, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। हालांकि, ट्रंप यह स्पष्ट कर चुके हैं कि टैरिफ सस्पेंशन को और आगे बढ़ाने की संभावना बेहद कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका चाहता है कि भारत मक्का, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, सेब, और अन्य फलों एवं मेवों पर शुल्क कम करे।



## सोनम के बैग में मिले दो मंगलसूत्र एक राजा का है तो दूसरा किसका!

- बैग मिलने के बाद मिस्ट्री सुलझाने में जुट गई है मेघालय पुलिस

**इंदौर (एजेंसी)।** चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में शिलांग पुलिस नए सबूतों के आधार पर आगे बढ़ रही है। इस मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी से इंदौर क्राइम ब्रांच ने पूछताछ की। पूछताछ का मकसद सोनम रघुवंशी के गहनों की जानकारी और रतलाम से मिले गहनों की पहचान करना था। विपिन ने बताया कि सोनम को शादी में करीब 15 लाख रुपये के गहने मिले थे। साथ ही, राजा जब घर से निकले थे तो उन्होंने सोने की चेन पहनी हुई थी। पुलिस इस हत्याकांड की पूरी साजिश का खुलासा करने की कोशिश कर रही है। अब तक इस मामले में आठ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। शिलांग पुलिस ने हाल ही में रतलाम में प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के ससुराल से कुछ गहने, लैपटॉप और एक पेन ड्राइव बरामद किए थे। पुलिस अब इन गहनों का मिलान राजा और सोनम के गहनों से कर रही है। इसके लिए विपिन की मदद ली जा रही है। विपिन ने पूछताछ में बताया कि उन्हें सोनम के पास लैपटॉप होने की जानकारी नहीं थी। पुलिस ने सोनम के पास से दो मंगलसूत्र भी जब्त किए हैं। माना जा रहा है कि एक मंगलसूत्र राजा ने शादी के समय सोनम को पहनाया था। वहीं, दूसरा मंगलसूत्र शायद हत्याकांड के बाद सोनम के प्रेमी राज कुशवाहा ने उसे दिया था। विपिन ने पत्रकारों से बात करते हुए कुछ खुलासे किए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनसे गहनों की तस्वीरें और जानकारी मांगी थी, जो उन्होंने दे दी है। विपिन के अनुसार,गहनों में कई आभूषण शामिल थे।




## व्यापार चर्चा और भारत-पाकिस्तान सीजफायर में संबंध नहीं

- जयशंकर बोले-अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पीएम से जब बात हुई, मैं भी उसी कमरे में था

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका दौर पर गए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार संबंधी चर्चा और भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बीच कोई संबंध नहीं है। न्यूजवीक मेगजीन के सीईओ देव प्रसाद के साथ इंटरव्यू के दौरान उन्होंने ये बात कही। जयशंकर ने कहा- 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की थी। मैं भी उस दौरान उसी कमरे में था। वेंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़े हमले की योजना बना रहा है। पीएम मोदी ने इसकी परवाह न करते हुए कहा था- हमले का जवाब दिया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा- अगली सुबह (10 मई) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम से संपर्क किया। कहा- पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार है।



## तेलंगाना विस्फोट में बढ़ गई है मृतकों की संख्या

- बढ़कर 36 पहुंची, मलबे में दबे मिले कई शव

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के पाशमायलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलबे को हटाने के दौरान कई शव मिले। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया, 'मलबे से अब तक 31 शव निकाले जा चुके हैं, जबकि 5 लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अभी भी जारी है।' मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया, जैसा कि स्वास्थ्य मंत्री सी. दामोदर राजनरसिम्हा ने बताया। यह घातक हादसा सोमवार को हुआ, जिसके पीछे संदिग्ध कारण रासायनिक प्रतिक्रिया माना जा रहा है। सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है। स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब संयंत्र में लगभग 90 लोग काम कर रहे थे। विस्फोट कथित तौर पर संदिग्ध रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण हुआ, जिससे आग भी लग गई।



### तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 4 की मौत

तमिलनाडु में पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग बुरी तरह से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह हादसा तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में हुआ। शिवकाशी के पास चिन्नाकामनपट्टी में पटाखों की फैक्ट्री थी, जिसमें अचानक आग लगने से जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज से आसपास के लोग भी बुरी तरह सहम गए हैं। विरुधुनगर के पुलिस अधिकारियों ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धमाके क्यों और कैसे हुआ। इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। घायलों को जिले के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस धमाके का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

## शादी के लिए अमेरिका गई भारतीय युवती लापता, 20 जून को हुई थी रवाना

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में अरेंज मैरिज के लिए गई भारतीय युवती सिमरन (24) गायब हो गई है। पुलिस ने बताया कि सिमरन 20 जून को रवाना हुई थी। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में युवती को फोन देखते और किसी का इंतजार करते देखा जा सकता है। लिंडेनवोल्ड पुलिस ने बताया कि वीडियो में युवती परेशान नजर नहीं आ रही थी। यह भी संभावना जताई जा रही है कि उसका शादी का कोई इरादा नहीं था और वह सिर्फ अमेरिका की मुफ्त में यात्रा करना चाहती थी। सिमरन की लंबाई 5 फीट 4 इंच और वजन 68 किलो बताया गया है। उसके माथे के बाईं ओर एक छोटा सा निशान है। वह आखिरी बार ग्रे स्वेटपैंट, व्हाइट टी-शर्ट, ब्लैक फिलप फ्लॉप और हीरे जड़े छोटे झुमके पहने देखी गई थी। पुलिस ने बताया कि अमेरिका में उसका कोई रिश्तेदार नहीं है और वह अंग्रेजी नहीं बोलती। उसका फोन सिर्फ वाई-फाई से ही काम करता है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस भारत में उसके रिश्तेदारों से भी संपर्क नहीं कर पाई है।

## ब्राजील के पूर्व नेता जेयर बोल्सोनारो ने अपने केस के विरोध में रैली की

**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने रविवार को अपने खिलाफ चल रहे सुप्रीम कोर्ट के केस का विरोध करने के लिए साओ पाउलो शहर में एक रैली में हिस्सा लिया। यह रैली शहर की एक बड़ी सड़क पॉलिस्ता एवेन्यू पर हुई, जहां हजारों लोग इकट्ठा हुए। बोल्सोनारो ने इस प्रदर्शन को आजादी और न्याय के लिए एक कदम बताया। बोल्सोनारो और उनके 33 साथियों पर 2022 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे पलटने और सत्ता में बने रहने की साजिश का आरोप है। उन पर कुल 5 आरोप लगे हैं। बोल्सोनारो ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उनके साथ राजनीतिक बदला लिया जा रहा है। अगर वह दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें 12 साल की जेल हो सकती है।

## तुर्की पुलिस ने इस्तांबुल प्राइड मार्च में हिस्सा ले रहे 50 से ज्यादा लोगों हिरासत में लिया

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की में पुलिस ने रविवार को इस्तांबुल प्राइड मार्च में शामिल होने की कोशिश कर रहे 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया। यह कार्रवाई पिछले कई वर्षों से इस मार्च पर लगाई जा रही रोक का हिस्सा है। शहर में कई जगहों पर भारी संख्या में पुलिस तैनात थी, जिसकी वजह से लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो पाए और आयोजकों को बार-बार जगह बदलनी पड़ी। रुत्रक्षत्त- अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन और पत्रिका काओस जीएल के प्रधान संपादक यिल्डिज तार ने एक्स पर बताया कि कुल 54 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें 6 वकील भी शामिल हैं। रविवार शाम तक इनमें से 7 लोगों को छोड़ दिया गया था, लेकिन 47 अभी भी पुलिस हिरासत में हैं।

## पाकिस्तान में अफगान शरणार्थियों को वापस भेजने का तीसरे चरण शुरू

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सरकार अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेजने के लिए सोमवार से तीसरा चरण शुरू कर रही है। इसका पाकिस्तान में रह रहे करीब 14 लाख अफगानियों पर असर होगा। मानवाधिकार संगठनों और नागरिक अधिकार समूहों ने पाकिस्तान सरकार की इस कार्रवाई पर चिंता जाहिर की है। पाकिस्तान सरकार ने 30 जून तक पंजीकृत अफगान शरणार्थियों को स्वेच्छा से वापस जाने का निर्देश दिया था। अब जबरन इन लोगों को वापस अफगानिस्तान भेजा जाएगा। कई अफगान शरणार्थियों ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

## नेपाल में भूकंप के झटके

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी देश नेपाल में रविवार को भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप के इन झटकों की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 3.9 मैग्नीट्यूट मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 14 किलोमीटर नीचे थे। इससे पहले रविवार को ही नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिनकी तीव्रता 4.2 मापी गई थी। इनका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। नेपाल भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और भारतीय और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के टकराने से यहां भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं। नेपाल हिमालयी क्षेत्र का हिस्सा है और ये इलाका भूकंप के लिहाज बेहद सक्रिय है।

## हॉल ऑफ फेम के हॉर्स ट्रेनर डी. वेन लुकास का निधन

**लुइसविले, एजेंसी।** हॉल ऑफ फेम के हॉर्स ट्रेनर डी. वेन लुकास का 89 साल की आयु में निधन हो गया। उन्हें घुड़दौड़ की दुनिया में सबसे कामयाब और मशहूर ट्रेनरों में गिना जाता था। उनके परिवार ने बताया कि लुकास का शनिवार रात केंटकी के लुइसविले स्थित घर पर निधन हो गया। परिवार के अनुसार, लुकास एक गंभीर संक्रमण से पीड़ित थे, जिससे उनके दिल और पाचन तंत्र को काफी नुकसान पहुंचा और उनकी पुरानी बीमारियां और भी बिगड़ गईं।

# ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरु ने डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ जारी किया फतवा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरु ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ फतवा जारी किया है। उन्होंने उसमें दुनिया भर के मुसलमानों से एकजुट होने की अपील की है। 12 दिनों तक चलते ईरान और इजरायल के बीच जंग के बाद ट्रंप ने 24 जून को संघर्ष विराम का ऐलान किया था।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अयातुल्लाह नसीर मकरम शिराजी ने फतवा जारी किया है, जिसमें ट्रंप और नेतन्याहू को दुश्मन बताया है। उन्होंने लिखा, यह साफ है कि इस्लामिक व्यवस्था के किसी व्यक्ति और खासतौर से सुप्रीम लीडर को जान से मारने की धमकी देना मना है और धार्मिक रूप से निषेध है। उन्होंने कहा, उनका बचाव करना और ऐसी धमकियां देने वाले आरोपियों को जवाब देना जरूरी है। साथ ही पवित्रता का उल्लंघन करना सबसे बड़े पापों में से एक है। उन्होंने इस्लामिक गणतंत्र के नेतृत्व को धमकी देने वाले अमेरिकी और इजरायली नेताओं के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया है। फतवा में यह भी कहा गया है, उस दुश्मन के लिए मुसलमानों या इस्लामिक मुल्कों की तरफ से किसी भी तरह का सहयोग देना हराम है। यह जरूरी है कि दुनिया भर के मुसलमान इन दुश्मनों को उनके शब्दों और गलतियों के लिए पछतावा कराएं। ईरानी सैन्य कमांडरों को लाखों लोगों ने दी अंतिम विदाई इजरायल के साथ 12 दिनों के युद्ध के दौरान मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य कमांडरों तथा परमाणु वैज्ञानिकों की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए शनिवार को तेहरान की सड़कों पर लाखों लोग उमड़ पड़े। रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी, इसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह और अन्य के ताबूतों को ट्रकों पर रखकर राजधानी की आजादी स्ट्रीट से ले जाया गया। इस दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों ने 'अमेरिका मुर्दाबाद और इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनरल सलामी और हाजीजादेह दोनों 13 जून, यानी युद्ध के पहले दिन ही मारे गए थे, जब इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के उद्देश्य से व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सैन्य कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। ईरान को इजराइल से सीजफायर पर भरोसा नहीं ईरान ने इजराइल के साथ युद्धविराम पर शक जताया। ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ अब्दोलरहीम मूसवी ने रविवार को सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से फोन पर बातचीत में कहा- हमें दुश्मन (इजराइल) के साथ युद्धविराम पर शक है। अगर फिर से कोई हमला हुआ, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। मूसवी ने कहा कि जब ईरान अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में व्यस्त था, तब इजराइल ने उस पर हमल कर दिया और अमेरिका ने उसका साथ दिया। इससे पता चलता है ये दोनों देश किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून का पालन नहीं करते। उन्होंने यह भी कहा- जंग हमने शुरू नहीं की है, लेकिन हमने हमलावर को अपनी पूरी ताकत से जवाब दिया। दोनों अधिकारियों ने डिफेंस के साथ- साथ कई द्विपक्षीय मुद्दे पर भी बात की। इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन की लड़ाई के बाद 24 जून को सीजफायर हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसका ऐलान किया है। इस लड़ाई में ईरान के 610 और इजराइल के 28 लोग मारे गए।

## ब्रिटेन में गूंजे भगवान जगन्नाथ के जयकारे, रथ यात्रा में पहुंचे एक हजार श्रद्धालु, डीएचसी ने निभाई छेरा रस्म

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में भी जगन्नाथ रथ यात्रा की धूम रही। यूनाइडेट किंगडम (यूके) के स्लॉ में भगवान जगन्नाथ के जयकारे गूंजे। जगन्नाथ सोसाइटी यूके द्वारा आयोजित रथ यात्रा में एक हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। रथ यात्रा में भारतीय उच्चायोग में भारत के उप उच्चायुक्त सुजीत घोष ने छेरा पहारना की रस्म निभाई। यूके में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर लिखा कि उप उच्चायुक्त (डीएचसी) सुजीत जॉय घोष ने स्लॉ में जगन्नाथ सोसाइटी यूके द्वारा आयोजित भव्य रथ यात्रा में भाग लिया। उन्होंने पवित्र छेरा पहारना अनुष्ठान किया। एक हजार से अधिक भक्त समारोह में शामिल हुए। छेरा पहारना रथ यात्रा के सबसे महत्वपूर्ण रीति-रिवाजों में से एक है। इस अनुष्ठान में देवताओं के सामने रथ को साफ किया जाता है। जो भगवान के सामने विनम्रता और समानता का प्रतीक है। ओडिशा के पुरी में भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ा है। यह यात्रा 27 जून को शुरू हुई और आठ जुलाई को भगवान जगन्नाथ के जगन्नाथ मंदिर में वापस लौटने के साथ समाप्त होगी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन उत्सव हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, यही कामना है। जय जगन्नाथ!

## ढाका एयरपोर्ट पर बांग्लादेश के एडवाइजर आसिफ महमूद के बैग में एके-47 की मैगजीन मिली

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के ढाका एयरपोर्ट पर रविवार को देश की अंतरिम सरकार के एडवाइजर आसिफ महमूद साजिब भुइयां के बैग से एके-47 राइफल की मैगजीन मिली। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जांच के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। आसिफ महमूद राजनयिक पासपोर्ट (नंबर डी00018185) पर इस्लामिक देशों के संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए मोरक्को के माराकेश जा रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिफ महमूद ढाका एयरपोर्ट पर आइडेंटिफिकेशन और सिक्योरिटी चेक के लिए नौवें बोर्डिंग ब्रिज पर थे। स्कैनिंग के दौरान उनके कैरी-ऑन हैंड बैगेज में मेटल का सामान डिटेक्ट हुआ। स्कैनर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आसिफ महमूद से बैग ले लिया और मैगजीन को उनके बैग से बाहर निकाला गया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत अपने से सीनियर अधिकारियों को बुलाया। इसके बाद बांग्लादेशी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी भी पहुंचे, लेकिन जांच के बाद आसिफ महमूद को तुर्किये एयरलाइंस की फ्लाइट टीके-713 में जाने की इजाजत दे दी गई। इस फ्लाइट ने सुबह 7:08 बजे उड़ान भरी थी। आसिफ महमूद ने रविवार रात को फेसबुक पर एक पोस्ट में घटना पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, मेरे पास व्यक्तिगत और पारिवारिक सुरक्षा के लिए लाइसेंसी बन्दूक है। सुबह पैकिंग करते समय, मैंने गलती से एक मैगजीन अपने बैग में छोड़ दी। जब स्कैनिंग के दौरान पता चला, तो मैंने अपना बैग तुरंत प्रोटोकॉल अधिकारी को सौंप दिया। यह पूरी तरह से अनजाने में हुआ था। आसिफ ने कहा, मैं सिर्फ एक मैगजीन से क्या कर सकता था? अगर मेरा कोई बुरा इरादा होता, तो मैं राइफल घर पर नहीं छोड़ता। हालांकि, इस घटना को लेकर न तो चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस और न ही गृह मंत्रालय के एडवाइजर लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) जहांगीर आलम चौधरी ने कोई बयान दिया है।



## यूरोपीय देशों में हीटवेव, स्पेन में तापमान 46 डिग्री पहुंचा; जून में गर्मी ने 60 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा

**बार्सिलोना, एजेंसी।** यूरोप के कई देश भीषण हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन में सबसे ज्यादा गर्मी है, जहां के ज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। स्पेन की राज्य मौसम विज्ञान एजेंसी एईएमईटी के मुताबिक, एल ग्रैनाडो शहर में शनिवार को 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एईएमईटी के मुताबिक, स्पेन में जून के दौरान गर्मी ने 60 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले स्पेन के सेविले में आखिरी बार जून, 1965 में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। स्पेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया, हर्जेगोविना, हंगरी, सर्बिया, स्लोवेनिया और स्विटजरलैंड में हीटवेव जारी रहने की आशंका है। पुर्तगाल, इटली और क्रोएशिया में हीटवेव का रेड अलर्ट है। बार्सिलोना में, शनिवार को एक महिला सफाईकर्मी की गर्मी से मौत हो गई। इटली में बुजुर्गों, कैंसर रोगियों और बेघर लोगों में हीटस्ट्रोक के मामले बढ़ गए हैं। रोम ने 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए शहर के स्विमिंग पूल में फ्री सर्विस का ऐलान किया है। पश्चिमी बाल्कन के देशों में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। सर्बिया ने 19वीं सदी में तापमान रिकॉर्ड करना शुरू करने के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा तापमान दर्ज किया।

# कम्युनिस्ट ममदानी को सुधरना होगा, खूब बरसे डोनाल्ड ट्रंप तो जोहरान ने भी दिया जवाब

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार बने जोहरान ममदानी पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीखा वार किया है। ममदानी को कम्युनिस्ट बताते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें सुधार लाना होगा। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया और वे न्यूयॉर्क के मेयर बने तो हम शहर को मिलने वाले फंड में कटौती कर देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि ममदानी का कैंडिडेट की रेस में जीतना चौंकाने वाला है और इस पर यकीन नहीं हो रहा। वह एक प्योर कम्युनिस्ट व्यक्ति हैं। ट्रंप ने कहा, मैं स्पष्ट कहता हूं। मैं राष्ट्रपति हूं और यदि उसने अपने रवैये में सुधार नहीं किया तो फिर उन्हें कोई पैसा नहीं मिलेगा। उन्हें सुधार लाना होगा या पैसा नहीं मिलेगा।

वहीं डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर जोहरान ममदानी ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैं कम्युनिस्ट नहीं हूं, जैसा कि मेरे बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है। इसके अलावा ममदानी ने फिर दोहराया कि वह अरबपतियों पर ज्यादा टैक्स लगाने के पक्ष में हैं। ममदानी ने कहा कि मैं नहीं मानता कि हमें अरबपतियों की जरूरत है। ममदानी ने कहा कि नहीं, मैं कम्युनिस्ट नहीं हूं। ममदानी ने कहा कि राष्ट्रपति अब ये सवाल उठा रहे हैं कि मैं कौन हूं, कैसा दिखता हूं और कहां से आया हूं। असल बात यह है कि




वह उन मुद्दों से ध्यान हटाना चाहते हैं, जिनके लिए मैं लड़ रहा हूं।

ममदानी ने कहा कि मैं तो मार्टिन लूथर किंग जूनियर से प्रभावित हूं। उन्होंने कहा था कि लोकतंत्र में लोकतांत्रिक समाजवाद होना चाहिए। देश के सभी लोगों के लिए संसाधनों का उचित बंटवारा होना चाहिए। इसके साथ ही ममदानी ने फिर से दोहराया कि वे अमीरों पर टैक्स ज्यादा लगाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें ज्यादा टैक्स देना पड़ रहा है, जबकि उनकी कमाई कम है और घर भी छोटा है। लेकिन बाहरी इलाकों में अमीर लोगों ने बड़े-बड़े घर बनाए हैं और उनसे ज्यादा टैक्स लिया जा सकता है। ममदानी ने कहा- मैं नहीं मानता कि अरबपतियों की कोई जरूरत है भारतीय मूल की फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे और डेमोक्रेटिक कैंडिडेट ममदानी ने कहा कि मैं नहीं मानता कि हमें अरबपतियों की जरूरत है। इसकी वजह से ही गैरबराबरी आती है। हमें जरूरत है कि पूरे शहर में समानता की स्थिति हो। पूरे प्रांत में हो और फिर पूरे देश में हो। उन्होंने कहा कि मैं न्यूयॉर्क शहर को बेहतर बनाने के लिए अरबपतियों के साथ भी काम करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि यह नस्ल की बात नहीं है। मसला यह है कि किन लोगों से टैक्स कम लिया जा रहा है और कौन टैक्स के बोझ में दबे जा रहे हैं।

## चिली में सत्ता बदलने की आहट: कम्युनिस्ट नेता जीनेट की बड़ी जीत, अब राष्ट्रपति पद के लिए दक्षिणपंथियों से जंग

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। यहां वामपंथी पार्टियों की ओर से हुए प्राइमरी चुनाव में कम्युनिस्ट नेता जीनेट जारा ने चौंकाने वाली जीत दर्ज की है। जारा ने अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना टोहा को आसानी से हरा दिया। इस जीत के साथ ही जारा अब मौजूदा सरकार की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी।

51 साल की जीनेट जारा चिली के कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्य हैं और राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक की सरकार में श्रम मंत्री रह चुकी हैं। उन्होंने 60.5 प्रतिशत वोट हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी टोहा को पीछे छोड़ दिया, जिन्हें महज 27.7 प्रतिशत वोट मिले। इस जीत के बाद जारा ने कहा कि आज से हम एक नए रास्ते पर चलेंगे, जिसका मकसद चिली को ज्यादा न्यायसंगत और लोकतांत्रिक बनाना है। दक्षिणपंथ के खतरे के सामने हम एकजुटता, संवाद और उम्मीद से जवाब देंगे।



**कैसी है जीनेट जारा की छवि :** जारा की छवि पार्टी के दूसरे कट्टर नेताओं के मुकाबले कुछ नरम और कूटनीतिक मानी जाती है। श्रम मंत्री के तौर पर उन्होंने न्यूनतम वेतन बढ़ाने और हफ्ते में काम के घंटे घटाकर 40 करने जैसे कदमों के लिए तारीफ बटोरी। उनकी तुलना देश की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट से की जा रही है, जिन्होंने चिली में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुधारों के लिए अहम भूमिका निभाई थी।

**आसान नहीं होगा मुकाबला :** हालांकि, जारा के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। चिली में फिलहाल आर्थिक सुस्ती, संगठित अपराध और अप्रवासन को लेकर जनता में चिंता बढ़ रही है। इन मुद्दों के चलते देश में दक्षिणपंथी नेताओं को समर्थन तेजी से बढ़ रहा है। खासतौर पर अल्ट्रा-राइट नेता जोस एंटोनियो कास्ट और पूर्व श्रम मंत्री एवलीन मत्तेई लोकप्रियता में आगे चल रहे हैं। मत्तेई अपने व्यापार समर्थक एजेंडे से निवेशकों को भी लुभा रही हैं।

**कब होंगे राष्ट्रपति चुनाव :** चिली में 16 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होंगे, जिसमें देश 2026 से 2030 तक के लिए नया राष्ट्रपति चुनेगा। मौजूदा राष्ट्रपति गैब्रिएल बोरिक दोबारा चुनाव नहीं लड़ सकते। ऐसे में जीनेट जारा वामपंथी मोर्चे की उम्मीद बनी हैं, लेकिन उनके सामने दक्षिणपंथ की बड़ी चुनौती खड़ी है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि चिली का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा।

## चीन ने पाकिस्तान को 3.4 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया

**बीजिंग, एजेंसी।** भीख लेकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले पाकिस्तान की मदद के लिए पुराना साथी चीन एक बार फिर आगे आया है। चीन ने हाल ही में पाकिस्तान को 3.4 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया है। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान को बीते कुछ दिनों में मिडिल ईस्ट के अन्य करदाताओं से भी लोन मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की डूबती नैया को पार लगाने के लिए ये लोन किसी संजीवनी से कम नहीं है।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान को मिडिल ईस्ट के वाणिज्यिक करदाताओं से 1 बिलियन अमरीकी डॉलर का अतिरिक्त कर्ज भी मिला है। वहीं पाक ने बहुपक्षीय फंडिंग से भी करीब 500 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाए हैं। हालिया मिले लोन की मदद से पाकिस्तान को अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सम्मानजनक स्तर तक बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**पाक को मिली संजीवनी :** दरअसल पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार बेहद कम है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोषकी शर्तों के मुताबिक पाकिस्तान के पास 30 जून यानी मौजूदा वित्तीय



वर्ष के अंत तक कम से कम 14 बिलियन अमरीकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार होना चाहिए। ऐसे में ढ्रुख्न की शर्तों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान को बेसब्री से मदद का इंतजार था।

**आईएमएफ से भी मिली थी भीख :** बता दें कि व्यापक स्तर पर हुए विरोध के बावजूद पाकिस्तान को हाल ही में आईएमएफ से एक अरब डॉलर का लोन मिला था। भारत की चिंताओं को दरकिनार करते हुए ढ्रुख्न ने हवाला दिया था कि पाकिस्तान ने लोन लेने के लिए सभी शर्तों को पूरा किया था। भारत ने चिंता जताई है कि पाक इस कर्ज का प्रयोग सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है।

## चीन ने जापानी सीफूड पर दो साल पुराना प्रतिबंध हटाया, फुकुशिमा विवाद पर भी दी आंशिक राहत

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने जापानी समुद्री खाद्य पदार्थों पर लगभग दो साल से लगा प्रतिबंध आखिरकार हटा दिया है। यह प्रतिबंध साल 2023 में लगाया गया था, जब जापान ने फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से हल्का रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ने की योजना पर अमल शुरू किया था। अब चीन ने ऐलान किया है कि जापान के ज्यादातर हिस्सों से समुद्री खाद्य उत्पादों का आयात फिर से शुरू किया जाएगा।

फुकुशिमा का परमाणु संयंत्र साल 2011 में आई विनाशकारी सुनामी में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ था। संयंत्र में आज भी ईंधन को ठंडा करने के लिए लगातार पानी डाला जाता है। यह पानी बाद में टैंकों में इकट्ठा होता था। वर्षों तक बहस के बाद जापानी सरकार ने इस पानी को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़ने की अनुमति दी, लेकिन इसके लिए रेडियोधर्मी तत्वों को पहले हटा दिया गया।

**इन फैसलों पर क्या बोला चीन :** जापान का कहना है कि यह पानी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों से भी ज्यादा सुरक्षित है और इसका पर्यावरण पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पड़ेगा। लेकिन चीन इससे सहमत नहीं था। चीन ने अगस्त 2023 में जापानी समुद्री खाद्य पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था क्योंकि चीन जापानी समुद्री खाद्य का सबसे बड़ा विदेशी बाजार था, जो कुल निर्यात का करीब 20 प्रतिशत हिस्सा था।

**फिलहाल पूरी ढील नहीं :** हालांकि चीन ने अब प्रतिबंध में ढील दी है, लेकिन फुकुशिमा समेत जापान के 10 प्रांतों से आने वाले समुद्री खाद्य पर अभी भी रोक जारी रहेगी।



चीनी कस्टम एजेंसी ने कहा है कि जापानी कंपनियों को फिर से पंजीकरण कराना होगा और सभी आयातित खाद्य पदार्थों के साथ रेडियोधर्मी जांच प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और मूल देश प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

**जापान के लिए बड़ी राहत :** इस फैसले को जापानी उद्योग के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, खासतौर पर उन क्षेत्रों के लिए जो चीन में अपने उत्पाद बेचते थे। हालांकि, पूरी तरह से बाजार खोलने के लिए दोनों देशों के बीच अभी और कूटनीतिक बातचीत होनी बाकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम जापान-चीन के आर्थिक संबंधों में सुधार का संकेत है, लेकिन फुकुशिमा मुद्दे पर चीन की चिंता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

# तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है: राष्ट्रपति

**कौमी पत्रिका**

लखनऊ/गोरखपुर, 1 जुलाई: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र धरती को नमन करते हुए अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ के बारे में कहा गया है कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। गोरखपुर योग भूमि है। गुरु गोरखनाथ ने इस क्षेत्र को अक्षय आध्यात्मिक ऊर्जा से समृद्ध किया। यह परमहंस योगानंद की जन्मभूमि भी है। आप सभी ऐसे महान स्थानीय परंपरा से जुड़े हैं, जिनका राष्ट्रीय महत्व और मानवता पर प्रभाव है। श्री आदिनाथ, मत्स्येंद्रनाथ और गुरु गोरक्षनाथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर से प्रसारित हुआ नाथ पंथ भारत के कोने-कोने और अन्य देशों में भी मानवता के कल्याण में सक्रिय है। तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव व राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है। 18वीं सदी के संन्यासी विद्रोह से लेकर 1857 के स्वाधीनता संग्राम तक गोरखपुर नाथ पंथ के योगी, जनकल्याण और स्वाधीनता संग्राम का सूत्रधार रहा है। इस धरती से बाबू बंधु सिंह व रामप्रसाद बिस्मिल जैसे बलिदानियों की गाथाएं जुड़ी हैं। महामहिम राष्ट्रपति ने मंगलवार को गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया। 52 एकड़ में प्रदेश का यह पहला आयुष विश्वविद्यालय 268 करोड़ से स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति ने कहाकि लगभग 100 वर्ष से गीताप्रेस गोरखपुर ने भारत के जनमानस को धर्म व संस्कृति से जोड़े रखने का महान कार्य किया है। गीताप्रेस का प्रकाशन संस्कृत व हिंदी के अलावा अनेक भाषाओं में उपलब्ध है। ओडिया भागवत के नाम से विख्यात अतिबड़ी जगन्नाथ दास द्वारा रचित भागवत महापुराण को ओडिशा के लोग बहुत सम्मान से पढ़ते हैं। ओडिया भागवत का प्रकाशन व प्रसार भी गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा किया गया है। कल शाम को गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन का अवसर मिला। वहां गीताप्रेस द्वारा उड़िया भाषा में प्रकाशित शिवपुराण और भागवत की प्रतियां भेंट की गईं। यह पुस्तकें गोरखपुर के अमूल्य सौगात और स्मृति के रूप में सदैव रहेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि गोरखपुर में कुछ वर्षों से इंफ्रास्ट्रक्चर का बहुत तेज गति से विकास हो रहा है। गोरखपुर इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी (गीडा) की गतिविधियों का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। यहां के टेराकोटा के कलात्मक उत्पाद देश-विदेश में निरंतर लोकप्रिय हो रहे हैं। यहां के निवासियों में ऐसी अनेक उपलब्धियों से नई ऊर्जा व आकांक्षा का संचार हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ जैसे विलक्षण विभूति के पवित्र नाम से जुड़े इस विश्वविद्यालय में आकर उनके प्रति श्रद्धा का और अधिक संचार हो रहा है। यह विश्वविद्यालय समृद्ध, प्राचीन परंपराओं का नवनिर्मित व प्रभावशाली आधुनिक केंद्र है। यह उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मेडिकल एजुकेशन व चिकित्सा सेवा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यहां उच्च स्तरीय सुविधाओं का निर्माण किया गया है, जिनका लाभ जनसामान्य को सुलभ होगा। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 100 आयुष कॉलेज उत्कृष्टता से लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष पद्धतियों में स्नातक से लेकर उच्चतम उपाधियों के स्तर पर भी शिक्षण एवं शोध कार्य किया जाएगा। यहां आयुष पद्धति से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी जाएगी। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय व स्वीकार्य बनाने के लिए शोध कार्य पर विशेष बल दिया जाएगा। राष्ट्रपति ने यूपी के प्रथम आयुष विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट परिकल्पना व निर्माण को दिशा-गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति ने अथक शब्द की चर्चा की, बोलीं कि अथक मतलब थकना मना है। दिन रात परिश्रम करना पड़ेगा। निद्राजीत बनना है। डॉक्टर कहते हैं कि छह से आठ घंटे सोना पड़ेगा, वरना शरीर साथ नहीं देगा, लेकिन सीएम आदित्यनाथ जैसे योगी कहते हैं कि निद्रा पर जय करने और खुद को शारीरिक व मानसिक सशक्त बनाने के लिए योग करना होगा। योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी होगी। योगी जी का अथक परिश्रम और जनता के प्रति समर्पण भाव है। इस एरिया में इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं जनता को समर्पित है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनता के प्रतिनिधि अथक परिश्रम करते हैं। निद्राजीत बनते हैं। जनता की सुविधा के लिए वे जिन संस्थानों को बना रहे हैं, वहां के अधिकारी, डॉक्टर या नर्स को भी अथक प्रयास करना है। निद्राजीत बनना है और जनता की सेवा करनी है। इस क्षेत्र में जिस दिन कदम रखने का प्रयास करते हैं, उसी दिन निर्णय लेना होगा कि मुझे अथक प्रयास करना है, फिर सोचना होगा कि क्या हम सही कार्य करते हैं। सभी डॉक्टर, नर्स व सेवादार जीवनदायिनी हैं। भाग्यशाली हैं कि हम भारत की संतान हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत योगियों-त्रषियों की भूमि है। योगी 200, 300, 400 साल जीते थे। यह शरीर पंच तत्व से तैयार हुआ है। राष्ट्रपति ने स्वस्थ रहने के लिए हितभुक, ऋतभुक व मितभुक की चर्चा की, फिर कहा कि आज हमारे पास संसाधन व सुविधाएं हैं। सुविधाओं को शरीर के लिए प्रयोग करें, जिससे हम स्वस्थ रहेंगे। खेती, जंगलों, हार्डवर्क करने वालों के उत्तम स्वास्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि ऑफिस में कार्य करने और कम फिजिकल करने वालों के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारत के पूर्वजों और ऋषि-मुनियों के ऋणी हैं, हमें उनका मान रखना है। आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है। राष्ट्रवासियों ने स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित हो, इसके लिए हमें भी आज से ही प्रयास करना होगा। शैक्षणिक, चिकित्सा समेत यह संस्था भी इसका माध्यम बनेगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि भारत के पुरातन प्रणालियों में स्वस्थ रहने की वैज्ञानिक पद्धति बताई गई है। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि इन पर आधारित पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा। आयुर्वेद पर आधारित प्राचीन जीवनशैली में दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या पर बहुत ध्यान दिया जाना चाहिए। संतुलित आहार, विहार व विचार को महत्व देना चाहिए। आयुर्वेद धरती से जुड़ी है। खेतों व जंगलों में औषधियों, वनस्पतियों व जड़ी-बूटियों का खजाना आज भी मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती।



# मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक

**कौमी पत्रिका**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड कैंपा (क्षतिपूर्ति वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) शासी निकाय की बैठक हुई। बैठक में कैंपा निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कैंपा फंड का उपयोग राज्य में वनों के सतत प्रबंधन, वानिकी विकास, पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने तथा वनों पर आश्रित समुदायों के कल्याण के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि देहरादून शहर में ग्रीन कवर बढ़ाने हेतु, कैम्पा फंड इस्तेमाल किए जाने के लिए केंद्र सरकार के स्तर से भी अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए। वन क्षेत्रों में जलस्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखा जाए। इसके लिए वन विभाग के साथ पेयजल, जलागम, ग्राम्य विकास और कृषि विभाग संयुक्त रूप से कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने वनाग्नि रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक और सामुदायिक भागीदारी के जरिए व्यापक रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण के कार्य में केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर पौधों के सर्वाइवल रेट पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कैंपा निधि से संचालित परियोजनाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। इसमें फलदार, औषधीय गुणों से युक्त पौधे अधिक लगाये जाएं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए और लोगों को एक पे? मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौरा देवी की जन्म शताब्दी पर वन विभाग द्वारा सभी डिविजन में फलधार पौधे लगाये जाएं। वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने कहा कि स्थानीय लोगों को वन संरक्षण के कार्यों से जो?ने के लिए स्वरोजगार और आजीविका आधारित कार्यक्रम चलाए जाएं ताकि वन संपदा के सतत उपयोग और संरक्षण में उनकी भागीदारी बढाई जा सके। बैठक में विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव वन श्री आर.के. सुधांशु, प्रमुख सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुदंरम, प्रमुख वन संरक्षक श्री समीर सिन्हा, सचिव श्रीमती राधिका झा, श्री चन्द्रेश कुमार, श्री एस एन.पाण्डेय, श्री श्रीधर बाबू अदांकी और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



## नए डिजिटल पोर्टल से भूमि सीमांकन की सुविधा मिलेगी: डॉ. सुमिता मिश्रा

चंडीगढ़। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार भूमि सीमांकन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए एक नया डिजिटल पोर्टल शुरू करने जा रही है। यह पहल मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के 'डिजिटल हरियाणा' विजन और पहले से चल रहे भूमि प्रशासन सुधारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस नागरिक-केंद्रित पोर्टल का उद्देश्य भूमि सीमांकन को आधुनिक और डिजिटल बनाना है, जिससे पारंपरिक देरी और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर किया जा सके। यह कृषि, आवासीय या वाणिज्यिक भूमि के मालिकों को अपनी सीमांकन शिकायतें ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अनुमति देगा, जिससे सरकारी राजस्व कार्यालयों के कई चक्कर लगाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और लालफीताशाही कम होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सीमांकन आवेदनों को समयबद्ध तरीके से संशोधित किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया काफी सुव्यवस्थित होगी और सरकारी प्रक्रिया में जनता का विश्वास मजबूत होगा। पोर्टल राजस्व विभाग की मौजूदा डिजिटल भूमि रिकॉर्ड प्रणाली के साथ एकीकृत होगा और सटीक, वास्तविक समय सीमा सीमांकन के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) तकनीक का लाभ उठाएगा। यह एकीकरण अद्यतन सीमांकन मानचित्रों, राजस्व संपदा रिकॉर्ड और ऐतिहासिक डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा, जिससे अस्पष्टता और सीमा विवाद कम होंगे। सटीकता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल रोवर पारंपरिक मैनुअल टूल की जगह लेंगे।


**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SULEKHA DEVI W/o MANOJ MUNI R/o H.No. D-146, Jeevan Nagar, South Delhi, Delhi-110014, declare that name of my husband has been wrongly written as MANOJ MANDAL in my minor daughter namely SAPNA KUMARI aged 17 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of my husband is MANOJ MUNI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Sunil Kumar s/o Bir Singh R/o H.No.48, M.G Road, Sultanpur, Delhi-110030, have changed my name to Sunil Kumar Singh permanently.

**NAME CHANGE**
I, Sanjay Prasad S/o Jhulan Prasad R/o S-443, 1st floor, School Block, Shakarpur, Delhi-110092, declare that in my passport my wife's name has been wrongly mentioned as Laxmi Devi instead of Laxmi Gupta. Laxmi Devi and Laxmi Gupta both names are the one and the same person and my wife's correct and true name is Laxmi Gupta.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as B. ABHISHEK son of BIJU D residing at H NO-J-43/UG-2, DILSHAD COLONY, JHILMIL, DELHI-110095 have changed my name and shall hereafter be known as ABHISHEK BIJU. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, SMT RUKNAMMA Mother of No-2617598W Rank HAV Name-M DELESWARA RAO Presently residing at BAKULTALA, BAKULTALA (RV), NORTH AND MIDDLE ANDAMAN, ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS-744205, have changed my name from SMT RUKNAMMA to M RUKMINAMMA for all future purposes vide Affidavit dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, M NARCHAIAH Father of No-2617598W Rank HAV Name-M DELESWARA RAO Presently residing at BAKULTALA, BAKULTALA (RV), NORTH AND MIDDLE ANDAMAN, ANDAMAN AND NICOBAR ISLANDS-744205, have changed my name from M NARCHAIAH to M NARASAIAH for all future purposes vide Affidavit dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, SHABNAM W/O MOHD HARUN residing at A-501, OLD SEEMAPURI, JHILMIL, DELHI-110095. have changed my name to SHABANA for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, SUKARMPAL S/O SURAJBHAN R/O GAHRA(3), MAHENDERAGARH, HARYANA-123027 HAVE CHANGED MY NAME TO SUKRAM PAL FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, PRAMOD S/O RAJNDER R/O MUKARRABPUR, KANDERA, BAGHPAT, KANDERA, UTTAR PRADESH-250602, have changed the name of my minor daughter TULSI aged 14 years and she shall hereafter be known as RUCHIKA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Anupama W/o Ashutosh Choudhary R/o Flat No-7016, C Block, 16th Avenue Gaur City-2, Noida Extension, Greater Noida West, Roza Yakubpur, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201009. have changed my name and shall hereafter be known as ANUPAMMA CHOUDHARY .

**PUBLIC NOTICE**
BE IT KNOWN TO ALL THAT SHRI. VINAIK KUMAR, AGED 55 YEARS, S/O LATE SHRI. GURU PRASAD PANDEY, R/O FLAT NO.620, S/F, D.D.A. LIG FLAT, OM APARTMENT, POCKET-2, PHASE-2, SECTOR-14, DWARKA, NEW DELHI – 110078 HAS, WITH IMMEDIATE EFFECT, DISOWNED HIS LEGITIMATE AND BIOLOGICAL SON NAMELY SHRI. JAY KISHOR PANDEY, AGE 35 YEARS, S/O SHRI. VINAIK KUMAR, R/O FLAT NO-620, 2ND FLOOR, DDA LIG FLAT, OM APARTMENT, POCKET-2 PHASE-2, SECTOR-14, DWARKA-78, AS PER AADHAR NO.9377 2323 4375 AS WELL AS HIS DAUGHTER IN LAW SMT. JYOTI W/O SH. JAY KISHOR, OF HIS OWN FREE WILL AND CONSENT. HE HAS SEVERED ALL RELATIONS WITH THEM AND DISOWN THEM ABSOLUTELY/ENTIRELY AND FOREVER FROM ANY MOVABLE/IMMOVEABLE PROPERTY, WILL SO CREATED BY ME AS WELL AS ANY INHERITANCE. WHOSOEVER WILL DEAL WITH HER/HIM, WILL BE DOING SO AT HIS OWN RISK AND RESPONSIBILITY AND ME AND MY FAMILY SHALL NOT BE LIABLE FOR ANY ACT/OMISSION DONE/COMMITTED BY/ON BEHALF OF THE ABOVE NAMED SON AND DAUGHTER-IN-LAW.
**ASHWANI KR SHARMA**
ADVOCATE
CHAMBER NO.312,
DWARKA COURTS COMPLEX,
DELHI HIGH COURT/
SECTOR-10, DWARKA,
SUPREME COURT OF INDIA
NEW DELHI-110075
MOBILE: 9810230492

**NAME CHANGE**
It is for general information that I Dharam Pal S/O Munshi Ram, R/O H No-D41, Vishal Colony, Nangloi, Nangloi, DIST: West Delhi, Delhi - 110041,declare that name of mine has been wrongly written as Dharam Pal Suratio in my service record .The actual name of mine is DHARAM PAL, respectively which may be amended accordingly .

**NAME CHANGE**
I, Umar Faruq s/o Habib Ahmad R/o 301, Main Qutub Garh Road, Vill Lad Pur, Delhi-110081, have changed my name to Umar Farukh permanently

**NAME CHANGE**
I, SUMAN MONGA W/O SUBHASH CHANDRA resident of R-33C, DILSHAD GARDEN, DELHI-110095 have changed my name to SATISH KUMARI for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की, अरविन्द पाल पुत्र श्री खेम करण लाल और गुड्डो देवी धर्मपत्नी श्री अरविन्द पाल निवासी मकान नंबर 419, गली नं. 22, ब्लॉक-F, मोलर बंद विस्तार, बदरपुर, साउथ दिल्ली, दिल्ली -110044 ने अपने पुत्री नीतू पाल उम्र लगभग 25 वर्ष को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है आज से हमारा और हमारे परिवार का उसे किसी भी प्रकार का लेंन देंन नहीं रहा है अगर कोई भी उसे किसी भी प्रकार का लेन देन करेगा वह स्वंम जिम्मेदार होगा

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as NISHA alias KM. SONAL D/O RAMJEET SINGH W/O ASHISH, R/O GANDHI CHOWK, GHANTAGHAR, HATHRAS, PO-HATHRAS, DIST- HATHRAS, UTTAR PRADESH-204101 have changed my name and shall hereafter be known as KM. SONAL.

**NAME CHANGE**
I, GURJAR DATARAM Father of No. 15221345L Rank-HAV (DMT) Name-GURJAR SUBHASH DATARAM Presently residing at VPO-GOLWA, TEH-NARNAUL, DIST-MAHENDRAGARH, HARYANA-123023, have changed my name from GURJAR DATARAM to DATARAM for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 05/08/1954 instead of my correct date of birth as 01/01/1948 vide Affidavit dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, VIDHYA DEVI Mother of No. 15221345L Rank-HAV (DMT) Name-GURJAR SUBHASH DATARAM Presently residing at VPO-GOLWA, TEH-NARNAUL, DIST-MAHENDRAGARH, HARYANA-123023, have changed my name from VIDHYA DEVI to VIDYA DEVI for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 10/06/1958 instead of my correct date of birth as 01/01/1948 vide Affidavit dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as B P GAUTAM S/O DEVENDER KUMAR R/O 6695, BLOCK NO-9, GALI NO-8, PYARE LAL ROAD, DEV NAGAR, KAROL BAGH, CENTRAL DELHI, DELHI-110005 have changed my name and shall hereafter be known as BHIM PRAKASH GAUTAM.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as PARSHURAM S/o MOHAN SHYAM, residing at RC-33, Saraswati Vihar, Khora Colony, Near Kavita Palace, Ghaziabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh – 201001 have changed my name and shall hereafter be known as PARSHURAM PANDEY.

**NAME CHANGE**
I, SURESH KUMAR BHATIA S/O ANURAG BHATIA R/O 34-AMRAPALI APARTMENT, PLOT NO-56, I.P. EXTENSION, PATPARGANJ, EAST DELHI, DELHI - 110092, I HAVE CHANGED MY NAME FROM SURESH KUMAR TO SURESH KUMAR BHATIA FOR ALL FUTURE PURPOSE.


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आरिफ उर्फ मुंशी** पुत्र शौकत अली, निवासी- ग्राम फारुक नगर, मौहल्ला कुरैशियान, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 98/2014 धारा 379/482/411 भा.द.स, थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ मुंशी** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ मुंशी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **आरिफ उर्फ मुंशी, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 98/2014 धारा 379/482/411 भा.द.स, थाना सीमापुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-06
कमरा नं 25, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
**DP/8475/SHD/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अजय कुमार शर्मा, पुत्रः स्व0 संत लाल शर्मा, पताः फ्लैट नंबर 2302, टॉवर नंबर 7, साया गोल्ड एवेन्यू, इंद्रापुरम गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 1010/2024, U/s: 174A IPC, पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अजय कुमार शर्मा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अजय कुमार शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अभियुक्त **अजय कुमार शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हिमांशु सहलोथ,
एलडी. जेएमएफसी–03, उत्तर, कमरा नं. 213
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/8442/NW/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **असलम** पुत्र अब्दुल कासिम, निवासी- 336, इस्लाम नगर, काला भट्टा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 109/2017 धारा 283/291 भा.द.स, थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असलम** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **असलम, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 109/2017 धारा 283/291 भा.द.स, थाना सीमापुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
**DP/8581/SHD/2025**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर पुत्र सलाउद्दीन, निवासी बसंतपुर गांव फरीदाबाद, हरियाणा,** स्थायी पता **टांडा मोहल्ला मुल्देनबलि जाली, थाना कोतवाली, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 306/22, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 306/22, U/S 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री आजाद सहरावत**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10**
**कमरा संख्या 307, तीसरी मंजिल, जिला दक्षिण पूर्व**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/8374/SE/2025(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास पुत्र** श्री किशन कुमार **निवासी:** गली नं. 6, रवि का मकान, तिलक राम कॉलोनी, सोम बाज़ार, पाईप लाईन के नज़दीक, लोनी, बेहटा हाजीपुर, यू.पी. ने **case/FIR No. 255/22 U/s 27-A Act. थानाः एम.एस. पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **case/FIR No. 255/22 U/s 27-A Act. थानाः एम.एस. पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऐशवर्या सिंह कश्यप**
**जेएमएफसी-06, कमरा नं. 25**
**प्रथम तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/8307/SHD/2025**
**(Court Matter)**


**NAME CHANGE**
It is for general information that I, RAJENDER KR SHAHNI S/o PREM KUMAR R/o 88-B, Balbir Vihar, Kirari Suleman Nagar, PO: Sultanpuri C-Block, Dist. North West Delhi, Delhi-110086, declare that name of mine has been wrongly written as RAJENDER KUMAR in my Driving Licence No. DL11 19950089523. The actual name of mine is RAJENDER KR SHAHNI, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Abhishek Kumar Army No. 4288857W, Rank - NK Posted at Unit 7 Bihar REGT Center, C/o - 56 APO, Pin - 900441 & Permanently Residing at Village - Motipur, Post+PS - Naubatpur; Dist. - Patna, State - Bihar, Pin - 801109 have changed my minor Son's name from Wayvaw Kumar to Vaibhav Kumar Correct Date of Birth 30/07/2016 for all future purposes. Vide Affidavit Dated 01 July 2025 before The Notary Public at Delhi (India) in presence of Advocate Kanta Rana.

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mr. Ranbir Singh** are/is the owner of Entire Built-up Property bearing No. B-95, area measuring 220 sq. yds.comprised in Khasra No. 817 min, situated in the revenue estate of Village Chhattarpur, Tehsil Saket, New Delhi-110074 vide Sale Deed dated 09.06.2025 which is registered as Doc No. 2025/7/I/7804, Book no. I, Volume no. 8589, Pages no. 117-136, dated 24.06.2025, SRO- South Hauz Khas. and Intend to mortgage the said property with **SMFG India Home Finance Company Limited** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**
NOTICE is hereby given to public at large that my client **Mrs. Anita** is the owner of Residential Plot No. G- 559 & G- 560, area measuring 200 Sq. Yds., i.e.167.22 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 308, situated at Block- G, Rampark Ex., Village Hakikatpur alias Khudabas, Pargana & Tehsil Loni, District Ghaziabad, U.P. vide Sale Deed dated 22.04.2024 which is registered as Doc No.7456, Book No. 1, Vol. No. 2055, Page No. 307-326, dated 22.04.2024, SRO- Loni II, Ghaziabad. and Intend to mortgage the said property with **Piramal Capital & Housing Finance Limited.** If any person(s) has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 07 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.
**Khaitan & Khaitan**
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048,
Ph. No: 011-49774545

**NAME CHANGE**
I, KAMALA JOGANNAVAR mother of No-2619154L Rank –SEP Name - MANJUNATH NARAYAN JOGANNAVAR residing at H.NO -12, VILL–KAMAKARAHATTI, PO-TARIHAL, TEH-BELGAUM, DIST–BELGAUM, KARNATAKA-590020, have changed my name from KAMALA JOGANNAVAR to KAMALAVVA JOGANNAVAR for all future purposes vide Affidavit dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NARAYAN JOGANNAVAR father of No-2619154L Rank –SEP Name - MANJUNATH NARAYAN JOGANNAVAR residing at H.NO -12, VILL–KAMAKARAHATTI, PO-TARIHAL, TEH-BELGAUM, DIST–BELGAUM, KARNATAKA-590020, have changed my name NARAYAN JOGANNAVAR to NARAYAN FAKIRAPPA JOGANNAVAR for all future purposes vide Affidavit Dated 01/07/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SACHIN GUPTA son of Shri NARESH KUMAR GUPTA, residing at B-56, Ground Floor, Block-B, Sector-7, Surya Nagar, Chander Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201011, have changed my name and shall hereafter be known as SACHIIN GUPTA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as ANIRUDHA AGARWAL S/O A K AGARWAL R/O PLOT NO. 165, SECOND FLOOR SECTOR 10A, NEAR JAIN MANDIR VASUNDHARA DISTRICT GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201012, have changed my name and shall hereafter be known as ANIRUDH AGARWAL.

**NAME CHANGE**
I G B CHETRI S/O DIG BAHADUR KARKI R/O HALOWA GAON MISSA NAGAON ASSAM -782138 HAVE CHANGE MY NAME TO GANGARAM KARKI FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, BHARTESH KAPUR S/O BALDEV RAJ KAPOOR resident of H NO-229, AMBIKA VIHAR, PASCHIM VIHAR, DELHI-110087 have changed my name to BHARTESH KAPOOR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, ANU KAPUR W/O BHARTESH KAPOOR resident of H NO-229, AMBIKA VIHAR, PASCHIM VIHAR, DELHI-110087 have changed my name to ANU KAPOOR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, KAMAL KAPUR W/O BALDEV RAJ KAPOOR resident of H NO-229, AMBIKA VIHAR, PASCHIM VIHAR, DELHI-110087 have changed my name to KAMAL KAPOOR for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, BALDEV RAJ KAPUR S/O SARDARI LAL KAPOOR resident of H NO-229, AMBIKA VIHAR, PASCHIM VIHAR, DELHI-110087 have changed my name to BALDEV RAJ KAPOOR for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
Information is given to general public at large that our client Mrs. Paramjit Kaur (50% undivided share) and Mr. Bhajan Singh (50% undivided share) are the owner of Freehold Residential Property bearing no. B-7, area measuring 200 sq. yds., out of Khasra no. 15/11, situated in the area of village Chaukhandi, in the abadi of Vishnu Garden, Part-I, in Block-B, New Delhi-110018. by virtue of Sale Deed dated 27.07.2022 duly registered in the office of S.R. II, Basai Darapur, as Doc no. 9616, Book no. 1, Vol no. 26564, Pages 94-104, dated 27.07.2022. in the chain document below mentioned documents not available i.e. (1) Khatoni in the name of Mr. Attar Singh, (2) Reg. GPA, ATS and Will dated 28.04.1964, (3) Death Certificate of late Mrs. Raminder Kaur died 13.03.2018 (4) Death Certificate of late Mr. Avtar Singh (5) Death Certificate & SMC of Late Mr. Deepinder Gill died on 20.02.2022 (6) Probate order of Will dated 19.04.2022 now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Upper Ground Floor (Wester side) sold too be Mrs. Kavita Ginotra and same has been finance by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Laxmi Nagar, Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained
**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432



**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि समाधान हेतु विशेष कैम्प की शुरुआत

**सोनीपत।** सोनीपत नगर निगम कार्यालय में प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियों को दूर करने के लिए विशेष शिविर की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ नगर निगम मेयर राजीव जैन ने किया। पहले दिन लगभग 50 नागरिक पहुंचे, जिनमें से 27 की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। मेयर राजीव जैन ने बताया कि बाज नौ बजे से यह शिविर आरंभ हुआ है अब प्रत्येक सोमवार, मंगलवार और शनिवार को आयोजित होगा, जिससे सप्ताहांत में सरकारी ड्यूटी करने वाले कर्मचारी भी इसका लाभ उठा सकें। मेयर ने बताया कि नागरिक महीनों से प्रॉपर्टी आईडी की मामूली त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए निगम के चक्कर काट रहे थे। ऐसी परेशानियों से राहत दिलाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही नागरिकों को अपनी संपत्ति स्वयं प्रमाणित करने का भी अभियान शिविर में चलाया जाएगा। शिविर में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, चैकर और मेकर एक साथ बैठते हैं, जिससे मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान हो सके। आवश्यकता पड़ने पर वार्ड स्तर पर भी शिविर लगाए जाएंगे।

## सोनीपत में पीएम कुसुम योजना के नाम पर किसान से ठगी

**सोनीपत।** सोनीपत में पीएम कुसुम योजना के नाम पर एक किसान से लगभग 1.84 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने योजना में आवेदन स्वीकृत कराने का झांसा देकर अलग-अलग किश्तों में पैसे ऐंठे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सफियाबाद गांव निवासी किसान रामदिया ने अप्रैल 2025 में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया था। कुछ समय बाद फतेहाबाद निवासी कुलविंदर ने उन्हें फोन कर बताया कि उनका आवेदन स्वीकृत हो चुका है। उसने व्हाट्सएप पर दस्तावेज भेजे और पंजीकरण शुल्क के रूप में 4,500 रुपये मांगे। इसके बाद कई अन्य लोगों ने विभिन्न नामों से रामदिया से धन की मांग की। मोनी दास ने चार किश्तों में 54 हजार 810 रुपये, सन्नी कुमार ने तीन किश्तों में 44 हजार 500 रुपये, चुना मंडल ने 10 हजार रुपये, करण सिंह ने 28 हजार 110 रुपये, जबकि शुभम कुमार को 17 हजार 400 रुपये और मारुति अभिमान को 19 हजार 600 रुपये का भुगतान किया गया। साथ ही, एनईएफटी के जरिए 29 हजार 450 रुपये भी भेजे गए।

## विदेशी रिश्तेदार वन पैसा ठगने वाले तीन आरोपी काबू

**रोहतक।** साइबर क्राइम पुलिस ने मध्य प्रदेश से तीन पैसा ठगने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह विदेशी रिश्तेदार बनकर ऑनलाइन पैसे की ठगी करते थे, जिनके पास से 56 एटीएम कार्ड, 15 चैक व पासबुक, 7 सिम व 6 मोबाइल बरामद किए हैं। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। रोहतक साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि रोहतक में शिकायत के अलावा 10 और मामले निकलकर सामने आए है। 26 मई को रोहतक निवासी खरैती लाल ने एक शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक ने विदेश में रहने वाला उनका भतीजा मयंक बनाकर फोन किया और कहा कि मेरे अकाउंट में कुछ दिक्कत हो गई है इसलिए वह उनके खाते में कुछ पैसे भेज रहा है। जिसे वह भारत आने के बाद पैसे ले लेगा। इसके बाद एक व्यक्ति का बैंक अधिकारी बनकर कॉल आया और कहा कि उनके अकाउंट में 6 लाख आ चुके हैं। यही नहीं फिर एक तीसरे बंदे ने फोन किया और कहा कि मयंक ने डेढ़ लाख रुपए देने को कहा है और ऐसा कर इन तीनों ने खरैती लाल के साथ ठगी कर ली। जिसकी जांच की जा रही थी और जांच में मध्य प्रदेश से तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 56 एटीएम, 15 चेक बुक पासबुक, 7 सिम व 6 मोबाइल बरामद किए गए। जब इनसे पूछताछ की गई तो रोहतक की घटना के साथ-साथ 10 और शिकायतें ऑनलाइन फ्रॉड की इनके खिलाफ रजिस्टर्ड है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इनके गिरोह में और भी बहुत से लोग शामिल हैं जिनके नाम सार्वजनिक तौर पर उजागर नहीं किए जा सकते।

## सोनीपत के गांव-गांव नशा विरोधी अलख जगाने निकली एनसीबी टीम

**सोनीपत।** सोनीपत में नशे के विरुद्ध जंग को जनांदोलन का रूप देने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक सशक्त अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान न केवल नशा तस्करों पर कार्रवाई तक सीमित है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाकर जनसहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक निर्णायक कदम है। सोनीपत जिले के मुरथल सेक्टर-16 से इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम नून लौटा संकल्प, बकेट चैलेंज, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता शिविर और साइकिल यात्राओं के माध्यम से शहरों और गांवों में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहा है। एनसीबी के उप निरीक्षक व पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक वर्मा ने कार्यक्रम में कहा कि नशा दो प्रकार का होता है, प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त। दोनों ही समाज के लिए अत्यंत घातक हैं। उन्होंने ई-हुक्के के बढ़ते चलन को समाज में एक भ्रांति बताते हुए इसे सामूहिक बहिष्कार से समाप्त करने का आह्वान किया।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सेक्टर 37 चंडीगढ़ स्थित डा. अंबेडकर भवन में आयोजित शोक सभा में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विजय रूपाणी की असामयिक और दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। राज्यपाल दत्तात्रेय ने स्वर्गीय रूपाणी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय रूपाणी जी एक मृदुभाषी, दयालु व्यक्ति थे, जो सार्वजनिक सेवा और लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की है। वे एक सच्चे देशभक्त और दूरदर्शी नेता थे। राज्यपाल ने कहा कि रूपाणी जी की महान आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



## त्रैमासिक बैठक में नहीं आने पर जिला के आठ बैंकों को कारण बताओ नोटिस

एजेंसी

**पानीपत।** जिला उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने आठ बैंकों को कड़ी फटकार लगाई। साथ इन बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया । इन आठ बैंको ने प्रशासन के आदेशों की अनुपालन नहीं की। डीसी द्वारा बुलाई गई डीएलआरसी की बैठक में जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को बुलाया गया था, लेकिन प्रसाशन द्वारा बुलाई गई इस बैठक में आठ बैंको को छोड़ कर सभी बैंक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में भाग नहीं लेने वाले बैंकों में बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, नैनीताल बैंक, एयू स्माल फाइनेंस बैंक व् सर्व हरयाणा ग्रामीण बैंक थे। जिस पर उपायुक्त विरेंदर कुमार दहिया इन बैंकों के प्रतिनिधियों के शामिल ना होने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्हें कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। बता दें कि डीएलआरसी की बैठक का आयोजन किया गया था। उपायुक्त ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने लम्बित पड़े कार्यो को जल्दी से जल्दी पूरा करें। बैठक में उपायुक्त ने जिले में बैंकों की ओर से गांव-गांव लगाए जाने वाले शिविरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने बताया कि ये शिविर आगामी एक जुलाई से 30 सितम्बर तक जिले की सभी ग्राम पंचायतो में लगाये जाएगे। उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों में सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमनज को उपलब्ध करवाना है।




बैठक में जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण, एलडीओ प्राची सिंह , एलडीएम राज कुमार, नाबार्ड से एजीएम जगतार सिंह व कई अन्य बैंकों की अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा में 13 साल बाद होंगे स्टेट गेम्स

### हरियाणा ओलंपिक संघ की बैठक में हुए कई फैसले

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। लगभग 13 वर्षों के बाद प्रदेश में 'स्टेट गेम्स' होंगे। हरियाणा ओलंपिक संघ ने ये खेल करवाने का निर्णय लिया है। स्टेट गेम्स इसी साल होंगे। इससे पहले 2012 में आखिरी बार स्टेट गेम्स हुए थे। हालांकि समय और जगह अभी तय नहीं की है। इसके लिए संघ ने सर्च कमेटी बनाने का निर्णय लिया है। वहीं फुटबाल खिलाड़ियों के लिए ट्रायल 2 व 3 जुलाई को पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होंगे।ट्रायल के लिए फुटबाल की एडहॉक कमेटी का गठन किया है। पंचकूला स्थित हरियाणा ओलंपिक संघ कार्यालय में हुई सालाना जनरल बॉडी और मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में ये निर्णय लिए गए। ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह कप्तान मीनू बेनीवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संघ के महासचिव व हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे। बैठक में खिलाड़ियों की समस्याओं, खेल परिसरों में सुधार सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।



साथ ही, यह तय किया गया कि मैनेजमेंट कमेटी (प्रबंधन समिति) की बैठक अब हर माह के पहले मंगलवार को होगी। बैठक में संघ कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह, उपाध्यक्ष - मुकेश शर्मा विधायक, नीरज तंवर, सुनील मलिक, अनिल खत्री, जितेंद्र सिंह व राकेश सिंह तथा कार्यकारी सदस्य रोहित पुंडीर, सुरेखा व प्रिया मौजूद रहे। वहीं एजीएम में सभी 22 जिलों के ओलंपिक संघ सचिव, खेल विश्विविद्यालय, पुलिस खेल टीम, एचएसआईआईडीसी तथा बिजली निगमों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। फुटबाल के लिए बनाई गई एडहॉक कमेटी का अध्यक्ष नीरज तंवर को बनाया है। कमेटी में अनिल खत्री, रोहित पुंडीर, सुरेखा व प्रिया को बतौर सदस्य शामिल किया है।

बैठक में संघ के अध्यक्ष जसविंद्र सिंह कप्तान मीनू बेनीवाल ने कहा कि सभी फेडरेशन को खिलाड़ियों को तैयार करने पर विशेष फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओलंपिक संघ 2036 के ओलंपिक खेलों की तैयारियों के हिसाब से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक संघ सभी फेडरेशन के साथ सहयोग से आगे बढ़ेगा। कैबिनेट मंत्री व महासचिव कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को लेकर काफी गंभीर हैं। उन्होंने सभी सांसदों को भी निर्देश दिए हुए हैं कि वे खेलों के साथ जुड़ें ताकि अच्छे खिलाड़ी तैयार किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सभी खेल फेडरेशन का फर्ज बनता है कि वे अच्छे खिलाड़ी तैयार करें ताकि देश व प्रदेश का नाम रोशन हो।ज इस मौके पर गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि अगर स्टेट गेम्स का आयोजन गुरुग्राम में होता है तो वे हरसंभव मदद करेंगे।

## बिजली के बढ़े टैरिफ के विरोध में उतरी कांग्रेस

एजेंसी

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने बिजली के बढ़े टैरिफ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में समीक्षा याचिका दायर की है। पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर संपत सिंह ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के विद्युत शुल्क आदेश के बाद जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में पहला बिजली बिल प्राप्त होने पर सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को इस शुल्क आदेश का तगड़ा झटका लगा है। संपत ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियां 7964.28 करोड़ यूनिट की विभिन्न बिजली उत्पादन इकाइयों से बिजली 3.12 रुपये प्रति यूनिट के दर खरीद रही है और वे उपभोक्ताओं को 7.29 रुपये प्रति यूनिट की दर से बेच रही हैं। इसके अलावा कुल खरीदी गई बिजली में से उपभोक्ता को केवल 6916 करोड़ यूनिट दी जानी है। रास्ते में नुकसान 22 प्रतिशत से अधिक है इसलिए उपभोक्ता को उस ऊर्जा के लिए 22 प्रतिशत अधिक भुगतान करना होगा जो उन्हें दी ही नहीं है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए संपत सिंह ने कहा कि पहली बार घरेलू उपभोक्ता को भी 50 रुपये प्रति किलोवाट से 75 रुपये प्रति किलोवाट का फिक्सड शुल्क का झटका दिया गया है। प्रति यूनिट की दरें भी 25 से 50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। कमर्शियल उपभोक्ता को भी एलटी एंड एचटी आपूर्ति शुल्क के साथ फिक्सड चार्जिज भी 165 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 290 रुपये प्रति केवीए कर दिए है। दरें भी 6.65 रुपये प्रति यूनिट से 6.95 प्रति यूनिट कर दी है। जिन औद्योगिक उपभोक्ताओं के पास 50 किलोवाट से अधिक लोड है, उनकी 6.55 रुपये प्रति यूनिट की दरो को बढ़ाकर 7.25 रुपये प्रति यूनिट कर दिया है। संपत का कहना है कि 22 लाख उपभोक्ताओं की डिफॉल्टिंग राशि 8000 करोड़ रुपये हो चुकी है यानी ये 22 लाख उपभोक्ता बिजली की खपत बिना बिल दिए कर रहे है जिसका बोझ बाकी उपभोक्ताओं पर भी पड़ता है।

## राज्य व राष्ट्रीय मार्गों पर तुरंत प्रभाव से बंद होंगे अवैध कट

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जिला में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नियमित चाक चैबंद होने चाहिएं, ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य या राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कटों का तुरंत बंद करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी विवेक आर्य एडीसी कार्यालय के सभागार में सड़क सुरक्षा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर एजेंडे में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नैशनल हाईवे पर पुलिस व संबंधित विभाग नियमिति रूप से पेट्रोलिंग करते रहें। अगर कोई वाहन ओवर स्पीड मिलता है तो उसका तुरंत नियमानुसार चालान करना सुनिश्चित करें।

## सीएम नायब सैनी ने गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में उनका निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री आज अंबेडकर भवन चंडीगढ़ में आयोजित शोक सभा में बोल रहे थे। शोक सभा में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी का निधन हम सबके लिए गहरा आघात है। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सेवा-भाव के आदर्शों के अनुरूप समर्पित रहा। वे एक सच्चे कर्मयोगी, विचारशील राजनेता और जनमानस से जुड़ी हुई भावना के प्रतीक थे। उनके निधन से देश ने एक ऐसा जननेता खो दिया है, जिसने पूरी निष्ठा से संगठन, सत्ता और समाज, तीनों के साथ न्याय किया। उन्होंने कहा कि विजय रूपाणी की विचारधारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की मूल आत्मा से जुड़ी रही। उनका राजनीतिक जीवन राष्ट्रप्रेम, पारदर्शिता, सुशासन और सेवा के चार स्तंभों पर आधारित था। वे दृढ़ राष्ट्रवादी विचारधारा के पक्षधर थे और भारतीय संस्कृति की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए थे। विजय रूपाणी विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगन से काम किया। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर जीवन को आसान बनाने अर्थात ईज ऑफ लिविंग में। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजय रूपाणी राजकोट पश्चिम सीट से गुजरात विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 7 अगस्त 2016 से 11 सितंबर, 2021 तक दो कार्यकाल के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। वे वर्तमान में पंजाब भाजपा के प्रभारी थे। हरियाणा में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के लिए उन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन किया। वे कई बार हरियाणा आए और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन और सेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। उनकी स्मृतियां और विचारधारा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



## मेडिकल स्टोर के बाहर अंकित करना होगा फार्मासिस्ट का नाम व लाइसेंस नंबर

एजेंसी

**सिरसा।** नशा मुक्ति के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें। जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। मेडिकल के नशे को रोकने को लेकर भी निगरानी बढ़ाएं। अधिकारियों को यह आदेश सोमवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दिए। वे यहां नारकोटिक्स कार्डिनेशन कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी मेडिकल हॉल पर कैमरे लगाए जाना सुनिश्चित किया जाए। मेडिकल हॉल के बाहर फार्मासिस्ट का नाम व लाइसेंस नंबर भी अंकित किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि नशे के प्रति प्रशासन गंभीर है और हर हाल में नशा रोके जाने को लेकर कदम उठाए जाने हैं। नशा चाहें किसी भी प्रकार का हो, उसे रोकना जरूरी है। उन्होंने ड्रग कंट्रोलर को निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर पर भी जांच का दायरा बढाया जाना चाहिए। जो दवाएं चिकित्सक की सलाह से दी जानी है, उसके रिकार्ड को गहनता से जांचना चाहिए। उन्होंने पुलिस को भी निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेजी से चलाएं। शिक्षा विभाग से स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है ताकि विद्यार्थी नशे की प्रवृति से दूर रहें। नशे के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए वीडियो भी दिखाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस तो काम कर रही रही है, ऐसे अभियान में आमजन की भागीदारी जरूरी है। सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने बैठक में पुलिस द्वारा अबतक चलाए गए अभियान की भी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने कहा कि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशा तस्करों के बारे में जानकारी दें ताकि उन्हें पकड़ा जा सके। जो भी व्यक्ति सूचना देता है, उसका नाम गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी को अपना योगदान देना होगा तभी जाकर युवाओं को अधिक से अधिक नशे से दूर रख पाएंगे।



## मातृभूमि एवं प्रकृति के प्रति सम्मान है एक पेड़ मां के नामः डॉ. अरविंद शर्मा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि व प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल के करीब यह अभियान हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हम मिलकर देश व प्रदेश में पर्यावरण को बेहतर बना सकें। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा भवन परिसर स्थित डिस्पेंसरी में आम्रपाली आम एवं अमरूद के दो पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम में राज्यों के सहकारिता मंत्रियों एवं प्रशासनिक सचिवों की बैठक में शामिल होने से पहले सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे और समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थितजनों के साथ-साथ आमजन से भी आह्वान किया कि वो भी पौधारोपण करते हुए प्रकृति संरक्षण की इस नायाब मुहिम का हिस्सा बनें।



## रेशनेलाइजेशन के नाम पर विभाग में सेंकड़ों पदों को खत्म करने का प्रयास : गंगाराम मौण

एजेंसी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कन्वेंशन श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धर्मशाला में जिला प्रधान ओमप्रकाश माल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कन्वेंशन में मंच संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया। कन्वेंशन में 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व जन संगठनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान गंगाराम मौण, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, उप प्रधान संदीप पूनिया, जिला प्रधान ओमप्रकाश माल व जिला सचिव दीपक मेहरा ने सोमवार को कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में रेशेनेलाइजेशन के नाम पर बेलदार, कैनाल गार्ड, हेल्पर, सुपरवाइजर, मैसन, अर्थवर्क मिस्त्री, स्टोर कीपर, टेलीफोन अटेंडेंट, प्लंबर, चार्जमैन, फोरमैन सहित लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़के) के मैकेनिकल विंग में कार्यरत कर्मचारियों के सैकड़ों पदों की कटौती की सिफारिश की गई है। यह सिफारिश न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि इससे भविष्य में विभागीय कार्यक्षमता और रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। संगठन सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा करता है और स्पष्ट करता है कि अगर इस पर पुनर्विचार कर यूनियन को बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया, तो कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन पहले भी तीनों विभागों (सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़कें) की प्रमुख मांगों को लेकर सरकार से लगातार संपर्क में रहा है। जिला प्रधान ओमप्रकाश माल व जिला सचिव दीपक मेहरा ने बताया कि कन्वेंशन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी नियमित व कच्चे कर्मचारी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और इसे पूर्ण रूप से सफल बनाएंगे। कन्वेंशन में यूनियन के विभिन ब्रांचों के पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे।



## आदर्श सौर गांव योजना में ग्राम पंचायतों में अच्छा रुझान, 668 आवेदन आए

एजेंसी

**झज्जर।** जिले में चल रही आदर्श सौर गांव योजना को लेकर ग्राम पंचायतों में उत्साहजनक रुझान देखने को मिल रहा है। योजना के तहत अब तक जिले के 29 चयनित गांवों से 668 सोलर वाटर पंप लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि सोलर स्ट्रीट लाइट्स के लिए भी कई पंचायतें आगे आकर आवेदन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि आदर्श सौर गांव योजना का उद्देश्य गांवों को पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के एक घटक के रूप में चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत चयनित गांवों 29 में सोलर पैनल, सोलर वाटर पंप, स्ट्रीट लाइट व अन्य सौर उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए गांवों के बीच सौर ऊर्जा अपनाने की प्रतिस्पर्धा 3 जून से शुरू हो चुकी है व आगामी 2 दिसंबर तक चलेगी। सबसे अधिक सोलर पैनल लगवाने वाले गांव को एक करोड़ रुपये की विशेष अनुदान राशि दी जाएगी। डीसी ने कहा कि योजना को लेकर ग्राम पंचायतों सक्रिय रूप से आगे आएं और सौर ऊर्जा के विकल्पों को अपनाएं। ग्राम पंचायतों की पहल पर ग्रामीणों में सौर ऊर्जा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है, जिससे हरित ऊर्जा की ओर ग्रामीण क्षेत्रों का रुझान तेजी से बढ़ा है। अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास ने बताया कि उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी योजना की प्रगति की निगरानी कर रही है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना, ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट और सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी योजनाएं इसमें सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को इन योजनाओं के अधिकतम लाभ के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कई पंचायतें अपने गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाने के लिए आवेदन कर रही हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा बल्कि गांवों में स्वच्छ व अक्षय ऊर्जा संसाधनों का भी विस्तार होगा।

**NAME CHANGE**
I, ATUL GOEL S/o MUKESH GOEL R/o 20/207 Nai Basti, Bahadurgarh, Jhajjar, Haryana - 124507 have changed the name of my minor Daughter MAYRA aged 2 years and she shall hereafter be known as MANSI.



## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.50 पर बंद हुआ। वहीं शुरुआती कारोबार में 42 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.34 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के कई महीने के निचले स्तर पर पहुंचने और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.66 पर खुला। शुरुआती कारोबार में 85.34 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 42 पैसे की बढ़त को बताता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.76 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 96.71 पर आ गया।

## एनएमडीसी ने लगातार दूसरी बार किया कटौती का ऐलान

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार, 1 जुलाई को 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। गिरावट की वजह कंपनी द्वारा लगातार दूसरे महीने अपने प्रमुख उत्पादों की कीमतों में की गई कटौती है। एनएमडीसी ने लम्प ओर की कीमत 600 रुपए से घटाकर 5,700 रुपए प्रति टन और फाइंस की कीमत 500 रुपए से घटाकर 4,850 रुपए प्रति टन कर दी है। यह नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। इससे पहले जून में भी कंपनी ने 140-150 रुपए प्रति टन की कटौती की थी। हालांकि मार्च तिमाही में पेलेट्स और अन्य खनिजों से कंपनी की आय बढ़ी थी लेकिन आयरन ओर की बिक्री से मिलने वाली प्रति टन आमदनी अनुमान से कम रही। इसके साथ ही कर्मचारियों और परिचालन लागत में बढ़ोतरी के चलते कंपनी के मुनाफे पर दबाव बना रहा।

## कल्पतरु का शेयर नौ प्रतिशत से अधिक चढ़ा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी कल्पतरु लिमिटेड के शेयर ने 414 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले मंगलवार को बाजार में सपाट शुरुआत की, लेकिन जल्द ही वापसी करते हुए यह नौ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर शेयर ने 414.10 रुपये पर शुरुआत की। बाद में इसमें तेजी आई और यह निर्गम मूल्य के मुकाबले 9.42 प्रतिशत चढ़कर 453 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर निर्गम मूल्य 414 रुपये पर ही सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 9.37 प्रतिशत चढ़कर 452.80 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन शुरुआती कारोबार के दौरान 9,121.99 करोड़ रुपये रहा। कल्पतरु के आरंभिक शेयर निर्गम (आईपीओ) को बोली के ओ खिरी' दिन गुरुवार को 2.26 गुना अभिदान मिला था। कंपनी का आईपीओ 1,590 करोड़ रुपये के नए शेयर का निर्गम है, जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई घटक शामिल नहीं है। आईपीओ के लिए 387-414 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था। आईपीओ से हासिल राशि का उपयोग ऋण भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किए जाने का प्रस्ताव है।

## बजाज ऑटो की बिक्री जून में बढ़कर 3,60,806 इकाई रही

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 3,60,806 इकाई हो गई। पुणे स्थित मोटर वाहन विनिर्माण कंपनी ने जून 2024 में कुल 3,58,477 वाहनों की बिक्री दर्ज की थी। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वाणिज्यिक वाहनों सहित कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने 13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,88,460 इकाई रही, जबकि जून 2024 में यह 2,16,451 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 1,72,346 वाहन हो गया, जबकि जून 2024 में यह 1,42,026 इकाई रहा था।

# नवरत्न कंपनी बीईएल को मिला 528 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के स्टॉक्स में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी जा रही है। बीईएल के शेयर मंगलवार को बीएसई में 3 फीसदी से अधिक चढ़कर 436 रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जिसके साथ ही नवरत्न कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। यह तेजी तब आई जब कंपनी को 528 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिलने की खबर सामने आई। इस अपडेट ने निवेशकों के भरोसे और उत्साह को बढ़ा दिया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेडको मिले इस ताजा ऑर्डर में कई अत्याधुनिक रक्षा और रणनीतिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम्स, जैमर्स, शेल्टर्स, कंट्रोल सेंटर्स, स्पेयर्स, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन्स संबंधित सेवाएं शामिल हैं। इससे पहले भी कंपनी को 585 करोड़ रुपये और 537 करोड़ रुपये के अन्य रक्षा उपकरणों और सिस्टम्स से जुड़े ऑर्डर मिल चुके हैं, जो इसकी लगातार बढ़ती ऑर्डर बुक को बताता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉक्स ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इसके शेयर पिछले पांच वर्षों में 1240 फीसदी से अधिक उछल गए हैं। 3 जुलाई 2020 को जहां इसका शेयर 32.42 रुपये था, वहीं 1 जुलाई 2025 को यह बढ़कर 435.95 रुपये तक पहुंच गया।

## नवरत्न कंपनी बीईएल को मिला 528 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के स्टॉक्स में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी जा रही है। बीईएल के शेयर मंगलवार को बीएसई में 3 फीसदी से अधिक चढ़कर 436 रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जिसके साथ ही नवरत्न कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। यह तेजी तब आई जब कंपनी को 528 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिलने की खबर सामने आई। इस अपडेट ने निवेशकों के भरोसे और उत्साह को बढ़ा दिया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेडको मिले इस ताजा ऑर्डर में कई अत्याधुनिक रक्षा और रणनीतिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम्स, जैमर्स, शेल्टर्स, कंट्रोल सेंटर्स, स्पेयर्स, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन्स संबंधित सेवाएं शामिल हैं। इससे पहले भी कंपनी को 585 करोड़ रुपये और 537 करोड़ रुपये के अन्य रक्षा उपकरणों और सिस्टम्स से जुड़े ऑर्डर मिल चुके हैं, जो इसकी लगातार बढ़ती ऑर्डर बुक को बताता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉक्स ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इसके शेयर पिछले पांच वर्षों में 1240 फीसदी से अधिक उछल गए हैं। 3 जुलाई 2020 को जहां इसका शेयर 32.42 रुपये था, वहीं 1 जुलाई 2025 को यह बढ़कर 435.95 रुपये तक पहुंच गया। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 623 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं पिछले 3 साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 468 फीसदी बढ़ गए हैं। जबकि पिछले दो वर्षों में कंपनी के शेयरों में 245 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## असम ने अब तक की सर्वाधिक सात लाख मीट्रिक टन धान खरीदीः हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य ने अब तक की सर्वाधिक करीब सात लाख मीट्रिक टन धान खरीद है जो पिछले साल की तुलना में दो गुना से अधिक है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, हमें 6.97 लाख मीट्रिक टन की रिकॉर्ड धान खरीद के साथ खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2024-25 के सफल समापन की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। धान खरीद अब तक की सर्वाधिक रही। राज्य ने खरीफ विपणन सत्र 2023-24 के दौरान सिर्फ 3.14 लाख मीट्रिक टन की खरीद की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ विपणन सत्र 2022-23 में धान की खरीद 5.92 लाख मीट्रिक टन हुई थी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हमारे किसान बाजारों से जुड़े रहें और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिले जिसके वे हकदार हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने कहा था कि राज्य ने खरीफ विपणन सत्र 2024-25 में 5,85,500 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

### सेंसेक्स 91 अंक, निफ्टी 25 अंक ऊपर आया

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार ज्यादा ऊपर नहीं आ पाया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,697.29 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 24.75 अंकों की बढ़त के साथ ही 25,541.80 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 13 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, जबकि बाकी की सभी 17 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे बंद हुए। निफ्टी की 50 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही लाभ पर बंद हुए और बाकी की 26 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बीईएल के शेयर सबसे ज्यादा 2.51 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि एक्सिस बैंक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.84 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.18 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.10 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.93 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.60 फीसदी, टाइटन 0.30फीसदी, भारती एयरटेल 0.29 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक 0.04 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.04 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।वहीं दूसरी ओर आज , टेक महिंद्रा 1.05 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.95 फीसदी, टीसीएस 0.89 फीसदी, एनटीपीसी 0.70 फीसदी, पावरग्रिड 0.67 फीसदी, एचसीएल टेक 0.60 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.60 फीसदी,




सनफार्मा 0.57 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.37 फीसदी, आईटीसी 0.31 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.25 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.23 फीसदी नुकसान के साथ बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 188.66 अंक बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक बढ़कर 25,571.85 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी बाजार के नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ, ग्लोबल इक्विटी बाजार का मूड सकारात्मक है और पश्चिम एशियाई भू-राजनीति अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा नहीं है। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 51.95 अंक बढ़कर 57,364.70 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 146.45 अंक की बढ़त के साथ 59,887.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 52.50 अंक की बढ़त के साथ 19,127.60 पर था।

# फिर से बढ़े सोने के भाव, चांदी के दाम में गिरावट

### सोने के भाव 96,700 रुपए, चांदी लगभग 1,06,300 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत में मंगलवार को तेजी देखी जा रही है। जबकि चांदी में सुस्ती देखने को मिल रही है। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,700 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में चांदी के भाव लुढ़क गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 396 रुपये की तेजी के साथ 96,471 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,075 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 615 रुपये की तेजी के साथ 96,690 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 102 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,190 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,292 रुपये था। इस समय यह 22 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,270 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि चांदी के भाव बाद में लुढ़क गए। कॉमेक्स पर सोना





3,315.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,307.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 21.40 डॉलर की तेजी के साथ 3,329.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.06 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 35.85 डॉलर था। इस समय यह 0.01 डॉलर की गिरावट के साथ 35.84 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## कोल इंडिया, हिंदुस्तान कॉपर के साथ खनिज क्षेत्र में करेंगे काम

### दोनों ने गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हिंदुस्तान कॉपर के साथ एक समझौता किया है। सीआईएल ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दोनों कंपनियों ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए सोमवार को गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सीआईएल और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने महत्वपूर्ण खनिजों के विकास पर सहयोग एवं सहभागिता के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य खनिज रेत और दुर्लभ खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की परस्पर सहमत परिसंपत्तियों का विकास करना है। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्व जैसे खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल हैं। पवन टर्बाइन और बिजली तंत्र से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक इनका उपयोग किया जाता है।

# हीरो स्प्लेंडर ने फिर बिक्री के सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़े

**नई दिल्ली।** मई 2025 में हीरो मोटोकॉर्प की सबसे पॉपुलर बाइक हीरो स्प्लेंडर ने एक बार फिर बिक्री के सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए। अकेले इस मॉडल ने 63.53 प्रतिशत बाजार पर कब्जा कर लिया। दूसरे नंबर पर हीरो एचएफ डीलक्स रही, जिसकी बिक्री 23.67 फीसदी बढ़कर 1,07,768 यूनिट तक पहुंच गई। इस दौरान स्प्लेंडर की 3,10,335 यूनिट बिकीं, जो 1.86 फीसदी सालाना बढ़ोतरी दर्शाती है। वहीं हीरो पैशन की बिक्री 24.92 फीसदी गिरावट के साथ 16,763 यूनिट पर सिमट गई।

चौथे नंबर पर हीरो एक्सट्रीम 125 आर रही, जिसने 15.89 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 16,602 यूनिट बेचीं। हीरो डेस्टिनी 125 पांचवें स्थान पर रही, इसकी बिक्री 31.41 फीसदी बढ़कर 15,018 यूनिट रही। इलेक्ट्रिक सेगमेंट में हीरो विडा ने 129.70 फीसदी की जबरदस्त सालाना ग्रोथ दर्ज की और 8,361 यूनिट बिकें।

सातवें नंबर पर हीरो प्लेजर रहा, जिसकी बिक्री 29.53 फीसदी बढ़कर 8,128 यूनिट तक पहुंची। हालांकि कुछ मॉडलों ने कमजोर प्रदर्शन किया।

हीरो एक्सपल्स की बिक्री 29.89 फीसदी घटकर 2,407 यूनिट रही। हीरो जूम की बिक्री 70.17 फीसदी गिरकर 1,029 यूनिट रही, जबकि हीरो ग्लैमर ने 95.21 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ केवल 911 यूनिट ही बेचीं। हीरो एक्सट्रीम 160/200 ने 623 यूनिट और एक्सट्रीम 250 आर ने 477 यूनिट बेचीं। हीरो करिज्मा 210 की 72 यूनिट बिकीं, जबकि हीरो मैवरिक 440 सिर्फ 5 यूनिट ही बेच पाई।

# मारुति और टोयोटा करेगी कई एसयूवी लांच

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी कंपनी और जापान की दिग्गज टोयोटा आने वाले महीनों में भारत में कई नई एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को भारतीय बाजार में पेश करने जा रही है।

इस एसयूवी को कंपनी ने 2025 भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में भी शोकेस किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ई-विटारा में दो बैटरी पैक के विकल्प मिलेंगे और यह एक बार चार्ज करने पर 500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज दे सकती है।

यह एसयूवी भारतीय ग्राहकों के लिए किफायती इलेक्ट्रिक विकल्प बन सकती है। इसके अलावा मारुति अपनी नई मिड-साइज एसयूवी भी उतारने जा रही है, जिसका कोडनेम वाय17 है और नाम मारुति एस्कुडो रखा जा सकता है। यह एसयूवी ब्रेजा और ग्रैंड विटारा के बीच की रेंज में आएगी। इसे अगले 2-3 महीनों में



लॉन्च किए जाने की संभावना है। इसमें 1.5 लीटर का 4-सिलेंडर पेट्रोल इंजन और माइल्ड हाइब्रिड तकनीक देखने को मिलेगी। टोयोटा भी अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर बीईवी लाने की तैयारी में है। इस मॉडल को भारत में 2025 के अंत तक या 2026 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है।

# स्मार्टफोन शाओमी 15 अल्ट्रा के नए कलर वेरिएंट्स पेश



**नई दिल्ली।** चाइनीज कंपनी शाओमी ने अपने प्रीमियम स्मार्टफोन शाओमी 15 अल्ट्रा के लिए नए कलर वेरिएंट्स प्रस्तुत किए हैं। नए रंगों में भी टू-टोन डिजाइन और सिल्वर स्ट्रिप के साथ वीगन लेदर बैक मिलता है, जो इसे विंटेज कैमरा जैसा लुक देता है। पहले यह फोन ब्लैक, वाइट और सिल्वर रंग में उपलब्ध था, लेकिन अब इसे पर्पल, एक्वामरीन और ब्राउन रंग में भी खरीदा जा सकेगा। इसके साथ ही कंपनी ने खासतौर पर फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए अपडेटेड कैमरा ग्रिप किट भी लॉन्च किया है। यह नया किट पहले से हल्का है और इसका वजन 42 ग्राम रखा गया है। हालांकि इसमें बिल्ट-इन बैटरी नहीं दी गई है। किट में हाफ-प्रेस ऑटोफोकस सपोर्ट वाला शटर बटन, एक्सपोजर लॉक और वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए डेडिकेटेड बटन भी मिलता है। फोन के हार्डवेयर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शाओमी 15 अल्ट्रा में 6.73 इंच का एलटीपीओ अमोलेड डिस्प्ले है, जो 120एचज़ेड रिफ्रेश रेट और 3200 निट्स पीक ब्राइटनेस ऑफर करता है। इसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट, 16जीबी रैम और 512जीबी स्टोरेज दिया गया है। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50एमपी मेन कैमरा, 50एमपी लीका अल्ट्रावाइड लेंस, 50एमपी लीका टेलीफोटो लेंस और 200एमपी लीका सुपर टेलीफोटो लेंस दिया गया है। फ्रंट में 32एमपी का सेल्फी कैमरा मौजूद है। सिक्योरिटी के लिए इसमें इन-डिस्प्ले अल्ट्रासोनिक फिंगरप्रिंट सेंसर है। यह हायपर ओएस 2.0 पर चलता है और कनेक्टिविटी के लिए वायफाय7, ब्लूटूथ 5.4, एनएफसी,जीपीएस और यूएसबी टाइप-सी जैसे विकल्प मौजूद हैं। बैटरी 6000एमएएच की है, जो 90डब्ल्यू वायर्ड और 80डब्ल्यू वायरलेस चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन आईपी68 रेटिंग के साथ डस्ट और वॉटरप्रूफ है।

# 1 जुलाई से 58 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर


### होटल-रेस्टोरेंट वालों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने 1 जुलाई से 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव कम कर दिए हैं। हर महीने की पहली तारीख को कंपनियां सिलेंडर के दाम अपडेट करती हैं और इस बार दाम में 58.50 की कटौती की गई है। हालांकि,



घरेलू सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन शहरों में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में अब 19 किलो का सिलेंडर 1723.50 की जगह 1665 में मिलेगा, नोएडा में 1747.50, कोलकाता में 1826 की जगह 1769, मुंबई में 1674.50 से घटकर 1616 और चेन्नई में यह सिलेंडर 1881 की जगह 1823.50 रुपए में मिलेगा। कमर्शियल सिलेंडर के सस्ते होने से होटल, रेस्टोरेंट और दूसरे व्यापारियों को राहत मिलेगी क्योंकि इन जगहों पर गैस की खपत ज्यादा होती है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार लगातार चौथे महीने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। वहीं लगातार चार महीनों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर में करीब 140 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 138 रुपए की गिरावट देखी गई है। जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 144 रुपए दाम कम हुए हैं। इसके अलावा मुंबई की बात करें तो यहां पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 139 रुपए की गिरावट देखी गई है। जबकि चेन्नई में इस दौरान कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 141.5 रुपए की गिरावट देखी जा चुकी है। वहीं पिछले कुछ महीनों में भी सिलेंडर के दाम घटे गए हैं - जून 2025 में 24 रुपए की कटौती, मई 2025 में 14.50 रुपए सस्ता, अप्रैल 2025 में 41 रुपए की कमी, फरवरी 2025 में 7 रुपए की कटौती, मार्च 2025 में केवल 6 रुपए बढ़ाए गए थे। जून में दिल्ली में सिलेंडर का रेट 1723 रुपए था, जबकि अप्रैल में ये 1762 और मई में 1747.50 रुपए था।

# डिजिटल इंडिया का एक दशक, दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है



नरेंद्र मोदी

**2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे। आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है।**

दस साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था।

जहाँ दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पाएंगे की नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया।

जहाँ दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और गरीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया।

जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है।

यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ।

2014 में, इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी, और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं।

आज, इस प्रश्न का उत्तर डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन के माध्यम से दिया जा चुका है। शासन से लेकर शिक्षा, लेन-देन और निर्माण तक, डिजिटल इंडिया हर जगह है।

**- डिजिटल डिवाइड को पाटते हुए**

2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे। आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है।

भारत का 5जी रोलआउट विश्व में सबसे तेज रोलआउट्स में से एक है, और मात्र दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशंस स्थापित किए गए हैं। हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों से लेकर अग्रिम सैन्य चौकियों तक जैसे गलवान, सियाचिन और लद्दाख पहुँच चुका है।

इंडिया स्टैक, जो हमारा डिजिटल बैकबोन है, ने UPI जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है, जो अब सालाना 100 बिलियन से अधिक लेन-देन करता है। विश्व में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन में से लगभग आधे भारत में होते हैं।




डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गयी है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और 3.48 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गई है।

स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी काड्र्स जारी किए हैं और 6.47 लाख गांवों को मैप किया है, जिससे वर्षों से चली आ रही भूमि संबंधी अनिश्चितता का अंत हुआ है।

**- सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण**

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक MSMEs और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है।

ONDC (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है जो विक्रेताओं और खरीदारों के विशाल बाजार से सीधा संपर्क स्थापित कर नए अवसरों की खिड़की खोलता है।

GeM (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवाएं बेचने की सुविधा देता है। इससे न केवल आम नागरिक को एक विशाल बाजार मिलता है बल्कि सरकार की बचत भी होती है।

कल्पना कीजिए: आप मुद्रा लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आपकी क्रेडिट योग्यता को अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क के माध्यम से आंका जाता है। आपको लोन मिलता है, आप अपना व्यवसाय शुरू करते हैं। आप GeM पर पंजीकृत होते हैं, स्कूलों और अस्पतालों को सप्लाई करते हैं और फिर ओएनडीसी के माध्यम से इसे और बड़ा बनाते हैं।

ओएनडीसी ने हाल ही में 20 करोड़ लेन-देन का आंकड़ा पार किया है- जिसमें पिछले 10 करोड़ सिर्फ 6 महीनों में हुए हैं। बनारसी बुनकरों से लेकर नागालैंड के बांस शिल्पियों तक, अब विक्रेता बिना बिचौलियों के पूरे देश में ग्राहक तक पहुँच रहे हैं।

GeM ने 50 दिनों में एक लाख करोड़ रुपये का GMV पार किया है, जिसमें 22 लाख विक्रेता शामिल हैं, जिनमें 1.8 लाख से अधिक महिला संचालित MSMEs हैं, जिन्होंने 46,000 करोड़ रुपये की आपूर्ति की है।

**- डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर: भारत का वैश्विक योगदान**

भारत का डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI)- जैसे आधार, CoWIN, डिजिलॉकर, फास्टैग, पीएम-WANI, और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन- को अब वैश्विक स्तर पर पढ़ा और अपनाया जा रहा है।

CoWIN ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम किया, जिससे 220 करोड़ QR-सत्यापित सर्टिफिकेट जारी हुए। DigiLocker, जिसके 54 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से होस्ट कर रहा है।

भारत ने अपनी जी20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल DPI रिपॉजिटरी और $25 मिलियन का सोशल इम्पैक्ट फंड लॉन्च किया, जिससे अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देश समावेशी डिजिटल इकोसिस्टम अपना सकें।

**- स्टार्टअप पॉवर और आत्मनिर्भर भारत**

भारत अब विश्व के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। लेकिन यह सिर्फ एक स्टार्टअप आंदोलन नहीं है, यह एक टेक्नोलॉजी पुनर्जागरण है।

भारत में युवाओं के बीच AI स्किल्स और AI टैलेंट के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है।

$1.2 बिलियन इंडिया AI मिशन के तहत भारत ने 34,000 GPUs की पहुँच ऐसे मूल्य पर सुनिश्चित की है जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम है –$1 से भी कम प्रति GPU Hour. इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है।

भारत ने मानवता-पहले AI की वकालत की है। नई दिल्ली डिक्लेरेशन ऑन AI जिम्मेदारी के साथ नवाचार को बढ़ावा देता है। देशभर में AI सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं।

**- आगे का रास्ता**

अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा। हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं – इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड तक।

डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का केंद्र है, और भारत को दुनिया का विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है।

सभी इनोवेटर्स, एंटरप्रेन्योर्स, और ड्रीमर्स से: दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है।

- आइए हम वह बनाएं जो सशक्त बनाता है।
- आइए हम ऐसे हल निकालें जो वास्तव में मायने रखता है।
- आइए हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें जो unite, include और uplift करती है।

*लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।*

## संपादकीय

### हिन्दी पर सियासी संग्राम

महाराष्ट्र के विद्यालयों में पहली कक्षा से हिन्दी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के दरम्यान मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। भाषा नीति के कार्यान्वयन व आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् की अध्यक्षता में समिति का गठन करने की घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने की। राज्य सरकार ने अप्रैल मध्य में आदेश जारी किया था कि अंग्रेजी व मराठी माध्यम स्कूलों के छात्रों के लिए पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था, परंतु जबरदस्त विरोध के चलते महीने भर बाद ही संशोधित सरकारी आदेश द्वारा हिन्दी को वैकल्पिक विषय बता दिया गया। आदेश को रद्द करते हुए मुख्यमंत्री ने दलीलें दीं, कि मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे द्वारा कक्षा एक से बारह तक तीन भाषा नीति लागू करने की सिफारिशें स्वीकारी थीं व कार्यान्वयन पर सामिति गठित की थीं। भाषा विवाद देश में नया नहीं है। दक्षिण के कई राज्य हिन्दी का सिर्फ विरोध ही नहीं करते रहे हैं बल्कि इसे थोपे जाने के आरोप भी मढ़ते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में त्रि-भाषा लागू करने की बात की गई है। जिसमें कम-से-कम दो भाषाएं भारत की मूल होनी अनिवार्य है। तीसरी भाषा का चयन छात्र/राज्य व क्षेत्र के अनुरूप करने की बात की गई। मगर स्थानीय राजनीतिक दलों ने इसे मुद्दा बनाया और वे पूर्वाग्रह से हिन्दी थोपने का विरोध करने में जुट गए। बेशक राज्यों में सरकारी नौकरियों के लिए उम्मीदवारों से स्थानीय भाषा के ज्ञान की अनिवार्यता अभी भी है। महाराष्ट्र में बहुसंख्य लोग मराठी बोलते हैं। यह देश में प्रयोग की जाते वाली भाषाओं में तीसरा स्थान रखती है, जिसे पश्चिम भारत के अन्य राज्यों में भी खूब प्रयोग किया जाता है। बावजूद इसके भाषा विवाद में जबरन हिन्दी को घसीटना सिर्फ राजनीतिक कीचड़ उछालने का दस्तूर बन गया है, जिस पर सरकार को कड़ा निर्णय लेना चाहिए। किसी भी राष्ट्रीय नीति को लेकर राज्यों को सहिष्णुता बरतनी चाहिए। केंद्र को इस पर दखलंदाजी करने पर संकोच नहीं करना चाहिए। जब तीसरी भाषा का चुनाव छात्रों के इख्तियार में है, वे स्वेच्छापूर्वक न चाहें तो उन्हें मजबूर नहीं किया जा सकता। सरकार का इस तरह का ढुलमुल रवैया उचित नहीं। अंग्रेजी पर बढ़ती निर्भरता और जरूरत को सहजतापूर्वक स्वीकारने वालों को एकता व अखंडता का सम्मान करते हुए जनता को यह इख्तियार देना होगा। भाषाओं की अपनी गरिमा व सम्मान है, उसके प्रति द्वेष कतई उचित नहीं है।

## चिंतन-मनन

### हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं- आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं।

किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रह्मसंहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुनः उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में



प्रहलाद सबनानी



हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।

कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके।

ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।

भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए, ताकि ऋण की किश्तों एवं ब्याज की राशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके एवं उनका ऋण खाता गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित नहीं हो।

# मोदी की विदेश यात्रा : वैश्विक भारत की सशक्त प्रस्तुति



डॉ. एस.पी. शाही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 9 जुलाई, 2025 तक की अपनी विदेश यात्रा के दौरान घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा करेंगे।

यह यात्रा रणनीतिक कूटनीतिक अभियान है, जो भारत के वैश्विक दृष्टिकोण, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, बहुपक्षीय नेतृत्व और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूती देने की दिशा में निर्णायक कदम है। यह दौरा न केवल इन देशों के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊर्जा देगा, बल्कि भारत की बहुपक्षीय उपस्थिति को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त करेगा।

**घाना (2-3 जुलाई, 2025): अफ्रीकी साझेदारी का नया अध्याय**

प्रधानमंत्री मोदी की यह घाना यात्रा उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। लगभग तीन दशकों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली घाना यात्रा होगी। यह यात्रा बताती है कि भारत अब अफ्रीकी देशों के साथ अपने रिश्तों को केवल ऐतिहासिक भाईचारे की भावना से नहीं, बल्कि सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी देख रहा है।

**त्रिनिदाद और टोबैगो (3-4 जुलाई, 2025): सांस्कृतिक रिश्तों को राजनीतिक सुदृढ़ता**

त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की प्रधानमंत्री बिहार मूल की कमला परसाद-बिसेसर के निमंतणप्रपर प्रधानमंत्री मोदी इस देश की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 1999 के बाद पहली यात्रा होगी। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री का त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करना एक ऐतिहासिक क्षण होगा। यह भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और विश्व मंच पर इसकी विचारधारा की प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करेगा। भारत और के बीच सांस्कृतिक और जन-जन के स्तर पर जो संबंध हैं, वह इस यात्रा का मूल आधार हैं।

**अर्जेंटीना (4-5 जुलाई, 2025): रणनीतिक भागीदारी का विस्तार**

प्रधानमंत्री अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के निमंतणप्रपर आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा भारत और अर्जेंटीना के बीच रणनीतिक भागीदारी को बहुआयामी स्वरूप देने का प्रयास है। रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा और विस्तार यात्रा का केंद्र होगा।

**ब्राजील (5-8 जुलाई, 2025): वैश्विक नेतृत्व में भारत की भूमिका**

प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंतणप्रपर ब्राजील की यात्रा पर होंगे। यहां वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। ब्रिक्स के संदर्भ में भारत की भूमिका को वैश्विक मंच पर उभारने का अवसर प्रदान करेगी। रियो डी जेनेरियो में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन में सुधार, बहुपक्षवाद को सशक्त बनाना, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदार उपयोग, वैश्विक स्वास्थ्य और वित्तीय स्थिरता जैसे मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री राजकीय यात्रा पर ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, तकनीक, कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा करेंगे।

**नामीबिया (9 जुलाई, 2025): ऐतिहासिक संबंधों की पुनर्स्थापना**

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नामीबिया गणराज्य के राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के निमंतणप्रपर नामीबिया की यात्रा करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री न केवल राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे, बल्कि नामीबिया के संस्थापक पिता डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। यह यात्रा भारत और नामीबिया के गहरे और बहुआयामी ऐतिहासिक संबंधों की पुष्टि करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी की यह बहुपक्षीय यात्रा भारत की विदेश नीति की नवीन सोच, व्यापक दृष्टिकोण और आत्मनिर्भर कूटनीति का उदाहरण है। यह केवल समझौतों और घोषणाओं की यात्रा नहीं है, बल्कि भारत की वैश्विक जिम्मेदारी, लोकतांत्रिक मूल्य, और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को विश्व समुदाय के सामने प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। यह यात्रा दक्षिण-दक्षिण सहयोग, वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच पारस्परिकता, और भारत की एक सॉफ्ट पावर के साथ-साथ हार्ड पावर के रूप में बढ़ती भूमिका का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति उन देशों में हो रही है जहां भारत के साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक जुड़ाव की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। 2 से 9 जुलाई, 2025 की यह यात्रा निस्संदेह भारत के लिए एक ऐतिहासिक कूटनीतिक क्षण है, जो आने वाले वर्षो में भारत की वैश्विक नीति, आर्थिक विस्तार और सांस्कृतिक नेतृत्व को मजबूती देगा।

(लेखक मगध विवि के कुलपति और राजनीति विज्ञान के विद्वान हैं। लेख में विचार निजी हैं)

## अरे बाप से सिर्फ 6 समोसो के लिए यूपी में बिक गया पुलिसवाला

एटा (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले की जांच में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। विशेष पॉक्सो कोर्ट के जज नरेंद्र पाल राणा ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को खारिज कर जांच अधिकारी को कड़ी फटकार लगा दी है। आरोप है कि जांच अधिकारी ने केवल 6 समोसे रिश्वत के रूप में लेकर मामले की सही जांच नहीं की और गलत रिपोर्ट अदालत में दी। यह घटना 1 अप्रैल 2019 की है, जब एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकतें हुईं। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पुलिस ने शुरू से ही मामले को दबाने की कोशिश में लगी हुई और कोर्ट के आदेश के बाद ही एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने 30 दिसंबर 2024 को सबूतों के अभाव में अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी। पीड़िता के पिता ने विरोध याचिका दाखिल कर बताया कि जांच अधिकारी ने मुख्य गवाहों के बयान नहीं लिए और पीड़िता के बयान को भी नजरअंदाज किया। पुलिस की रिपोर्ट में लिखा गया कि लड़की ने केवल उधार के लिए समोसे मांगे थे और जब नहीं मिले, तब झूठा मामला दर्ज कराया। कोर्ट ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर मामले को परिवाद के रूप में चलाने का आदेश दिया है।

## एआईयूडीएफ विधायक का दावा, असम में एक भी मुसलमान विदेशी नहीं

गुवाहाटी (एजेंसी)। एआईयूडीएफ विधायक रफीकुल इस्लाम ने असम सरकार के जिला आयुक्त कार्यालय से ही आधार कार्ड जारी करने के फैसले पर हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बांग्लादेशी हिंदुओं को असम में रहने दिया है। इस्लाम ने कहा कि असम में एक भी मुसलमान विदेशी नहीं है, क्योंकि उनके पास सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे मतदाता सूची, भूमि रिकॉर्ड और एनआरसी के पिता-दादा के कागजात मौजूद हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला कर कहा कि जिनके लिए भाजपा ने लाल कालीन बिछाया है, वे बांग्लादेश से आ रहे बंगाली हिंदू हैं, जो अभी भी आ रहे हैं, और 1971 के बाद वे लाखों की संख्या में आए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को भाजपा निशाना बनाती है और डीसी कार्यालय ले जाना चाहती है, उनके पास कागजात और असली रिकॉर्ड हैं। इस्लाम ने मांग की कि डीसी कार्यालय में ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को लंबी कतारों में न लगना पड़े। असम सरकार के बेदखली अभियान पर उन्होंने कहा कि सरकार संदिग्ध लोगों को नहीं, बल्कि भूमिहीन लोगों को बेदखल कर रही है, जिनके पास 200 और 400 साल पुराने रिकॉर्ड भी हैं।

## चंद्रशेखर आजाद की चेतावनी, कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ, तब आंदोलन लखनऊ में

लखनऊ (एजेंसी)। प्रयागराज में हिंसक बवाल को लेकर नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनके कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ तब आंदोलन राजधानी लखनऊ में होगा और मुख्यमंत्री आवास तथा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायी कभी हिंसा नहीं करते और कमजोर वर्ग के लोगों पर हिंसा का आरोप लगाना काफी आसान होता है। उन्होंने प्रयागराज हिंसा की सीबीआई जांच की सख्त मांग कर कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कोई भी हों। उन्होंने वायरल हो रहे वीडियो का जिक्र किया, जिसमें पुलिस के साथ मिलकर कुछ स्थानीय लोग पथराव कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रयागराज के करछना इलाके में चंद्रशेखर आजाद का दौरा पुलिस ने सुरक्षा कारणों से रोक दिया था, जिसके बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया, पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया और कई वाहन आग के हवाले कर दिए। इस घटना के बाद 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रिंयाक खडगे़ बोले-संघ धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ

### -केंद्र में आए तो आरएसएस को बैन करेंगे

बेंगलुरु (एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियांक खडगे़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो आरएसएस पर बैन लगाया जाएगा। प्रियांक ने आरएसएस पर धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ काम करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी दो बार आरएसएस पर बैन लगाया था और अब उन्हें उसे हटाने का अफसोस है। उनके मुताबिक, संघ हमेशा समानता और आर्थिक न्याय के विरोध में रहा है। प्रियांक खडगे़ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ के बेटे हैं और अभी कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं। पहले भी आरएसएस को बैन करने की बात कर चुके हैं। 2 साल उन्होंने कर्नाटक में आरएसएस को बैन करने की बात कही थी। प्रियांक खडगे़ ने आरएसएस-भाजपा से देश को लेकर कोई सवाल नहीं पूछती। प्रियांक ने कहा कि आरएसएस अपनी राजनीतिक पार्टी भाजपा से ये सवाल क्यों नहीं पूछती कि देश में बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है और पहलगाम में आतंकी हमला कैसे हुआ, ये किसकी चूक थी। यह प्रश्न न पूछकर संघ के लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

## 'एक पेड़ मां के नाम' से राष्ट्रपति मुर्मू ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ, रोपा रुद्राक्ष का पौधा

गोरखपुर (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 'वन महोत्सव-2025' की शुरुआत करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा रोपा। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। 'वन महोत्सव-2025' एक से सात जुलाई तक चलेगा। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने वहां आयुष विश्वविद्यालय में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# देश समस्याओं में 56 इंच बताने वाले विदेश यात्रा पर निकले... कांग्रेस का पीएम मोदी की यात्रा पर तंज

### -कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी से पूछे सवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से 9 जुलाई तक पांच देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जा रहे है। जिसका समापन 6 और 7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होगा। यह बीते दस वर्षों में पीएम मोदी की सबसे लंबी कूटनीतिक यात्रा होगी। वहीं कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्रा पर निशाना साधकर आरोप लगाया है कि वे देश को आंदोलित करने वाले प्रमुख मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सांसद राहुल गांधी ने पोस्ट कर और बयानों के माध्यम से पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। कांग्रेस सांसद रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी की पांच देशों की यात्रा से पहले मंगलवार को उन पर कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी राष्ट्रीय मुद्दों से भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि जैसे ही हालात मुश्किल हुए, तब खुद को 56 इंच बताने वाले निकल लिए। सुपर प्रीमियम फ्रीक्वेंट फ्लायर पीएम 5 देशों के 8 दिन के दौरे पर रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे कम से कम 4 इसतरह के मुद्दों से भाग रहे हैं जो इस समय देश को झकझोर रहे हैं। इन मुददों पर पीएम मोदी ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है।

मणिपुर हिंसा- कांग्रेस नेता रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर का दौरा नहीं किया, जहाँ डबल इंजन सरकार के पटरी से उतरने के बाद सामान्य जीवन पूरी तरह से तबाह हो चुका है। लेकिन देश और दुनिया भर में यात्रा कर रहे पीएम मोदी को मणिपुर जाने का समय नहीं है।

ऑपरेशन सिंदूर- रक्षा अधिकारियों के खुलासे का हवाला देकर कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के फैसलों के कारण ऑपरेशन सिंदूर के पहले दो दिनों में भारत को नुकसान झेलना पड़ा। लेकिन इस गंभीर मामले पर भी पीएम मोदी ने अभी तक विपक्ष की मांग स्वीकार नहीं की हैं, और ना ही इस विषय पर कोई बयान दिया है। अमेरिका-पाक युद्धविराम का दावा- कांग्रेस नेता रमेश द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बार-बार किए गए उन दावों पर भी सवाल उठाया गया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया और इसके लिए व्यापार समझौते का इस्तेमाल किया। इसके पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के अपने आरोपों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर हमला किया, उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी नेता के आह्वान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रम्प का अनुसरण किया। भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर हमला कर आरोप लगाया कि अगर उन पर थोड़ा सा भी दबाव डाला जाता है, तब वे डर के मारे भाग जाते हैं।

## आसाराम बापू को राजस्थान हाईकोर्ट से फिर मिली अंतरिम राहत



**जयुपर।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बापू को राजस्थान हाई कोर्ट से फिर अंतरिम राहत मिली है। जस्टिस दिनेश मेहता और विनीत माथुर की खंडपीठ ने उनकी अंतरिम जमानत की अवधि 9 जुलाई तक बढ़ाई है। उन्हें मंगलवार शाम जेल में पेश होना था, लेकिन उनके वकील द्वारा पेश की गई अर्जी पर कोर्ट ने उन्हें ये राहत दी। इस फैसले से आसाराम को कुछ और दिनों की मोहलत मिल गई है, लेकिन यह मामला अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। आसाराम को 25 अप्रैल 2018 को दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। यह मामला अगस्त 2013 का है, जब एक नाबालिग लड़की ने उन पर जोधपुर के पास मनाई आश्रम में दुष्कर्म का आरोप लगाया था। आसाराम कई बार स्वास्थ्य कारणों से जमानत की अर्जी लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें या तो खारिज किया गया है या सीमित समय के लिए अंतरिम राहत दी गई है।

आसाराम और उनके बेटे नारायण साईं के खिलाफ गुजरात में भी दो बहनों ने अलग-अलग बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। गुजरात मामलों की सुनवाई अभी चल रही है। आसाराम जोधपुर की केंद्रीय जेल में सजा काट रहे हैं। उन्होंने कई बार स्वास्थ्य कारणों से जमानत की अर्जी लगाई है, जिसे कोर्ट ने खारिज किया है या सीमित समय के लिए अंतरिम राहत दी है।

## 'सिगाची इंडस्ट्रीज' में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या 34 हुई



### -31 शवों को मलबे से निकाला, सीएम करेंगे घटनास्थल का दौरा

**संगारेड्डी (एजेंसी)।** तेलंगाना में संगारेड्डी जिले में पशम्यलारम में 'सिगाची इंडस्ट्रीज' के दवा संयंत्र में सोमवार को हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मलबे को हटाते समय उसके नीचे कई शव मिले हैं। मलबे से 31 शवों को निकाला गया है, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान अब भी जारी है।

तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने बताया कि सीएम ए रेवंत रेड्डी मंगलवार को दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे. इससे पहले एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीएम ने घटना पर दुख जताया और मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाने और उन्हें आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य के मंत्री नरसिम्हा ने बताया कि जब विस्फोट हुआ तब संयंत्र में करीब 90 लोग काम कर रहे थे।

बता दें पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपए और घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। वहीं कंपनी ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना की है। कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि इकाई का बीमा था। कंपनी ने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया है।

तेलंगाना राज्य आपदा मोचन और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक ने कहा कि संदेह है कि विस्फोट संयंत्र की सुखाने वाली इकाई में हुआ। हालांकि, पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि यह रिएक्टर विस्फोट का मामला था।

# सामूहिक दुष्कर्म मामला: मनोजीत छात्रों को फ्लैट पर चलने का देता था ऑफर

### -पीड़ित छात्रा पर थी कई दिनों से नजर, पिकनिक पर छात्रा से की थी छेड़छाड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता,(ईएमएस)। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म की जांच चल रही है। इसी बीच मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा को लेकर नए खुलासे हुए हैं। कुछ छात्राओं का कहना है कि मनोजीत लड़कियों को फ्लैट पर ले जाने का ऑफर देता था। वहीं, कई मौकों पर उसने छात्राओं के साथ अश्लील व्यवहार भी किया है। वहीं बताया जा रहा है कि पीड़ित छात्रा लंबे समय से मनोजीत के निशाने पर थी। घटना की जांच कर रहे जांच दल के अधिकारियों ने पाया कि तीन आरोपी मनोजीत मिश्रा, प्रोमित मुखर्जी और जैद का कॉलेज की छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का इतिहास रहा है। चौथा आरोपी कॉलेज का सुरक्षा गार्ड है।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि तीनों इस तरह की घटनाओं को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड करते थे और बाद में फुटेज का इस्तेमाल पीड़ितों को 'ब्लैकमेल' करने के लिए करते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक कॉलेज में पढ़ने वाली सेकंड ईयर की एक छात्रा ने पिकनिक के दौरान हुई एक के बारे में बताया। उसने बताया कि मनोजीत ने उन्हें भी निशाना बनाया था। छात्रा ने कहा कि पिकनिक के दौरान मनोजीत चाहता था कि मैं और मेरी दोस्त एक कमरे में आएं और पार्टी करें। मुझे मेरे सीनियर्स ने पहले ही अलर्ट कर दिया था, तो मैं नहीं गई। छात्रा ने कहा लेकिन मेरी दोस्त उसके साथ चली गई। उसने बाद में मुझे बताया कि मनोजीत ने उसे आपत्तिजनक तरीके से छुआ था। वह बहुत ही असहज महसूस कर रही थी, लेकिन उसने उसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं की। छात्रा ने आरोप लगाए कि मनोजीत ने उससे कहा था कि अगर वह शिकायत करती है, तो उसके लिए गवाह जुटाना मुश्किल हो जाएगा। छात्रा ने कहा कि पिकनिक खत्म होने के बाद ऑटो से लौटते समेत मनोजीत एक सीनियर छात्रा की गोद में बैठ गया था। रिपोर्ट के मुताबिक एक छात्र ने कहा कि मनोजीत ने अगस्त 2023 में उसे ऐसे लोगों को खोजने के लिए कहा था, जो कॉलेज में सीट खरीदना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया है कि पूरे मामले की पहले से ही साजिश रची गई थी। तीनों की कई दिनों से पीड़िता पर नजर थी। हमें पता चला है कि कॉलेज में दाखिले के पहले दिन से मुख्य आरोपी पीड़िता पर नजर रख रहा था। अधिकारी ने कहा कि रविवार को आरोपी मुखर्जी और जैद के घरों की तलाशी ली गई। हम इससे और संभवत- अन्य मामलों से संबंधित फुटेज की तलाश कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या उन वीडियो क्लिप को आगे फॉरवर्ड किया गया या किसी अन्य समूह के साथ साझा किया गया। इस मामले में हमें उन लोगों से भी संपर्क करना होगा जिन्हें ये वीडियो क्लिप मिले हैं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से छात्रा की सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि सात घंटे से अधिक समय की फुटेज में महाविद्यालय परिसर के आसपास की गतिविधियां दर्ज हुई हैं, जिसमें पीड़िता को गार्ड के कमरे में जबरदस्ती ले जाने की घटना भी शामिल है।

## अमरनाथ यात्रा 2025 की तैयारियां : उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की समीक्षा

जम्मू। श्रीनगर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 2025 की अमरनाथ यात्रा की अंतिम तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य प्रशासन, पुलिस और अमरनाथ श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उपराज्यपाल सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यातायात एडवाइजरी का व्यापक प्रचार करे, ताकि स्थानीय लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इतना ही नहीं उनके द्वारा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी तीर्थयात्रियों की आवाजाही निर्धारित काफिलों के अनुसार हो और यातायात योजना का सख्ती से पालन किया जाए। इसके लिए जिला प्रशासन, एसएसपी, यातायात पुलिस और अन्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लॉजमेंट सेंटर और स्वच्छता इकाइयों की स्थिति अच्छी रखी जाए। अधिकारियों से यह भी कहा गया कि हर स्तर पर तैयारियां दुरुस्त होनी चाहिए ताकि यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में मुख्य सचिव अतुल डुल्लू, जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शलीन काबरा, पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, एसएसपी, ट्रैफिक अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# वेंकैया नायडू ने मनाया 76वां जन्मदिन, विकास से मुद्दों पर खुलकर रखते हैं राय

### -जटिलताओं को सरलता और विनम्रता से किया पार, उपराष्ट्रपति का पद भी संभाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज यानी 1 जुलाई को भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का 76वां जन्मदिन हैं। वेंकैया नायडू ने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि माना। उन्होंने राजनीति में अपने शुरूआती दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक की जटिलताओं को सरलता और विनम्रता से पार किया है। वह अपनी हाजिरजवाबी, वाकपटुता के लिए भी जाने जाते हैं, साथ ही वह विकास से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं।

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के चावटपलेम में 1 जुलाई 1949 को वेंकैया नायडू का जन्म हुआ था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा नेल्लोर के वी आर हाईस्कूल से पूरी की। फिर वी आर कॉलेज से राजनीति व राजनयिक अध्ययन में स्नातक किया। साल 1974 में वह आंध्र विश्वविद्यालय में छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। वेंकैया नायडू आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे। राजनीति के पहले पड़ाव पर ही उन्होंने अपनी प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की छाप छोड़ी थी।



उन्होंने संघ के साथ काम किया और विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा। बाद में नायडू ने जनसंघ और फिर बीजेपी को मजबूत किया। साल 1978 में आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुए तब प्रतिकूल परिस्थितियों के बाद भी वेंकैया नायडू ने जीत हासिल की। वहीं जब पांच साल बाद राज्य में एनटीआर की लोकप्रियता सबसे ज्यादा थी, तब भी नायडू बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी इस जीत ने आंध्र प्रदेश समेत दक्षिण भारत में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बो दिए।

अटलजी की सरकार में जब नायडू से पूछा गया कि वह किस मंत्रालय के तहत काम करना चाहते थे, तो उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्रालय को प्राथमिकता दी। एक मंत्री के तौर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को जमीन पर उतारने में नायडू की अहम भूमिका रही। साल 2000 से 2004 तक वह बीजेपी के अध्यक्ष रहे। साल 2014 में जब एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली तब नायडू ने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे अहम मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। वेंकैया नायडू के कार्यकाल में ही स्वच्छ भारत मिशन और अन्य शहरी विकास से संबंधी कई अहम योजनाएं शुरू हुईं।

2017 में वेंकैया नायडू को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर नामित किया। वह भारत के 13वें उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए। वहीं 11 अगस्त 2017 को वह उपराष्ट्रपति बने, इस पद पर वह 10 अगस्त 2022 तक रहे। 2024 में वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## डीके के अरमानों पर फिरा पानी, सुरजेवाला बोले- सीएम सिद्धारमैया की जगह कोई नहीं लेगा

### -कर्नाटक में नहीं होगा नेतृत्व परिवर्तन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में बीते कई दिनों से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक मांग कर रहे थे कि अब राज्य नेतृत्व परिवर्तन हो जाना चाहिए। सीएम सिद्धारमैया की जगह पर उन्हें मुख्यमंत्री बनने की मांग थी, लेकिन मंगलवार को जो कुछ हुआ उससे डीके और उनके समर्थक विधायकों के अरमानों पर पानी फिर गया। दरअसल कांग्रेस हाईकमान की ओर से भेजे गए कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने डीके को अपनी बगल में बिठाकर दावा खारिज कर दिया है। उन्होंने प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि यदि आपका सवाल है कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन होने वाला है, तब मेरा सीधा जवाब ना में है। प्रभारी सुरजेवाला ने कहा, आप मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या कर्नाटक में नेतृत्व बदल रहा है। इस पर मेरा एक ही जवाब है कि नहीं कोई परिवर्तन नहीं होने वाला है। आने वाले पांच सालों तक सिद्धारमैया ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहने वाले है।

सुरजेवाला ने कहा, कई विधायकों की ओर से लीडरशिप चेंज की मांग उठी है। इस पर सुरजेवाला ने कहा कि मैं अपने विधायकों को सलाह देता हूं कि यदि उन्हें कोई परेशानी है, तब फिर मसले को मीडिया में उठाने की बजाय पार्टी फोरम पर बात करें। यदि राज्य के संगठन में कोई दिक्कत है, तब फिर प्रदेश अध्यक्ष से बात कर सकते हैं। सरकार में कोई समस्या हो, फिर मुख्यमंत्री से बात करनी चाहिए। इस दौरान डीके उनके बगल में एकदम शांत बैठे दिखे। उनके चेहरे पर उदासी का भाव दिख रहा था, जिसे वे संभालने की कोशिश कर रहे थे।

सुरजेवाला ने कर्नाटक में चल रहे सियासी नाटक पर विराम लगाने की कोशिश की है। लेकिन अब देखना यह हैं कि प्रेसवार्ता में शांत दिख रहे डीके या फिर उनके समर्थक विधायक आने वाले दिनों में किसी तरह से इस फैसले को लेते है।

# 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज़ करेगा भारत, सशस्त्र बलों के लिए जरुरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के इलाके की 'गहरी' और 'लगातार' निगरानी के कारण भारत का ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा था। इस सैन्य टकराव के दौरान देश को बहुत कुछ सीखने को भी मिला। इसी सीख को ध्यान में रखकर दुश्मन के इलाके की सतत निगरानी की आवश्यकता को देखकर मोदी सरकार ने अपने सशस्त्र बलों के लिए 52 उपग्रहों के प्रक्षेपण की प्रक्रिया को तेज़ किया है।

बता दें कि भारत सरकार सशस्त्र बलों के लिए 52 समर्पित उपग्रहों की लांच प्रक्रिया को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। इस मिशन को रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी (डीएसए) के नेतृत्व में क्रियान्वित किया जा रहा है और यह रक्षा मंत्रालय की इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के तहत संचालित हो रहा है। बात दें कि स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) कार्यक्रम के तीसरे चरण को बीते वर्ष अक्टूबर में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने मंजूरी दी थी। इसकी लागत 26,968 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत इसरो द्वारा 21 और तीन निजी कंपनियों द्वारा 31 उपग्रहों का निर्माण और प्रक्षेपण किया जाना है।

उल्लेखनीय हैं कि इन उपग्रहों में से पहला उपग्रह अगले वर्ष अप्रैल तक प्रक्षेपित किया जाना है और सभी 52 उपग्रहों को 2029 के अंत तक अंतरिक्ष में तैनात किया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (लीओ) और जियोस्टेशनरी ऑर्बिट में जल्दी से जल्दी भेजने के लिए समयसीमा को कम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिन तीन निजी कंपनियों को अनुबंध दिए गए हैं, उन्हें उपग्रह निर्माण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि स्पेस-बेस्ड सर्विलांस के तीसरे चरण का उद्देश्य चीन और पाकिस्तान के बड़े हिस्सों के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र को भी कवर करना है, जिससे कम समय में निगरानी संभव हो सके और चित्रों की गुणवत्ता भी बेहतर हो।

इसके साथ ही, भारत सरकार अपने उपग्रहों की सुरक्षा ढाल भी तैयार कर रही है, क्योंकि चीन डायरेक्ट एसेन्ट एंटी-सैटेलाइट मिसाइलों, को-ऑर्बिटल सैटेलाइटों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण, और हाई-पावर्ड लेज़र जैसे डाइरेक्टेड एनर्जी वेपन्स को विकसित कर रहा है, जिससे वह अन्य देशों को अंतरिक्ष में प्रवेश करने से रोक सके। बता दें कि चीन का सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम 2010 में केवल 36 उपग्रहों से शुरू होकर 2024 तक 1,000 से अधिक उपग्रहों तक पहुँच चुका है, जिसमें से 360 उपग्रह आईएसआर मिशनों के लिए समर्पित हैं।



इस महीने की शुरुआत में एक कार्यक्रम में आईडीएस प्रमुख एयर मार्शल अशुतोष दीक्षित ने भारत की निगरानी क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देकर कहा था कि 'वास्तविक समय की स्थिति की जानकारी' संघर्षों में निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा था, 'हमें संभावित खतरों का पता तब नहीं लगाना चाहिए जब वे हमारी सीमाओं पर पहुँचें, बल्कि जब वे दुश्मन के क्षेत्र में स्थित अपने स्टेजिंग क्षेत्रों, हवाई अड्डों पर हों, तभी से ट्रैकिंग शुरू हो जानी चाहिए।

# जामुन खाने से सेहत ही नहीं, सुंदरता में भी आता है निखार

काले, मीठे, रसीले और स्वाद भरे जामुन...बारिश के मौसम में आते ही, हर मन पर राज करते हैं और इसका स्वाद चखे बिना कोई नहीं रह पाता। स्वाद में जितने लाजवाब, उतने ही बेशकीमती हैं इसके सेहत एवं सौंदर्य लाभ। जानिए जामुन के 7 बेहतरीन लाभ -

काले-काले, मीठे और रसीले जामुन किसे पसंद नहीं होते। स्वाद में यह जितने लाजवाब हैं, सेहत और सौंदर्य के लिए भी उतने ही फायदेमंद। क्या आपको पता हैं इसे बेमिसाल लाभ अगर नहीं पता तो जरूर जान लीजिए इसके बेहतरीन फायदे...



- जामुन और आम का रस बराबर मात्रा में मिलाकर पीने से मधुमेह के रोगियों को लाभ होता है। यह त्वचा का रंग बनाने वाली रंजक द्रव्य मेलानिन कोशिका को सक्रिय करता है, अतः यह रक्तहीनता तथा ल्यूकोडर्मा की उत्तम औषधि है।
- गठिया के उपचार में जामुन बेहद उपयोगी है। इसकी छाल को खूब उबालकर बचे हुए घोल का लेप घुटनों पर लगाने से गठिया में आराम मिलता है। इसमें मौजूद तांबा शीघ्र अवशोषित होकर रक्त निर्माण करने में सहायक है।
- मुंह में छाले होने पर जामुन का रस लगाने, पीने एवं जामुन के पत्तों का चबाने से बहुत जल्दी लाभ होता है। जामुन के पत्तों को अच्छी तरह से चबाकर थूकते रहें। छाले गायब हो जाएंगे।
- जामुन का रस, शहद, आंवले या गुलाब के फूल का रस बराबर मात्रा में मिलाकर एक-दो माह तक प्रतिदिन सुबह के वक्त सेवन करने से रक्त की कमी एवं शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। यौन तथा स्मरण शक्ति भी बढ़ जाती है।
- जामुन के एक किलोग्राम ताजे फलों का रस निकालकर ढाई किलोग्राम चीनी मिलाकर शरबत जैसी चाशनी बना लें। इसे एक ढक्कनदार साफ बोतल में भरकर रख लें। जब कभी उल्टी-दस्त या हैजा जैसी बीमारी की शिकायत हो, तब दो चम्मच शरबत और एक चम्मच अमृतधारा मिलाकर पिलाने से तुरंत राहत मिल जाती है।
- भूख न लगने की स्थिति में कुछ दिनों तक जामुन के रस का सेवन आश्चर्यजनक रूप से फायदेमंद साबित होता है। वहीं कब्ज और पेट संबंधी रोगों में जामुन का सिरका चमत्कारिक लाभ देता है।
- विषैले जंतुओं के काटने पर जामुन की पत्तियों का रस पिलाना चाहिए। काटे गए स्थान पर इसकी ताजी पत्तियों का पुल्टिस बांधने से घाव स्वच्छ होकर ठीक होने लगता है, चूंकि, जामुन के चिकने पत्तों में नमी सोखने की अद्भुत क्षमता होती है।

**विशेष:** इतना ध्यान रहे कि अधिक मात्रा में जामुन खाने से शरीर में जकड़न एवं बुखार होने की संभावना भी रहती है। इसको कभी खाली पेट नहीं खाना चाहिए और न ही इसके खाने के बाद दूध पीना चाहिए।

## एक गिलास दूध में 1 चम्मच शहद मिलाकर पीएं

# मिलेंगे जबरदस्त फायदे

हम सभी जानते हैं कि दूध और शहद दोनों ही हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद हैं। शहद में विटामिन-ए, बी और सी पाया जाता है। इसमें ढेर सारे एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसके अलावा शहद एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होता है। शहद में फैट नहीं होता, इसलिए यह वजन घटाने में मदद करता है। शहद कुछ सामान्य बीमारियों जैसे- सर्दी, जुकाम आदि में भी काफी फायदेमंद होता है।



दूध एक संपूर्ण आहार है। जिसमें विटामिन ए, विटामिन बी और डी की पर्याप्त मात्रा होती है। इसके अलावा ये कैल्शियम, प्रोटीन और लैक्टिक एसिड से भी भरपूर होता है। दूध के सेवन से हड्डियां और दांत स्वस्थ रहते हैं। यह भी कहा जाता है कि दूध पीने से तनाव दूर होता है और यह शरीर को हाइड्रेड रखता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अलग-अलग सेवन के बजाय अगर आप दूध और शहद का सेवन एक साथ करें, तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकते हैं। जी हां, गुनगुने दूध में शहद मिलाकर पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। आइए आपको बताते हैं इसके ढेर सारे लाभ।

### बेहतर होता है पाचन

शहद एक प्रीबायोटिक आहार है, जो पाचन को बेहतर बनाता है। शहद पाचन तंत्र में उपयोगी बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। इसलिए जब आप शहद के साथ हर दिन दूध का सेवन करते हैं, तो ये आपको पाचन क्रिया में काफी मदद करता है। इसके नियमित सेवन से आपको सूजन, कब्ज और ऐंठन जैसे समस्याओं से छुटकारा मिलता है और आप स्वस्थ रहते हैं।

### स्टेमिना बढ़ाते हैं दूध और शहद

ठंडे दूध में शहद मिलाकर पीने से आपका स्टेमिना (शारीरिक क्षमता) बढ़ता है। सुबह एक गिलास दूध के साथ शहद पीने से आपको कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। एक गिलास दूध और एक चम्मच शहद आपको पूरे दिन एनर्जी से भरपूर रखेंगे। शहद मेटाबॉलिक रेट और शारीरिक प्रक्रिया को बढ़ाता है, ये आपको काम करने के लिए पर्याप्त सभी ऊर्जा देने में आपकी मदद करता है।

### त्वचा की देखभाल करता है

शहद और दूध के मिश्रण में कई ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी त्वचा को चिकना और चमकदार बनाते हैं। इसमें प्रोटीन्स, अमीनो एसिड्स, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। दूध और शहद पीने के साथ-साथ इससे नहाने से भी त्वचा स्वस्थ रहती है और निखार आता है। इसके लिए एक बाल्टी पानी में 150 मिलीग्राम दूध और 2 चम्मच शहद मिलाकर नहाएं। इस तरह नहाने से त्वचा का संक्रमण मुंहासे और प्रदूषण के कारण होने वाले त्वचा रोगों से छुटकारा मिलता है।

### हड्डियों को रखता है स्वस्थ

उम्र बढ़ने के साथ ही बहुत लोगों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। ऐसे में दूध और शहद उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जिनकी हड्डियां कमजोर हैं या जिन्हें हड्डियों से जुड़ी बीमारियां हैं। दूध में कैल्शियम की मात्रा भरपूर होती है, जो हड्डियों के लिए आवश्यक तत्व है। शहद और इसके एंजाइम शरीर में पोषक तत्वों को रेगुलेट (प्रवाहित) करने में मदद करते हैं। कैल्शियम वाले आहारों के सेवन से दांत भी मजबूत और स्वस्थ रहते हैं।

### अच्छी नींद के लिए दूध और शहद

आजकल बहुत से लोग तनाव या मानसिक चिंता की वजह से ठीक से सो नहीं पाते हैं। युवाओं में देर रात तक जागने और मोबाइल के इस्तेमाल के कारण स्लीप एप्निया (अनिद्रा) की समस्या काफी बढ़ गई है। नींद की कमी कई तरह के शारीरिक और मानसिक रोगों को बढ़ावा देती है। अगर आप एक गिलास गुनगुने दूध में शहद मिलाकर पीते हैं, तो आपको रात में अच्छी और गहरी नींद आती है।

## रेसिपी



### लहसुनी दाल

#### सामग्री

- अरहर दाल: 1 कप
- इमली का पेस्ट: 1/4 कप
- हरी मिर्च: 1-2
- लहसुन: 10 कलियां
- तेल : 1 बड़ा चमच्च
- राई: 1 छोटा चमच्च
- कढ़ी पत्ता: 6-7
- हरा धनिया
- नमक: स्वाद के अनुसार

#### विधि

लहसुनी दाल बनाने के लिए सबसे पहले, दाल को प्रेशर कुकर में पानी और हल्दी के साथ पका लें। पकने के बाद उसे ठंडा होने के लिए रख दें। अब एक कढ़ाई में हरी मिर्च को बिना तेल के फ्राई कर अलग रख दें। अब एक मिक्सर में दाल, हरी मिर्च, लहसुन, इमली का पेस्ट और नमक डाले और पीस लेंगे। अब कढ़ाई में तेल गरम करें। इसमें राई और कढ़ी पत्ता डालें। 10 सेकंड बाद इसमें पीसी हुई दाल डाले और गैस बंद कर दे। बंद करने के बाद, हरे धनिए से गार्निश करें।



### तवा पुलाव

#### सामग्री

- चावल: 1/2 कप
- तेल या मक्खन: 1 चम्मच
- जीरा: 1/2 चम्मच
- प्याज बारीक काटा: 1/4 कप
- अदरक:लहसुन पेस्ट- 1 चम्मच
- टमाटर: 1/3 कप
- पावभाजी मसाला: 1 बड़ा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच
- शिमला मिर्च: 1/4 कप बारीक कटी
- सीजनल सब्जियां (आलू, गाजर, बींस, मटर): 3/4 कप
- हरी धनिया: बारीक कटी
- नमक: स्वाद के अनुसार

#### विधि

चावल को धोकर अच्छे से पका लें। सारी सब्जियों को काटकर हल्का उबाल लें। अब एक पैन में तेल गर्म करें। उसमें जीरा डालकर तड़काएं। अब इसमें प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा करें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर भूनेंगे। फिर टमाटर और नमक डालकर नरम होने तक पकाएं। अब इसमें सभी उबली हुई सब्जियों को डाल दें। ऊपर से पावभाजी मसाला डालें और पानी डालकर थोड़ी और देर पकाएं। पानी की मात्रा बहुत ज्यादा न हो। अब इसमे चावल डालेंगे और ऊपर से बारीक कटी हरी धनिया डालकर सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 1793




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 1792 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?


प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 1793



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1792



## सूडोकु -1793


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1792 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 1793




**बाएँ से दाएँ**

1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरेया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली - 1792 का हल



## बिहार के 06 हवाईअड्डों के विकास के लिए प्रदेश सरकार और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मध्य समझौता

एजेंसी

**पटना।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित बिहार निवास में बिहार सरकार एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के बीच छह हवाईअड्डों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए गए। बिहार सरकार के स्वामित्व वाले पांच हवाईअड्डे-बीरपुर, वाल्मीकि नगर, सहारसा, मधुबनी और मुंगेर तथा एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के स्वामित्व वाला मुजफ्फरपुर हवाईअड्डा, भारत सरकार की 'उड़ान' योजना के अंतर्गत चिन्हित किए गए हैं। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा प्रत्येक हवाईअड्डे के लिए 25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। बिहार सरकार द्वारा इन सभी छह हवाईअड्डों के लिए पूर्व-अव्यवहार्यता अध्ययन करवाया गया था। इसके उपरांत, बिहार मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात आज यह एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन पर एएआई की ओर से कार्यपालक निदेशक अनामी पाण्डेय एवं बिहार सरकार की ओर से निदेशक नागरिक उड्डयन डॉ निलेश रामचंद्र देवरे ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार सरकार की ओर से माननीय मुख्य सचिव महोदय एवं कुंदन कुमार (निवासी आयुक्त, बिहार), तथा एएआई की ओर से सदस्य (वित्त) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह समझौता राज्य में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इससे बिहार के दूरवर्ती क्षेत्रों का भी तीव्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।

## प्रधानमंत्री नुमलीगढ़ में देश की पहली बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का करेंगे उद्घाटन

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को बताया कि आगामी 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नुमलीगढ़ में देश की पहली बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम होगी और राज्य में इस प्रकार के और भी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करेगी। मुख्यमंत्री सरमा ने नुमलीगढ़ में राज्य के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और उच्च अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की और प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को सफल बनाने की तैयारियों की समीक्षा की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने नुमलीगढ़ रिफाइनरी परिसर में धनशिरी नगर नामक नव निर्मित टाउनशिप का भी उद्घाटन किया, जो रिफाइनरी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए बनाया गया है। इस दौरान उन्होंने एडवांटेज असम 2.0 के तहत प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की, जिनकी स्थापना रिफाइनरी परिसर और अन्य स्थानों पर की जानी है।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने पर फैसला हाईकमान करेगा: खड़गे

**बेंगलुरू।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को स्पष्ट रूप से कहा कि कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का फैसला आलाकमान पर छोड़ा गया है। राज्य में मुख्यमंत्री बदला जाएगा या नहीं इसका निर्णय हाईकमान को करना है। बेंगलुरु के सदाशिवनगर स्थित अपने आवास पर उन्होंने कहा कि कोई भी यह नहीं कह सकता कि आलाकमान स्तर पर क्या हो रहा है? इस संबंध में किसी को भी अनावश्यक भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए।विधायकों द्वारा सरकार के खिलाफ असंतोष जताए जाने पर उन्होंने कहा, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। इस असवर पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि वह राज्य में आए हैं, विधायकों से राय लेकर एक रिपोर्ट आलाकमान को सौंपेंगे और फिर उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा की जाएगी।



## कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर रणदीप सुरजेवाला ने लगाया पूर्ण विराम

**बेंगलुरू।** कर्नाटक कांग्रेस के प्रभारी और कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सोमवार को कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। उन्होंने यहां पार्टी विधायकों के साथ बैठक की और राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर पूर्ण विराम लगाया। सुरजेवाला ने स्पष्ट किया है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन की बातें महज अटकलें हैं। यह सब सिर्फ मीडिया की अटकलबाजी है। बेंगलुरू स्थित कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हारे हुए लोकसभा और विधानसभा उम्मीदवारों की एक बैठक बुलाई जाएगी। यह एक सतत संगठनात्मक प्रक्रिया है। इसके बाद मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ विकास कार्यों के बारे में चर्चा की जाएगी। प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा, हम विधायकों से कांग्रेस की गारंटी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव की बड़ी घोषणा, मप्र में शुरू होगी 'एक बगिया मां के नाम' परियोजना

एजेंसी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वसहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए पूरे देश में ज्ञान अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश में भी नई परियोजना शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मनरेगा के माध्यम से ÷एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना चलाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश की 30 हजार से अधिक स्व सहायता समूह की पात्र महिलाओं की निजी भूमि पर 30 लाख से अधिक फलदार पौधे लगाएं जाएंगे जो महिलाओं की आर्थिक तरक्की का आधार बनेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की स्व-सहायता समूह की 30 हजार से अधिक महिलाओं की 30 हजार एकड़ निजी भूमि पर ''एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना के अंतर्गत पौधरोपण किया जाएगा। लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से आजीविका संवर्द्धन के लिए 30 लाख उद्यानिकी पौधों का रोपण कर फलोद्यान का विकास किया जाएगा। परियोजना के तहत हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर का जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उद्यान के विकास के लिए महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना अंतर्गत फलदार पौधारोपण का कार्य प्रदेश में 15 अगस्त से अभियान के रूप में शुरू होगा जो 15 सितंबर तक चलेगा।एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की ऐसी महिला सदस्य, जो फलदार पौधारोपण करने हेतु इच्छुक हों, का चयन किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति-पिता-ससुर-पुत्र की भूमि पर उनकी सहमति के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा।

## हरिद्वार पुलिस ने जारी किया क्यूआर कोड, एक क्लिक पर मिलेगी कांवड़ियों को सारी जानकारी

एजेंसी

**हरिद्वार।** हरिद्वार में लगने वाले भारत के श्रावण मास के सबसे बड़े कांवड़ मेले पर हरिद्वार पुलिस ने कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड (त्तक्र ष्टशस्रद्ग) जारी किया है। यह क्यूआर कोड एक वेबसाइट से लिंक है, जहां कांवड़ यात्रा से संबंधित रूट मैप और अन्य जानकारी उपलब्ध होगी। खोया-पाया केंद्र के अधिकारियों के नंबर भी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे, जिससे यात्रियों को अपने खोए हुए साथियों या परिजनों को ढूंढने में आसानी होगी। यात्रियों को यह भी जानकारी दी जाएगी कि क्यूआर कोड को स्कैन करके कैसे यात्रा से जुड़ी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। हरिद्वार पुलिस ने क्यूआर कोड का प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। हरिद्वार पुलिस ने पांच टीमों को नियुक्त कर अलग-अलग पुलिस टीमों को गैर-जनपद और अन्य राज्यों में क्यूआर कोड और यात्रा से जुड़े पंपलेट वितरित करने के लिए रवाना किया है। इन टीमों का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रियों को रूट, पार्किंग और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।




# नागपुर दंगे में 80 आरोपितों को सशर्त जमानत मिली

एजेंसी

**नागपुर।** नागपुर मे 19 मार्च 2025 को हुए दंगे के मामले में सत्र न्यायालय ने 80 आरोपितों को जमानत दे दी। इस मामले में 9 लोगों को हाईकोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी थी। वही दंगों के मास्टरमाइंड फईम शमीम खान की जमानत अर्जी पर फैसला 4 जुलाई को होगा। नागपुर के महल इलाके में 19 मार्च 2025 को औरंगजेब की मजार को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ था। उस समय प्रतीकात्मक मजार पर लपेटी गई हरी चादर जलाई गई।

जिसके बाद कलमा लिखी चादर जलाने की अफवाह फैली थी। जिसके चलते शहर के महल इलाके में स्थित शिवाजी चौक, हंसापुरी और चिटनिस पार्क इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान पुलिस पर जानलेवा हमला भी किया गया था। इस मामले में दंगे का मास्टरमाइंड बताकर यशोधरा नगर के संजय बाग कॉलोनी निवासी फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही शहर के विभिन्न थानों में मामला दर्ज कर 100 से अधिक आरोपितो को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से 9 को बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने पहले ही जमानत पर रिहा कर दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के आधार पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने 80 आरोपितो को सशर्त जमानत दी। इन सभी 80 आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के जमानती बांड पर सशर्त रिहा किया गया है। शर्त के अनुसार आरोपितो को सप्ताह में 2 बार पुलिस थाने में उपस्थित होकर जांच और मामले में सहयोग करने की अपेक्षा की गई है। इस मामले में न्यायाधीश ए.आर. कुलकर्णी ने फैसला सुनाया। इस अवसर पर आरोपितों की ओर से अधिवक्ता आसिफ कुरैशी, अधिवक्ता रफीक अकबानी, अधिवक्ता अश्विन इंगोले, अधिवक्ता शाहबाज सिद्दीकी आदि ने बहस की। वहीं सरकार की ओर से जिला सरकारी अधिवक्ता नितिन तेलगोटे ने बहस की।



## भारत को 2047 तक विकसित बनाने के उद्देश्य से सभी मिलकर कार्य करें : केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे

एजेंसी

**कोरबा।** भारत सरकार के केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज कोरबा जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने एशिया की सबसे बड़ी कही जाने वाली कोयला खदान का व्यू पॉइंट से निरीक्षण किया और एसईसीएल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा श्रमवीरों को संबोधित किया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि 2047 तक भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में हम सभी को साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश में हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि यह वही खदान है, जिसने देश को अंधेरे से उजाले की ओर अग्रसर किया। उन्होंने कहा, पहले बिजली देखने को लोग तरसते थे, आज काम करने वाली सरकार ने 22-23 घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की है। यह कोयला खदानें ऊर्जा के साथ-साथ विकास की किरण भी लेकर आई हैं। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गरीब बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष कार्य किया जा रहा है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जितने पेड़ हमने काटे हैं, उससे अधिक पौधे लगाए जाएं। राज्य मंत्री दुबे ने कहा कि कोल खदानों के साथ-साथ अब दुर्लभ खनिजों की खोज में भी सफलता मिलने पर भारत वैश्विक स्तर पर और मजबूती से उभरेगा। उन्होंने अधिकारियों और संविदा कर्मचारियों की संयुक्त भूमिका की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया अनुकूल वातावरण इस दिशा में सहयोगी सिद्ध हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री दुबे ने खदान क्षेत्र की मेस में श्रमवीरों से भेंट कर उनके भोजन, भुगतान, चिकित्सीय सुविधाओं आदि की जानकारी ली और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने श्रमिकों के उत्साहवर्धन हेतु क्रिकेट एवं वॉलीबॉल खेलों में भी भाग लिया।




# पश्चिम बंगाल के तटीय इलाकों में अब समुद्री जीवों की होगी टैगिंग : भूपेन्द्र यादव

एजेंसी

**कोलकाता।** समुद्री जीवों के संरक्षण के लिए पश्चिम बंगाल के तटवर्ती इलाकों में अब वैज्ञानिक ढंग से टैगिंग की जाएगी, जिससे इनकी पहचान और निगरानी आसान हो सके। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सोमवार को ने यह बात कोलकाता में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएसआई) के 110वें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन के मौके पर कही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 'एनिमल टैक्सोनॉमी समिट-2025' का उन्होंने उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन एक से तीन जुलाई तक आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश से आए विशेषज्ञ भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया समुद्री और तटीय जीवों के संरक्षण के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसके तहत ओडिशा के तटों पर टैगिंग की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है और अब यह कार्य पश्चिम बंगाल के तटों तक बढ़ाया जा रहा है। बताया कि ओडिशा में 'ऑलिव रिडले' प्रजाति के कछुओं की टैगिंग में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जिससे उनके प्रवास और व्यवहार की निगरानी संभव हो सकी है। इसी अनुभव के आधार पर अब बंगाल के समुद्री जीवों को भी टैग किया जाएगा, ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर तरीके से समझा और संरक्षित किया जा सके। कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरणीय शोध को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जेडएसआई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था देश की जैव विविधता के दस्तावेजीकरण और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस विशेष अवसर पर '110 घंटे का हैकाथन' भी सम्पन्न हुआ, जो कि देशभर के 16 क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों का नवाचार आधारित समाधान प्रस्तुत करना था।



## प्रधानमंत्री नुमलीगढ़ में देश की पहली बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि आगामी 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नुमलीगढ़ में देश की पहली बांस से इथेनॉल बनाने वाली परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम होगी और राज्य में इस प्रकार के और भी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करेगी।

मुख्यमंत्री सरमा ने नुमलीगढ़ में राज्य के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और उच्च अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की और प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को सफल बनाने की तैयारियों की समीक्षा की। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने नुमलीगढ़ रिफाइनरी परिसर में धनशिरी नगर नामक नव निर्मित टाउनशिप का भी उद्घाटन किया।

जो रिफाइनरी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए बनाया गया है। इस दौरान उन्होंने एडवांटेज असम 2.0 के तहत प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की, जिनकी स्थापना रिफाइनरी परिसर और अन्य स्थानों पर की जानी है।

# मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस आलाकमान की कठपुतली हैं: मंत्री प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

**बेंगलुरू/हुबली।** केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने सिर्फ नाम के लिए मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी का अध्यक्ष बनाया है। पार्टी हाईकमान उनके साथ कठपुतली जैसा व्यवहार कर रही है। हुबली में उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होने के बावजूद मल्लिकार्जुन खरगे को कांग्रेस आलाकमान ने सिर्फ नाम के लिए अधिकार दिए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और खड़गे की स्थिति अब एक जैसी हो गई है।

मल्लिकार्जुन खरगके के राज्य में मुख्यमंत्री का परिवर्तन हाईकमान के हाथ में है। हमें कुछ नहीं पता वाले बयान पर मंत्री ने कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ कैसा व्यवहार कर रही है और यह इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस में वरिष्ठ राजनेताओं की कद्र नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष का पद नाम मात्र के लिए दिया है। यह दुखद है कि उन्हें कोई निर्णय लेने का अधिकार दिए बिना कठपुतली की तरह उनके साथ व्यवहार किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस आलाकमान खुद भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। कोयला खनन घोटाले में नेता जेल जा चुके हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस सरकार में जितने घोटाले हुए, उतने कभी नहीं हुए उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के समय कोयला समेत किसी भी खदान का आवंटन मनमाने तरीके से होता था। लेकिन एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह और निर्देश के अनुसार खदानों के आवंटन को बेहद पारदर्शी बना दिया है। हर चीज को इस हद तक ऑनलाइन के दायरे में ला दिया है कि इसमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि कोयला खदानों के आवंटन में उनके राज में क्या हुआ? दुनिया जानती है। कोयला घोटाला उनकी सरकार के दौरान हुआ और केस तब दर्ज हुआ, जब एनडीए की सरकार सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि देश में बिजली उत्पादन में निवेश करने वाले देश-विदेश के सभी लोग आज खुश हैं। मंत्री ने आगे कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार की पोल उसके ही विधायकों ने खोल दी है। अवैज्ञानिक गारंटी के कारण नालों की सफाई के लिए भी पैसे नहीं हैं। खुद गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा है कि सरकार के पास राज्य के विकास के लिए पैसे नहीं हैं। एक-एक करके कांग्रेस विधायक राज्य सरकार के खिलाफ नाराजगी जता रहे हैं।



# अमरनाथ यात्रा मार्गों पर की गईं कई शीर्ष स्तरीय सुरक्षा व्यवस्थाएं, नो फ्लाई जोन घोषित

**श्रीनगर।** अमरनाथ के यात्रा मार्गों पर हाई-टेक गैजेट की तैनाती सहित कई शीर्ष स्तरीय सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। पहली बार यात्रा के पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर रणनीतिक स्थानों पर चेहरे की पहचान करने वाली प्रणाली (एफआरएस) लगाई गई है। इस तकनीक की स्थापना के परिणाम पहले ही सामने आ चुके हैं, जिसमें 19 जून को आतंकवादी संगठनों के दो ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) की गिरफ्तारी की गई है। सिस्टम की स्थापना में शामिल एक अधिकारी ने कहा कि जैसे ही कोई भी ब्लैक लिस्टेड व्यक्ति फ्रेम में आता है, सुरक्षा बलों द्वारा संचालित निगरानी केंद्र पर हूटर बज जाएगा, ताकि वास्तविक समय में खतरे को खत्म करने के लिए कदम उठाए जा सकें। इसके अलावा कश्मीर घाटी से गुजरने वाले पूरे यात्रा मार्ग को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है, क्योंकि अधिकारियों ने 1 जुलाई से 10 अगस्त तक इन क्षेत्रों में किसी भी यूएवी या ड्रोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। दक्षिण कश्मीर के हिमालय में भगवान शिव का निवास माने जाने वाले अमरनाथ जी के पवित्र गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और रक्षा बंधन के साथ 9 अगस्त को समाप्त होगी। इस साल यात्रा की अवधि पिछले साल के 52 दिनों के मुकाबले घटाकर 38 दिन कर दी गई है। लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा पिछले एक हफ्ते से बेस कैंप का दौरा करके तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। सिन्हा ने बालटाल बेस कैंप में संवाददाताओं से कहा कि मैंने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद मैं कह सकता हूं कि इस साल व्यवस्थाएं काफी बेहतर हैं। सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय अच्छा है और वे सभी सतर्क हैं। हालांकि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भी इस साल की तीर्थयात्रा के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है, लेकिन अधिकारी कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।




## मप्र के नर्मदापुरम में पेड से टकराई बेकाबू एम्बुलेंस, नवजात समेत परिवार के चार लोगों की मौत

एजेंसी

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में पिपरिया रोड़ पर एक निजी अस्पताल की तेज रफ्तार एंबुलेंस बेकाबू होकर सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में एम्बुलेंस में सवार नवजात, उसकी मां समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की।पिपरिया थाना पुलिस के अनुसार, अंजलि पत्नी अजय राजपूत निवासी ग्राम सर्रा किशोर की रविवार को पिपरिया के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। उसने बेटे को जन्म दिया था। सोमवार शाम को एंबुलेंस से वह अपने गांव सर्रा किशोर लौट रही थी। गाड़ी में अंजलि राजपूत, उसका नवजात बेटा और परिवार की दो महिलाएं आशा पति हीरालाल राजपूत (42) और रानू पति बलराम राजपूत (25) साथ में थीं। बताया जा रहा है कि बारिश के चलते एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।


हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने शवों और घायलों को वाहन से निकाला। एंबुलेंस ड्राइवर पुष्पराज पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से पिपरिया अस्पताल भेजा गया है।


## मेरे पर कोई दबाव नहीं, जिसने राजस्थान का पानी पिया वो दबाव में कैसे आ सकता है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि मैं ना दबाव में रहता हूं, ना दबाव देता हूं, ना दबाव में काम करता हूं, ना दबाव में किसी से काम कराता हूँ। उन्होंने कहा कि जिसने राजस्थान का पानी पिया है वो दबाव में कैसे आ सकता है धनखड़ ने सोमवार को कांस्टीट्यूशन क्लब में पूर्व विधायक संघ की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे थोड़ी सी चिंता हुई। मेरे स्वास्थ्य की नहीं, मेरे मित्र पूर्व मुख्यमंत्री की, जिन्होंने कहा कि हम दबाव में हैं। राजस्थान की राजनीति में वह मेरे सबसे पुराने मित्र हैं और मेरे बड़े भारी शुभचिंतक भी हैं। मैं सार्वजनिक रूप से कह रहा हूं, क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है। वो चिंतामुक्त हो जाएं-मैं ना दबाव में रहता हूँ, ना दबाव देता हूँ, ना दबाव में काम करता हूँ, ना दबाव में किसी से काम कराता हूँ। राज्यपाल की संवैधानिक स्थिति की चर्चा करते हुए उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि राज्यपाल जब प्रांत में होता है, तो ईजी पंचिंग बैग है। उन्होंने इस पर विचार रखते हुए कहा कि यदि राज्य की सरकार केंद्र सरकार के अनुरूप नहीं है तो आरोप लगना बहुत आसान हो जाता है, पर समय के साथ बदलाव आया और उपराष्ट्रपति भी इसमें जुड़ गया और राष्ट्रपति जी को भी इस दायरे में ले लिया गया है। यह चिंतन, चिंता और दर्शन का विषय है। ऐसा मेरी दृष्टि में होना उचित नहीं है।वर्तमान राजनीतिक माहौल पर चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ कहा, आज के दिन राजनीति का जो वातावरण है और जो तापमान है वो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। यह प्रजातंत्र के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है, चिंतन का विषय है। उन्होंने कहा, सत्ता पक्ष प्रतिपक्ष में जाता रहता है, प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष में आता रहता है, पर इसका मतलब ये नहीं है कि दुश्मनी हो जाए। दरार हो जाए, दुश्मन हमारे सीमापार हो सकते हैं, देश में हमारा कोई दुश्मन नहीं हो सकता। राष्ट्रीय भावना को दलगत राजनीति से ऊपर बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि? जब हम देश के बाहर जाते हैं तो ना पक्ष होता है न प्रतिपक्ष होता है, हमारे सामने भारतवर्ष होता है और यह अब दिखा दिया गया है। यह कदम हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है, राष्ट्रहित हमारा धर्म है, भारतीयता हमारी पहचान है, जहां भारत का मुद्दा उठेगा, हम विभाजित नहीं हैं।





# ...तो गंभीर रूप ले सकता है अनीमिया

**अनीमिया एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें शरीर के अंदर खून की कमी हो जाती है। अगर समय रहते इसका निंदान न किया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि आपको अनीमिया, उसके लक्षण व कारणों के बारे में पूरी जानकारी हो। साथ ही यह भी पता हो कि ऐसी कौन-सी चीजें हैं, जिन्हें खाने से अनीमिया को ठीक किया जा सकता है।**



## अनीमिया के लक्षण

सबसे पहले तो यह जानने की जरूरत है कि किन लोगों को अनीमिया आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकता है। ऐसे लोग जो लंबे समय से किसी बीमारी या इंफेक्शन का शिकार हैं उन्हें अनीमिया आसानी से हो सकता है। अनीमिया के कुछ प्रकार अनुवांशिक होते हैं, लेकिन यह खराब डायट और जीवनशैली की वजह से भी हो सकता है। बात करें इसके लक्षणों की, तो थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन का असामान्य होना, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि अनीमिया की तरफ इशारा करते हैं। इसके अलावा स्टूल के कलर में बदलाव, कम ब्लड प्रेशर, स्किन का ठंडा पड़ना, स्प्लीन का साइज बढ़ना भी अनीमिया के लक्षण हैं।

## ये लक्षण भी हैं खतरनाक

सिर, छाती या पैरों में दर्द होना, जीभ में जलन होना, मुंह और गला सूखना, मुंह के कोनों पर छाले हो जाना, बालों का कमजोर होकर टूटना, निगलने में तकलीफ होना, स्किन, नाखून और मसूड़ों का पीला पड़ जाना आदि कुछ ऐसे लक्षण हैं जो अनीमिया के एक गंभीर रूप की ओर इशारा करते हैं। अगर अनीमिया लगातार बना रहे तो डिप्रेशन का रूप ले सकता है।

## अनीमिया के प्रकार और कारण

अनीमिया 3 तरह का होता है– माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर। अगर बॉडी में हीमोग्लोबिन 10 से 11 के आसपास हो तो इसे माइल्ड अनीमिया कहते हैं। वहीं अगर हीमोग्लोबिन 8 से 9 होता है तो इसे मॉडरेट अनीमिया कहते हैं। जबकि सीवियर अनीमिया में हीमोग्लोबिन 8 से कम होता है। यह एक गंभीर स्थिति होती है, जिसमें मरीज की हालत के अनुसार खून चढ़ाने की भी नौबत आ जाती है। अनीमिया कई वजहों से हो सकता है। जैसे कि हेमरेज होने या फिर लगातार खून बहने की वजह से भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अलावा फॉलिक ऐसिड, आयरन, प्रोटीन, विटमिन सी और बी 12 की कमी हो जाए तो अनीमिया हो सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर फैमिली हिस्ट्री में ल्यूकेमिया या थैलीसीमिया की बीमारी रही है तो फिर उस स्थिति में अनीमिया होने के चांस 50 फीसदी तक बढ़ जाते हैं।

## आयरन की कमी से होता है अनीमिया

अनीमिया रक्त संबंधित बीमारी है जो महिलाओं में ज्यादा पायी जाती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण यह समस्या होती है। विटमिन बी12, फोलिक ऐसिड, कैल्शियम युक्त आहार आदि इससे बचाव करते हैं। इन चीजों से इस बीमारी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**रोज खाएं चुकंदर** – चुकंदर में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, इसे खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती। इसको रोज अपने खाने में सलाद या सब्जी बनाकर प्रयोग करने से शरीर में खून बनता है। चुकंदर की जड़ों को भी प्रयोग कर सकते हैं, इसमें विटमिन ए और सी होता है।

**अंजीर खाएं** – अनीमिया के लिए अंजीर काफी फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में विटमिन बी12, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फॉरस, पोटैशियम जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं जो खून की कमी को दूर करते हैं। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी मददगार है।

**टमाटर का सूप पिएं** – टमाटर में विटमिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें बीटा केरोटिन और विटमिन ई भी पाया जाता है जो आयरन की कमी को दूर करता है। टमाटर को सलाद के अलावा इसका सूप भी पी सकते हैं।

**अंडा खाएं** – अंडे में प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है, यह एक अच्छा ऐंटिऑक्सिडेंट भी है जो शरीर को बीमारियों से बचाकर आयरन की कमी दूर करने में मदद करता है। एक बड़े अंडे में 1 ग्राम आयरन होता है जो खून की कमी दूर करता है। अंडे को ब्रेकफस्ट में शामिल कर खून की कमी दूर करें।

**आयरन से भरपूर अनार** – अनार ऐसा फल है जिसमें विटमिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अनार का सेवन करने से शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है और यह अनीमिया से लड़ने में भी मदद करता है। इसके अलावा अनार कमजोरी और थकान को भी दूर करता है।

**फल और सब्जियां ज्यादा खायें** – अनीमिया से ग्रस्त लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वे फल और हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। फल जैसे खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, आदि खाने से शरीर में खून तेजी से बढ़ता है और अनीमिया की शिकायत दूर होती है।


## अनीमिया के बारे में खास बातें

अनीमिया मुख्य रूप से तीन तरह का होता है, लेकिन सबसे आम आयरन की कमी से होने वाला अनीमिया है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 90 फीसदी लोगों में यही अनीमिया होता है।

कुछ लोग आइस क्यूब बहुत खाते हैं। अगर ऐसा है तो फिर यह अनीमिया का लक्षण हो सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनीमिया की एक खास क्वॉलिटी भी होती है। अनीमिया मुख्य रूप से आयरन की कमी से होता है और जब शरीर में आयरन कम हो जाता है तो इंफेक्शन पैदा होने का खतरा नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर बैक्टीरिया अपनी पावर बढ़ाने के लिए आयरन पर निर्भर होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में अनीमिया होने का अत्यधिक खतरा रहता है। दुनियाभर में 40 फीसदी गर्भवती महिलाओं को अनीमिया होता है। वैसे तो गर्भवती महिलाओं में 20 से 30 फीसदी अधिक ब्लड सप्लाई होता है ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे को ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन मिले। लेकिन ऐसा हमेशा संभव नहीं हो पाता कि गर्भवती महिलाओं के शरीर में इतनी अत्यधिक मात्रा में ब्लड प्रड्यूस हो।



# वजन करना है कम या बीपी रखना है नॉर्मल तो रोज सुबह पिएं गर्म पानी

**शरीर के लिए पानी कितना अहम है इसके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर रोज सुबह खाली पेट आप गर्म पानी पिएं तो हेल्थ को कई फायदे होते हैं।**

## पाचन रहे दुरुस्त

गर्म पानी पाचन में मदद करता है। ऐसा खाना जिसे पेट आसानी से पचा नहीं पा रहा हो उसे ब्रेक करने और पचाने में गर्म पानी काफी मदद करता है, इससे पेट साफ रहता है और पाचन संबंधी कोई और समस्या परेशान नहीं करती।

## वेट लॉस

पाचन दुरुस्त रहे तो वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही में गर्म पानी फैट लॉस में भी मदद करता है।

## पेट दर्द व मरोड़ में राहत

पेट दर्द होने पर या मरोड़ चलने पर भी गर्म पानी काफी राहत देता है। हालांकि इसका ध्यान रहे कि पानी को धीरे–धीरे पिएं, एकदम से गर्म पानी पीना नुकसान कर सकता है। वहीं रोज सुबह गर्म पानी पिएंगे तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं।

## ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है

सुबह गर्म पानी पीने से ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन को सुधारने में भी मदद मिलती है, यह बीपी को नॉर्मल रखने में भी मदद करता है।

## गला रहेगा साफ

अक्सर सुबह उठने पर लोग कफ की शिकायत करते हैं, ऐसे में गर्म पानी पीने पर उन्हें राहत महसूस होगी। गर्म पानी कफ की समस्या को दूर कर गले को साफ रखता है।

## बॉडी होगी टॉक्सिन फ्री

शरीर के टॉक्सिन को बॉडी से बाहर निकालने में भी गर्म पानी काफी मदद करता है। यह न सिर्फ हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है बल्कि स्किन पर भी ग्लो लाता है।





# बेवजह न करें ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल

**बारिश का मौसम वैसे तो इंजॉय करने वाला मौसम होता है लेकिन अकसर यह बीमारियों वाला मौसम साबित हो जाता है। बरसात होने के बाद तपती गर्मी से राहत तो मिलती है लेकिन उमस के कारण इस मौसम में बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। इस कारण इस मौसम में कई बीमारियां फैलती हैं।**

बरसात के मौसम में पानी से फैलने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में ठीक होने के लिए लोग ऐंटिबायॉटिक्स का सहारा लेते हैं। अकसर लोग बिना डॉक्टर की सलाह के ही ऐंटिबायॉटिक्स ले लेते हैं। अगर आप भी बीमार पड़ने पर बिना डॉक्टर से पूछे ऐंटिबायॉटिक्स दवाइयां खाते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल आपको अन्य बीमारियों के प्रति असुरक्षित बना सकता है क्योंकि इससे कई अच्छे बैक्टीरिया मर जाते हैं। ज्यादा इस्तेमाल से शरीर में ऐंटिबायॉटिक्स के लिए प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है। ऐसे में हो सकता है कि जरूरत पड़ने पर शरीर को इसका फायदा न पहुंचे। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स खाने से बेहतर होगा कि आप बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक रहें और उनसे बचने की कोशिश करें।





# नानी ने शुरू की द पैराडाइज की शूटिंग

साउथ स्टार नानी की आगामी फिल्म 'द पैराडाइज' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म से जुड़ी हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। श्रीकांत ओडेला के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है।

## नानी ने शुरू की शूटिंग

नानी की मच अवेटेड फिल्म 'द पैराडाइज' के फैंस के लिए खुशखबरी है। इस फिल्म की शूटिंग अब शुरू हो चुकी है। 21 जून से शुरू हुई फिल्म की शूटिंग में अब आज नानी भी शामिल हो गए हैं। आज नानी का शूटिंग पर पहला दिन था। बीते एक हफ्ते में टीम ने फिल्म की कहानी में बचपन के किरदारों से जुड़े हिस्से की शूटिंग की है। 'द पैराडाइज' नानी और निर्देशक श्रीकांत ओडेला की दूसरी फिल्म है। हैदराबाद में 40 दिन का शेड्यूल जारी है, जिसमें लीड कास्ट के साथ कुछ अहम सीन शूट किए जा रहे हैं।

## मेकर्स ने शेयर की पोस्ट

मेकर्स की ओर से फिल्म से जुड़ी एक तस्वीर शेयर की गई है। सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा गया है 'धगड़ आ गया है।' इस तस्वीर में किसी का चेहरा नहीं दिख रहा है। सिर्फ एक पैर दिख रहा है। जिसमें पैंट और काले जूते नजर आ रहे हैं। जूतों में एक ब्रेसलेट जैसा कुछ पड़ा हुआ है। सामने एक शहर और कुछ झुग्गी झोपड़ियां नजर आ रही हैं।

26 मार्च 2026 को रिलीज होगी फिल्म 'द पैराडाइज' 26 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म को हिंदी समेत कुल आठ भाषाओं तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बांग्ला, इंग्लिश और स्पेनिश में रिलीज किया जाएगा।

## 'हिट 3' में नजर आए थे नानी

एक्टर नानी की बात करें तो वो इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'हिट 3' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ श्रीनिधि शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसे दर्शकों व क्रिटिक्स दोनों ने सराहा था।



# बिहार में फिल्म शूट करना चाहती हैं मल्लिका शेरावत

एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत शुक्रवार को पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचीं, जहां उन्होंने कहा कि वह रवि किशन की फैन हैं और मौका मिलने पर बिहार में फिल्म बनाएंगी। मल्लिका शेरावत ने बताया, मैं पहली बार बिहार आई हूं और यहां पर मुझे हर जगह एक्सप्लोर करना है। राज्य में हुए विकास को लेकर एक्ट्रेस ने कहा, बिहार काफी डेवलप हो चुका है। मैं एयरपोर्ट देखकर बहुत ही खुश और हैरान हूं कि इतना अच्छा एयरपोर्ट बना है। सड़कें और यहां के विकास को देखकर खुश हूं। कई शानदार फिल्मों में काम कर चुकीं मल्लिका ने बताया कि वह अभिनेता रवि किशन की प्रशंसक हैं और उनके साथ काम भी करना चाहती हैं। उन्होंने बताया, मुझे बिहार और यहां के कलाकार काफी पसंद हैं। मैं रवि किशन की फैन हूं और मौका मिला तो जरूर फिल्म बनाना चाहूंगी। मल्लिका हरियाणा के रोहतक से हैं। उनका असली नाम रीमा लांबा है। एक्ट्रेस के पिता चाहते थे कि वह आईएएस ऑफिसर बनें, लेकिन उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर बनाया। मल्लिका शेरावत कई शानदार फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जिनमें मर्डर, ख्वाहिशें, बचकर रहना रे बाबा, डर्टी पॉलिटिक्स, वेलकम, प्यार के साइड इफेक्ट्स, डबल धमाल, जीनत जैसी फिल्में शामिल हैं। वह कई हॉलीवुड फिल्म द मिथ, पॉलिटिक्स ऑफ लव और टाइम रेडर्स में भी काम कर चुकी हैं। हाल ही में मल्लिका शेरावत, राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आई थीं। इस फिल्म के जरिए मल्लिका ने लंबे समय के बाद कमबैक किया था।

# हुमा ने दो दिन में शूट किया 'मालिक' का गाना, एक पैसा भी नहीं लिया

राजकुमार राव की बहुप्रतीक्षित फिल्म मालिक में हुमा कुरैशी दिल थाम के गाने में नजर आई हैं। यह गाना अभी कुछ दिनों पहले ही रिलीज हुआ था, जिसमें एक्ट्रेस के डांस मूव्स और लुक्स को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। अब हुमा कुरैशी ने इस सॉन्ग को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या कहा।

## गाने के लिए नहीं ली एक भी फीस

हुमा कुरैशी हाल ही में एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने बताया कि दिल थाम के सॉन्ग को जब डायरेक्टर ने सुनाया तो उन्हें पंसद आ गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि फिल्म में शूटिंग करना दोस्तों के साथ काम करने जैसा लगा, इसलिए उन्होंने गाने के लिए हां कह दिया। आगे एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने इस गाने के लिए एक भी पैसा नहीं लिया। हुमा ने कहा, 'दोस्तों से कैसे पैसे ले सकते हैं? यह सिर्फ दो दिनों की शूटिंग थी, इसलिए मुझे लगा कि पैसे लेना वास्तव में जरूरी नहीं है।'

## 16 घंटे करने पड़ा काम

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'मैं यह कहकर चले जाने में विश्वास नहीं करती कि मेरी शिफ्ट खत्म हो गई है। मेरी कंडीशनिंग ऐसी है कि अगर मैं काम पर हूं, तो मैं अपना काम खत्म करूंगी और फिर चली जाऊंगी। तो हां, एक दिन यह 16 घंटे तक चला, लेकिन इसकी योजना नहीं थी।'

## हुमा कुरैशी का वर्कफ्रंट

फिल्म 'मालिक' के आइटम सॉन्ग के अलावा हुमा कुरैशी कई और प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी। वह फिल्म 'जॉली एलएलबी 3', 'टॉक्सिक', 'पूजा मेरी जान' और 'गुलाबी' जैसी फिल्मों का हिस्सा हैं। कुछ फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होंगी। इसके साथ ही आपको बताते चलें कि वह महारानी 4 में नजर आने वाली हैं।



# रवि किशन ने बताया कौन है उनका पसंदीदा अभिनेता

अभिनेता रवि किशन इंडस्ट्री का एक जाना-पहचाना नाम हैं। रवि किशन की गिनती अब इंडस्ट्री के सीनियर एक्टर्स में होती है। उनके डायलॉग और उनकी स्टाइल लोगों को काफी पसंद आती है। लेकिन रवि किशन का पसंदीदा अभिनेता कौन है? इसको लेकर उन्होंने जवाब दिया। रवि किशन ने बताया कि उनके जीवन में कई अभिनेताओं ने अपना अलग-अलग प्रभाव छोड़ा है। एक्टर ने कहा कि मुझे बलराज साहनी ने काफी प्रभावित किया है। उनका अभिनय कमाल का है। इसके अलावा रवि किशन ने दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, नसीरुद्दीन शाह, शाहरुख खान और इरफान खान जैसे अभिनेताओं का भी जिक्र किया। एक्टर ने कहा कि ये अभिनेता भी मुझे काफी पसंद हैं। इन सभी कलाकारों से कुछ न कुछ सीखने को मिला है। रवि किशन का कहना है कि हर किरदार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता रहता है।



# डेब्यू के समय ऋतिक से तुलना पर अभिषेक बच्चन बोले

अभिषेक बच्चन और ऋतिक रोशन ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत एक साथ ही साल 2000 में की थी। ऋतिक की फिल्म कहो ना प्यार है ब्लॉकबस्टर हुई, वहीं अभिषेक और करीना की फिल्म रिफ्यूजी फ्लॉप हो गई। अब इंटरव्यू में अभिषेक ने ऋतिक संग तुलना पर बात की। बातचीत में अभिषेक बच्चन से पूछा गया कि क्या ऋतिक रोशन के साथ एक ही समय पर डेब्यू करने पर उन्हें कभी उनसे जलन महसूस हुई। इसके जवाब में अभिषेक ने कहा, हां हमारी तुलना होती थी। लेकिन एक नए कलाकार के तौर पर मुझे कभी भी जलन महसूस नहीं हुई। मैंने कभी इसे उस नजरिए से नहीं देखा, क्योंकि मैंने कभी किसी को अपना मुकाबला नहीं समझा। और मैं ये घमंड से नहीं कह रहा, बल्कि इस सोच से कह रहा हूं कि मैं जो करता हूं, वो कोई और नहीं कर सकता और जो आप करते हैं, वो मैं नहीं कर सकता, क्योंकि मैं जैसा हूं, वैसा कोई और नहीं हो सकता। कलाकारों की तुलना करना मुझे ठीक नहीं लगता, क्योंकि यह कला के खिलाफ है। अब किसे पसंद करना है, वो आपकी अपनी पसंद है। अभिषेक ने आगे कहा, मैं इसका एक उदाहरण कला से देता हूं। मेरे दो पसंदीदा पेंटर सुभाष आवचट और परेश मैती हैं। मैं दोनों को बहुत पसंद करता हूं, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि इनमें से कौन बेहतर है, क्योंकि कला सबके अपने नजरिए की बात होती है। किसी को एक कलाकार ज्यादा पसंद आ सकता है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि वह दूसरे से बेहतर है। ऐसा कहना उनके अलग-अलग काम और शैली का अनादर होगा। अभिषेक का मानना है कि यही बात एक्टर्स पर भी लागू होती है। ऋतिक रोशन के साथ अमीषा पटेल ने भी डेब्यू किया था। अभिषेक ने ऋतिक की तारीफ करते हुए कहा, 'ऋतिक एक शानदार एक्टर हैं और मेरे अच्छे दोस्त भी। मैं सच में बहुत खुश हूं कि उन्होंने अब तक जितना कुछ हासिल किया है और जो आगे भी कर रहे हैं, वो काबिल-ए-तारीफ है। लेकिन उससे भी ज्यादा, मैं उन्हें इंसान के तौर पर पसंद करता हूं।'

# दिलजीत दोसांझ के सपोर्ट में उतरे इम्तियाज अली





फिल्म सरदार जी 3 में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर की कास्टिंग को लेकर दिलजीत दोसांझ विवादों में हैं। फिल्म संगठन लगातार उन्हें बॉर्डर 2 से हटाने की मांग कर रहे हैं। इस पूरे विवाद के बीच अब फिल्ममेकर इम्तियाज अली दिलजीत के समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने कहा दिलजीत में देशभक्ति का जज्बा पूरी तरह से भरा हुआ है। बातचीत में इम्तियाज अली ने कहा, 'मैं इस विवाद पर ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। लेकिन क्योंकि मैं दिलजीत को जानता हूं और मैं यकीन से कह सकता हूं कि उसमें देशभक्ति का जज्बा पूरी तरह से भरा हुआ है। वह जमीन से जुड़ा हुआ इंसान है। आप उसके हर कॉन्सर्ट में देख सकते हैं। वह हमेशा भारतीय झंडे के साथ मंच पर आता है।' इम्तियाज ने आगे कहा कि दिलजीत एक सच्चे इंसान हैं और किसी भी तरह की दिखावेबाजी या बनावटीपन से दूर रहते हैं। वे कोई भी काम किसी के कहने पर नहीं, बल्कि अपने दिल की आवाज़ सुनकर करते हैं। हर कॉन्सर्ट के अंत में वे गर्व से अपने पंजाबी होने का जिक्र करते हैं और भारतीय झंडा थामे देश के प्रति अपने सच्चे प्रेम को व्यक्त करते हैं। 'सरदार जी 3' में हानिया आमिर की कास्टिंग को लेकर उठे विवाद पर बात करते हुए इम्तियाज ने कहा कि कलाकार खुद कास्टिंग के फैसलों के लिए जिम्मेदार नहीं होते। उन्होंने कहा कि जो लोग दिलजीत की सच्चाई को समझते हैं, वे उनकी असली देशभक्ति को जरूर महसूस करेंगे।



# कृष्णा श्रॉफ से लेकर करण कुंद्रा तक, रियलिटी टीवी आइकॉन जिनकी वापसी की उम्मीद

**कृष्णा श्रॉफ, निया शर्मा, रित्विक धनजानी और भी कई सितारे जिन्होंने रियलिटी टीवी पर छोड़ी गहरी छाप, और वे वापसी के बिल्कुल हकदार हैं। कभी फियरलेस तो कभी फैन-फेवरेट- कृष्णा श्रॉफ, तेजस्वी प्रकाश, एली गोनी, ऋत्विक धनजानी, करण कुंद्रा और निया शर्मा ने रियलिटी टीवी पर राज किया और अब उनकी वापसी बनती है।**

रियलिटी टीवी ने हमें कुछ ऐसे चेहरे दिए हैं जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन सितारों ने हर एपिसोड में जोश, जज़्बा, जीतने की चाह और जबरदस्त एनर्जी भरी जो अब तक दर्शकों के दिलों में बसी है। चाहे कृष्णा श्रॉफ हो या निया शर्मा, तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, अली गोनी या फिर ऋत्विक धनजानी — जब भी ये सितारे किसी रियलिटी शो का हिस्सा बने, मीडिया और दर्शक दोनों ही उनके स्टाइल, स्ट्रैटेजी और स्क्रीन प्रेजेंस के दीवाने हो गए। और बार-बार, नेटिज़ेंस चाहते हैं कि ये नाम नए रियलिटी शो के स्क्रीन पर वापस आएं और अधिक रियलिटी कंटेंट में भाग लें।

**कृष्णा श्रॉफ:** उन्होंने खतरों के खिलाड़ी में अपने निडर एटीट्यूड और फिटनेस फर्स्ट पर्सनैलिटी से ज़बरदस्त और प्रभावशाली छाप छोड़ी। और प्रशंसक अब स्क्रीन पर उनकी वही डैयरिंग और एनर्जेटिक मौजूदगी देखना चाहते हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि चाहे वो एक धमाकेदार एंट्री हो या वाइल्ड कार्ड के ज़रिए वापसी करें।



**निया शर्मा:** बोल्ड, बेबाक और हमेशा देखने लायक निया शर्मा ने खतरों के खिलाड़ी और झलक दिखला जा जैसे शोज़ में खुद का एक अलग मुकाम बनाया। उनका नो-फिल्टर एप्रोच आज भी फैंस को आकर्षित करता है, और उनकी वापसी की मांग लगातार बढ़ रही है।




**तेजस्वी प्रकाश:** उनकी दिल जीत लेने वाली और रिलेटेबल पर्सनैलिटी ने खतरों के खिलाड़ी और बिग बॉस में उन्हें एक ब्रेकआउट स्टार बना दिया। फैंस ने तुरंत उनके नैचुरल चार्म से कनेक्ट कर लिया। तेजस्वी की रियलिटी टीवी पर वापसी कुछ ऐसी है जिसके लिए उनके बड़े प्रशंसक ऑनलाइन अभियान चला रहे हैं, खासकर बिग बॉस की ट्रॉफी जीतने के बाद।



**करण कुंद्रा:** शांत लेकिन प्रभावशाली करण कुंद्रा ने बिग बॉस में अपनी पंजाबी एनर्जी और संतुलित व्यक्तित्व से दर्शकों का दिल जीत लिया। फैंस को अब उनकी एक सोलो वापसी, या यहां तक कि एक नए अवतार में, कुछ ऐसा है जिसे प्रशंसक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि केके ने अभी तक अपनी पूरी रियलिटी टीवी क्षमता नहीं दिखाई है।

**एली गोनी:** उनकी भावनात्मक रूप से खुले और मज़ाकिया अंदाज़ के साथ अली गोनी बिग बॉस में छा गए थे। चाहे राहुल वैद्य और जैस्मिन भसीन के साथ उनकी बॉन्डिंग हो या उनकी ईमानदारी फैंस आज भी उनके उन पलों को याद करते हैं। उनकी वापसी की मांग आज भी उतनी ही ताज़ा है।



**ऋत्विक धनजानी:** बेजोड़ करिश्मा और बहुमुखी प्रतिभा के साथ ऋत्विक ने झलक दिखला जा से लेकर खतरों के खिलाड़ी तक हर फॉर्मेट में जान डाल दी। उनके चार्म, गुड लुक्स और चुटीले अंदाज़ को लेकर फैंस हमेशा उत्साहित रहे हैं। हर शो में उन्होंने 100% दिया है, और दर्शकों की राय में उनके बिना रियलिटी शो अधूरा लगता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बर्मिंघम (ईएमएस)। भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है।

एजबेस्टन क्रिकेट मैदान की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। शुरुआत के दो दिन भले ही ड्यूक गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। अगर बादल छाए रहे, तो तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। यहां मुकाबले के दूसरे और तीसरे दिन पिच नरम हो जाती है, जबकि चौथे और पांचवें दिन पिच पर दरारें और खुरदरे पैच नजर आने लगते हैं, जिससे स्पिनरों को सहायता मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार मैच के पहले दिन बारिश की आशंका है। यहां खेल शुरू होने से पहले मौसम खराब हो सकता है। वहीं दूसरे दिन बीच-बीच में बादल आने की आशंका है। मुकाबले के तीसरे दिन बादल छाए रह सकते हैं। चौथे-पांचवें दिन बारिश के कारण खेल में आ सकती है बाधा आ सकती है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), साईं सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अभिमन्यु ईश्वरन, ।

**इंग्लैंड अंतिम ग्यारह**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में इंग्लैंड का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

# 11 लोगों की मौत का मामला : भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार, कैट ने कहा- पुलिस के पास जादुई शक्तियां नहीं हैं



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए मंगलवार को प्रथम दृष्ट्या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे।

कैट ने कहा, 'इसलिए प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए RCB जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली।' कैट ने अपने अवलोकन में कहा, 'अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।' आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

कैट ने कहा, '04.06.2026 को समय की कमी के कारण, पुलिस उचित व्यवस्था करने में असमर्थ थी। पुलिस को पर्याप्त समय नहीं दिया गया। अचानक RCB ने बिना किसी पूर्व अनुमति के उपरोक्त प्रकार का बखेड़ा किया। पुलिस कर्मी भी इंसान हैं। वे न तो भगवान हैं और न ही जादूगर और न ही उनके पास 'अलाद्दीन का चिराग' जैसी जादुई शक्तियां हैं जो केवल उंगली रगड़ने से किसी भी इच्छा को पूरा कर सकती हैं।'

RCB प्रबंधन इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करने के लिए उपलब्ध नहीं था। इससे पहले इस घटना के संबंध में RCB और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ आरोप लगाए गए थे जिसके कारण KSCS सचिव ए. शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने इस्तीफा दे दिया था।

# मंधाना आईसीसी रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची




**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रैंकिग में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मंधाना को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की सीरीज के पहले मैच में शतक का लाभ मिला है। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी करते हुए टीम को जीत दिलायी थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारतीय टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी।

मंधाना के अब सबसे अधिक 771 रेटिंग अंक हो गये है। ये उनके करियर की सबसे बेतर रैंकिंग है। वहीं वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं भारत की ही शेफाली वर्मा एक स्थान के लाभ के साथ ही 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान जबकि पाकिस्तान की स्पिनर सादियो इकबाल नंबर एक पर है।

# दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, ऋषभ पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (DDCA) ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग (DPL) में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।



दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। DPL की वापसी पर बोलते हुए DDCA के अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं DPL के जरिए उभरीं और IPL 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन 2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'


गौरतलब है कि डीपीएल का सीजन 2 एक बार फिर नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। DDCA ने कहा कि खिलाड़ियों की नीलामी पूरी होने के बाद मैच की तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

# स्मिथ को दूसरे टेस्ट के लिए वापसी की उम्मीद

ब्रिजटाउन ।ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट हो जाएंगे। स्मिथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के बाद से ही खेल से दूर हैं। इसी कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाये हैं। स्मिथ अब अपनी चोट से उबर गये हैं और नंबर 4 पर खेलने की तैयारी में लगे हैं। वह अपनी टीम के साथ भी जुड़ गये हैं। उनके अब अभ्यास सत्र में भी शामिल होने की संभावना है। जिससे वह अपनी लय हासिल कर सकें। स्मिथ को उनकी चोटिल उंगली के लिए एक पतली पट्टी लगाई जाएगी जिससे वह स्लिप में फील्डिंग नहीं कर पाएंगे पर बल्लेबाजी करते समय उन्हें शायद ही कोई परेशानी हो। स्मिथ ने कहा, मेरे लिए, यह सामान्य प्रशिक्षण की तरह ही महसूस होगा। मुझे वास्तव में कोई दर्द या कुछ भी महसूस नहीं होता है और पट्टी से भी अधिक परेशानी नहीं हो रही है हालांकि स्लिप की जगह पर अन्य जग हों पर फील्डिंग करना उनके लिए अजीब होगा। स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी का मतलब है कि रिजर्व बल्लेबाज जोश इंगलिस को बाहर बैठना होना पड़ेगा। जोस पहले टेस्ट में केवल 5 और 12 रन ही बना पाये थे। ऐसे में उनका बाहर होना तय है। उनके अलावा सैम कोंस्टास और नंबर 3 कैमरून ग्रीन भी असफल रहे थे। स्मिथ को उम्मीद है कि वह शीर्ष क्रम में फिर वापसी कर सकेंगे। वहीं उनका मानना ??है कि कोंस्टास और ग्रीन आगे इस सीरीज में अच्छा स्कोर करेंगे। स्मिथ ने कहा, ये लोग अच्छे खिलाड़ी हैं, हमें बस उन्हें एक मौका देने की जरूरत है।

# संन्यास से पहले ये बड़ा काम करना चाहते हैं नाथन लियोन, भविष्य को लेकर बताया प्लान

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं।37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, 'मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं।'



उन्होंने कहा, 'हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है। इसके बाद एशेज खेलनी है। मेरी नजरें एक और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल पर भी है।' लियोन ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में 'सांग मास्टर' का अपना काम विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को सौंप दिया है जिन्होंने वेस्टइंडीज पर पहले टेस्ट में 159 रन से जीत के बाद यह जिम्मेदारी निभाई। ऑस्ट्रेलिया की हर जीत के बाद यह गीत 'अंडरनीथ द सदर्न क्रॉस' गाया जाता है जो सांग मास्टर शुरू करता है। रॉड मार्श ने यह परंपरा शुरू की और पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने लियोन को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। लियोन ने कहा, 'मैने 12 साल तक यह जिम्मेदारी निभाई। यह मेरे करियर की बड़ी उपलब्धि रही लेकिन इसे छोड़ने का मतलब यह कतई नहीं है कि मैं संन्यास ले रहा हूं।'

# अर्शदीप सिंह नहीं, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह की जगह ले सकता है ये गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीड्स में करारी हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए शुभमन गिल की प्लेइंग इलेवन में फेरबदल होने की संभावना है। चौथी पारी में लंच के बाद प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़ दें तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण एक बार फिर वन-मैन आर्मी रहा। भारत को पहले मैच में दबदबा बनाए रखने के बावजूद 5 विकेट से हार का सामना पड़ा था।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तरह जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत को प्रासंगिक बनाने के लिए संघर्ष किया। हालांकि उनके कार्यभार की समस्याओं को देखते हुए भारत उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए आराम दे सकता है। लेकिन उनकी जगह कौन लेगा? ऐसा लगता है कि आकाश दीप सबसे आगे हैं।



हर्षित राणा को टीम से जाने देने के बाद भारत के पास बेंच पर बहुत अधिक तेज गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध नहीं हैं। आकाश दीप और अर्शदीप सिंह दो अच्छे विकल्प बने हुए हैं। चोट से उबरने के बावजूद आकाश दीप एक और हिट-द-डेक विकल्प प्रदान करता है और प्रसिध जैसे किसी खिलाड़ी के साथ साझेदारी में काम कर सकता है। इस बीच अर्शदीप के पास काउंटी क्रिकेट का अनुभव है और वह सीम और स्विंग निकालने में माहिर है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, दाएं हाथ के आकाश दीप के बुमराह की जगह लेने की संभावना सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'आकाशदीप को बुमराह की जगह लेने की संभावना है, न कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की।'

वहीं इंग्लैंड ने सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। जोफ्रा आर्चर जिसका टीम में शामिल होता लगभग तय था, वह परिवार में इमरजेंसी के कारण प्लेइंग 11 में जगह नहीं बना पाए।

# श्रेयस घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलते दिखे



मुम्बई ।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलने का एक प्यारा वीडियो आया है , इसमें श्रेयस मां की गेंदबाजी पर बोल्ड होते दिख रहे हैं। ये वीडियो पंजाब किंग्स ने साझा किया है।इससें लिखा है, केवल प्रकार से बोल्ड होने पर श्रेयस को बुरा नहीं लग रहा होगा।इस वीडियो पर प्रशंसकों ने भी कई मजेदार कॉमेंट्स किए हैं।एक ने लिखा है, गेंद हो या चप्पल, मां का निशाना कभी गलत नहीं होता। सोशल मीडिया में साझा किए गए इस वीडियो में दिख रहा है कि श्रेयर घर की गैलरी में बल्लेबाजी कर रहे हैं और गेंदबाजी उनकी मां के हाथों में है।पहली गेंद फुल टॉस और अय्यर उसे खेलने में सफल होते हैं पर दूसरी गेंद पर वह विफल हो जाते हैं। गेंद उनके बल्ले के पास से निकलकर स्टंप से टकरा जाती है।उसके बाद उनकी मां खुशी से दोनों हाथ हवा में उठाकर नाचने लगती हैं।बोलती हैं आउट।यह वीडियो जितना प्यारा है, उस पर प्रशंसकों ने भी उतना ही प्यार लुटाया है।इसके कॉमेंट भी काफी प्यारे और मजेदार हैं।एक प्रशंसक ने दिल के इमोजी के साथ लिखा, मां के जश्न को तो देखिए।एक अन्य ने लिखा, मां को कम मत समझिये वह हमेशा ही एक संपूर्ण गेंदबाज हैं।



# दूसरे टेस्ट में सुदर्शन को शायद ही अवसर मिले, करुण बल्लेबाजी में तीसरे नंबर पर उतरेंगे !

बर्मिंघम ।यहां बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के बदलावों के साथ उतरने की संभावना है।इसमें पहले टेस्ट में विफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट में शायद ही जगह मिले।वहीं बल्लेबाज करुण नायर को नंबर 3 पर भेजा जा सकता है।वहीं ऑलराउंडर शार्दुल की जगह नीतीश रेड्डी का खेलना तय है। शार्दुल पहले मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही विफल रहे थे , नीतीश गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी करते हैं।वहीं स्पिन ऑलराउंर के तौर पर रविन्द्र जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर को अवसर मिल सकता है।स्पिनर कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना बेहद कम है क्योंकि सुंदर स्पिनर के साथ ही एक अच्छे बल्लेबाज भी हैं। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जाएगा।उनकी जगह पर आकाशदीप सिंह को अवसर मिल सकता है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव एमपीओए के मुख्य संरक्षक बने

## -मेंदोला फिर बने एमपीओए के अध्यक्ष

भोपाल । मुख्यमंत्री मोहन यादव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ (एमपीओए) के मुख्य संरक्षक होंगे जबकि केबिनेट मंत्री कैलास विजयवर्गीय संरक्षक होंगे। वहीं रमेश मेंदोला एक बार फिर एमपीओए के अध्यक्ष बने हैं जबकि प्रशांत सिंह और विष्ण दत्त शुर्मा उपाध्यक्ष बने हैं। दिग्विजय सिंह को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेंदोला और दिग्विजय अगले चार साल तक अपने-अपने पदों पर बने रहेंगे।वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में पदाधिकारियों के नामों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के नामों पर सहमति बनी जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में जीतू जिराती का नाम तय हुआ है। एमपीओए की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में 29 पदाधिकारियों के नाम घोषित किये गये ।इस बैठक में सबसे पहले पिछले एजेंडे पर चर्चा-विमर्श किया गया और इसके बाद सदन की राय के बाद और नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए पदाधिकारियों के नामों की घोष्णा की गयी। इसमें वर्तमान अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह सहित 29 सदस्यीय शीर्ष पदाधिकारियों के नामों पर एक आम राय बनी।वही नई कार्यकारिणी में कोई अन्य बदलाव नहीं हुआ है। एमपीओए की इसव बैठक में एजीएम में अगले चार साल के लिए शीर्ष पदों के लिए निर्विरोध रूप से पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लगी है।इसमें करीब 33 मध्य प्रदेश राज्य खेल संघों और 14 जिला ओलंपिक संघ के 80 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। अब अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत 29 पदाधिकारी एमपीओए का कामकाज संभालेंगे।

# भारत को सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा: रवि शास्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे महत्वपूर्ण टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए संदेश साझा करते हुए कहा कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम को पांच मैचों की सीरीज में वापसी के लिए तुरंत जवाबी हमला करना होगा। भारत को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा था और अब एजबेस्टन में होने वाले मैच से पहले उसे जल्दी से जल्दी एकजुट होने की जरूरत है, क्योंकि इस मैच में जीत से यह तय हो सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कौन जीतेगा।

शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू से कहा, 'भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह तुरंत जवाबी हमला करे। जब आप इस तरह का टेस्ट मैच हारते हैं, जिसमें आप ज्यादातर समय हावी रहते हैं और फिर आखिरी दिन बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार जाते हैं और इंग्लैंड को अपना संयम बनाए रखने के लिए पूरे अंक मिलते हैं, तो सीरीज में वापसी करने के लिए आपको काफी जज्बे की जरूरत होती है।' अभी भी सवाल बना हुआ है कि क्या तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत दूसरे टेस्ट के लिए मौका देगा, क्योंकि उनके कार्यभार को मैनेज किया जा रहा है। शास्त्री ने कहा, 'अब, बुमराह खेलेंगे या नहीं, यह तो कोई नहीं जानता। लेकिन उम्मीद करते हैं कि वह खेलेंगे, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है और सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। बस आपको एक बार में एक मैच पर ध्यान देना है। यह पांच मैचों की सीरीज है और भारत वापसी की उम्मीद कर रहा होगा।'

शास्त्री का मानना है कि नवनियुक्त कप्तान गिल ने सीरीज के पहले मैच में भारत की हार से बहुत कुछ सीखा होगा और उम्मीद है कि युवा कप्तान सीरीज के बाकी मैचों में अधिक सक्रिय रहेंगे। शास्त्री ने कहा, 'लोग कहते हैं कि वह थोड़ा प्रतिक्रियाशील था और ऐसा तब हो सकता है जब आप अपना पहला टेस्ट मैच (कप्तान के तौर पर) खेल रहे हों और खास तौर पर जब बल्लेबाजी के लिए अच्छी परिस्थितियां हों और आउटफील्ड तेज हो तो चीजें इस तरह से हो सकती हैं। लेकिन उसने इससे बहुत कुछ सीखा होगा और अब जब मौका आएगा तो वह थोड़ा और सक्रिय होना चाहेगा, जिसका मतलब है कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों को उसे वह समर्थन देना होगा। उन्हें पता होना चाहिए कि उनकी भूमिका क्या है और उन्हें मैदान पर उतरकर उसे अंजाम देना चाहिए।'

